संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार, 18 दिसंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को भारत मंडपम में नौंवे राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में कारीगरों से बात करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 17 अंकः 337 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# मोदी ने 'सूरत डायमंड बोर्स' का किया उद्घाटन

= 15 मंजिलों वाले 9 टॉवर, ये सबसे बड़ी इंटरकनेक्टेड बिल्डिंग, 4500 से अधिक दफ्तर

**उद्घाटन**

8 सूरत हवाईअड्डे पर नए टर्मिनल का उद्घाटन किया
8 आठ किलोमीटर के रोड शो में जगह-जगह हुआ स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को विश्व के सबसे बड़े हीरा ट्रेडिंग हब के तौर पर सूरत डायमंड बुर्स का उद्घाटन किया। इससे पूर्व उन्होंने सुबह सूरत हवाईअड्डे पर नए टर्मिनल का उद्घाटन किया। हवाईअड्डे पर उन्होंने नए टर्मिनल का भी निरीक्षण किया। हवाईअड्डे के अधिकारी ने उन्हें नए टर्मिनल की खासियत बताई। इसे बाद वे सूरत डायमंड बुर्स के लिए रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने 8 किलोमीटर का रोड शो किया। हवाईअड्डे से लेकर सूरत डायमंड बुर्स तक 8 किलोमीटर रूट पर दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग उमड़े। प्रधानमंत्री बंद कार में लोगों का अभिवादन स्वीकार कर आगे बढ़ते रहे। यहां महिलाओं ने मोदी के स्वागत में नारे लगाए, गीत गाए। महिलाओं ने ढोल-बाजों के साथ भजन भी गाए। जगह-जगह भारत माता की जय, वंदे मातरम के साथ शंखनाद किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत के लिए भाजपा शहर संगठन की ओर से 12 विधायकों को 6 स्वागत प्वॉइंट की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। रोड के दोनों ओर लोगों की भीड़ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक झलक के लिए आतुर हो रही थी। सुरक्षा को लेकर भी प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था की। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए एस के नगर चौराहे पर प्रथम स्वागत प्वॉइंट पर बच्चों समेत बड़ी संख्या में लोग भाजपा के खेस, टोपी और भाजपा का झंडे लेकर खड़े रहे। पूरे रूट को सजाया गया। सड़क किनारे बांस का बेरिकेट बनाए गए, जिससे लोग सड़क पर नहीं




## प्रधानमंत्री विकसित भारत संकल्प यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के नदेसर स्थित छोटा कटिंग मेमोरियल परिसर में नगरीय क्षेत्र की विकसित भारत संकल्प यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। इसमें प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वयं निधि, आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण योजना आदि के लाभार्थी शामिल रहे। प्रदर्शनी में



छात्रों और लाभार्थियों से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री उत्साहित दिखे। उन्होंने अलग-अलग योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों के अनुभव और जीवन में आए बदलाव की जानकारी ली।

प्रधानमंत्री से बातचीत के बाद लाभार्थियों का उत्साह देखते बन रहा था। विकसित भारत संकल्प यात्रा में अलग-अलग योजना के स्टॉल लगाए गए हैं। यहां से प्रधानमंत्री मोदी नमो घाट पर आयोजित काशी तमिल संगमम् कार्यक्रम में शामिल होंगे और लोगों से संवाद करेंगे। बरेका अतिथिगृह में रात्रि विश्राम करेंगे। प्रधानमंत्री 18 दिसंबर की सुबह 10.45 बजे हेलीकॉप्टर से उमरहां स्थित स्वर्वेद महामंदिर जाएंगे। मंदिर का उद्घाटन करने के बाद अवलोकन भी करेंगे। दोपहर करीब एक बजे सेवापुरी बरकी गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लेंगे। यहां भी वह खिलाड़ियों व विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से वातार्लाप व जनसभा को संबोधित करेंगे।

## मोदी ने सूरत एयरपोर्ट पर नए एकीकृत टर्मिनल भवन का किया उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज (रविवार) गुजरात के सूरत में हवाई अड्डे के नए एकीकृत टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल उनके साथ रहे। टर्मिनल भवन व्यस्त घंटों के दौरान 1200 घरेलू यात्रियों और 600 अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को संभालने की क्षमता रखता है । इसमें सर्वाधिक व्यस्त घंटों के दौरान की क्षमता को 3000 यात्रियों तक बढ़ाने का प्रावधान है। साथ ही वार्षिक प्रबंधन क्षमता 55 लाख यात्रियों तक बढ़ जाएगी। यह टर्मिनल भवन एक तरह से सूरत शहर का प्रवेश द्वार है। इसलिए इसे स्थानीय संस्कृति और विरासत के साथ डिजाइन किया गया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि यहां पहुंचे आगंतुकों को आंतरिक और बाहरी दोनों संस्कृतियों का प्रतिबिंब देखने को मिले। और उनमें स्थानीय स्थल के प्रति आकर्षण का भाव उत्पन्न हो। अत्याधुनिक टर्मिनल भवन के अग्रभाग को इस तरह से डिजाइन किया जा रहा है कि सूरत शहर के 'रांदेर' क्षेत्र के पुराने घरों की समृद्ध और पारंपरिक लकड़ी के काम का अनुभव यात्रियों के मिल सके। जीआरआईएचए चतुर्थ के अनुरूप हवाई अड्डे का नया टर्मिनल भवन डबल इंसुलेटेड रूफिंग सिस्टम, ऊर्जा बचत के लिए कैनोपी, गर्मी को कम करने वाली डबल ग्लेजिंग यूनिट, वर्षा जल संचयन, जल उपचार संयंत्र, सीवेज उपचार संयंत्र और भू-निर्माण और सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए पुनर्नवीनीकरण जल के उपयोग के अलावा अन्य दूसरी सुविधाओं से सुसज्जित है।

**जानकारी**

8 टर्मिनल भवन व्यस्त घंटों के दौरान 1200 घरेलू यात्रियों और 600 अंतराष्ट्रीय यात्रियों को संभालने की क्षमता रखता है

**फास्ट न्यूज**

### बीएसएफ जवानों पर बांग्लादेशी तस्करों ने किया जानलेवा हमला

**कोलकाता** : भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बांग्लादेशी तस्करों ने तारबंदी काटकर तस्करी करने की कोशिश की और बीएसएफ के जवानों ने जानलेवा हमला कर दिया। जवान को आत्म रक्षा के लिए जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी, जिसमें दो बांग्लादेशी तस्कर ढेर हो गए। बीएसएफ के अधिकारियो से मिली जानकरी के अनुसार, यह घटना शनिवार को रात करीब 9.30 बजे की है। दक्षिण बंगाल सीमांत के अंतर्गत 32 वाहिनी (जिला नदिया) की सीमा चौकी गोविंदपाडा के जवान ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लोगों के समूह को नई तारबंदी काटते देखा और रोका, लेकिन तस्कर नहीं रुके। इस पर जवानों ने हवाई फायर किए। वे फिर भी नहीं माने। जब जवानों ने उनको पकड़ने की कोशिश की तो 15 से 16 तस्कर हाथापाई पर उतर आए।

### मराठा आरक्षण पर जरांगे का सरकार को अल्टीमेटम

**मुंबई** : मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने रविवार को एक बार फिर राज्य सरकार को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर वह आरक्षण की मांगों को पूरा करने में विफल रहती है तो उनका समुदाय तेईस दिसंबर को बीड़ में एक बैठक करेगा और अपने अगले कदम की रूपरेखा तैयार करेगा। जरांगे ने जालना जिले के अंतरवाली सराटी गांव में एक बैठक के दौरान पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे 18 दिसंबर को विधानसभा में बयान देने वाले हैं। विधानसभा का शीतकालीन सत्र नागपुर में चल रहा है। कार्यकर्ता ने दावा किया कि राज्य के मंत्री उदय सामंत ने सुबह उन्हें फोन किया और आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, सरकार ने कानून पारित करने के लिए एक महीने का समय मांगा था। लेकिन, अगर वह इसका पालन करने में विफल रहती है तो अगली रणनीति 23 दिसंबर को बीड में तय की जाएगी। जरांगे ने एलान किया कि अगर सरकार आरक्षण की मांग को पूरा करने में विफल रहती है तो आंदोलन जारी रहेगा। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में शामिल करने के लिए कुनबी प्रमाण पत्र जारी करने और उसके

## 'दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनने जा रहा भारत'

आज अटल जी होते तो वह देख पाते कि भारत आज दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था है

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लखनऊ के राजाजीपुरम में आयोजित अटल स्वास्थ्य मेले का रविवार को उद्घाटन किया। इस अवसर पर धनखड़ ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनने जा रहा है। आज अटल जी होते तो वह देख पाते कि भारत आज दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था है। आज दुनिया हमारा लोहा मान रही है। आने वाले पांच साल में जापान और जर्मनी को हम पीछे छोड़ देंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उप



मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। उप राष्ट्रपति ने कहा कि अटल जी बहुत याद आते हैं। अटल जी सिद्धांतों पर अटल रहे। मैं जब केंद्र में मंत्री था, मुझे यूरोप की संसद में जाने का अवसर मिला। मुझे 15 दिनों तक अटल जी का सानिध्य मिला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला आरक्षण विधेयक पास कराकर महिलाओं को न्याय देने का काम किया। इस कदम से दुनिया आश्चर्यचकित है।
अब लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई प्रतिनिधित्व मिलेगा। यह बहुत बड़ा क्रांतिकारी कदम है। यह आरक्षण सामाजिक न्याय का प्रतीक है। धनखड़ ने कहा कि आज की जो शासन व्यवस्था है उसकी प्राथमिकता में स्वास्थ्य है।

## तमिलनाडु में फिर से आफत, भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**चेन्नई** : तमिलनाडु के कुछ इलाकों में अगले सात दिनों तक भारी बारिश की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को इससे जुड़ी चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले सात दिनों तक तमिलनाडु राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश होने के आसार हैं।
वहीं चक्रवाती परिसंचर के कारण रविवार को दक्षिणी तमिलनाडु में भारी बारिश हुई। कई इलाके और घर जलमग्न हो गए। वहीं थमिराबरानी नदी उफान पर है।

## 'कोर्ट में जमानत याचिकाओं का तेज निपटारा करें'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देश की अदालतों में यूं तो लाखों मुकदमे लंबित हैं लेकिन जमानत याचिकाओं पर सुनवाई और उनके निपटारे में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। शीर्ष अदालत की खंडपीठ ने कहा है कि देशभर के उच्च न्यायालयों में लंबे समय से लंबित जमानत याचिकाओं को जल्द सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। जस्टिस सीटी रवि कुमार और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट में जमानत की याचिकाओं को जल्द सूचीबद्ध करते हुए इनका तेजी से निपटारा करना चाहिए। धोखाधड़ी के मामले में जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की



पीठ ने कहा, शीर्ष अदालत पहले भी स्पष्ट कर चुकी है कि जमानत याचिका या अग्रिम जमानत की अपील 'निजी स्वतंत्रता' से जुड़ा मुद्दा है।
ऐसे में इन मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सूचीबद्ध करना चाहिए। अदालत ने हाईकोर्ट में जमानत याचिकाओं पर जल्दी सुनवाई और तेजी से निपटाने का आह्वान करते हुए कहा, सभी उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल को आदेश की प्रति मुहैया कराई जाएगी। 11 दिसंबर को पारित आदेश में शीर्ष अदालत ने कहा कि देशभर के हाईकोर्ट में शीर्ष अदालत के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के आदेश के बाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचे याचिकाकताओं के मामले पर शीर्ष अदालत की खंडपीठ ने कहा, उच्चतम न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के बावजूद जमानत के मामलों का तेजी से निपटारा नहीं किया जा रहा है।

## सीएम की इस मांग से आप-कांग्रेस में पड़ेगी रार...

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
पंजाब के राजनीतिक गलियारों में इन दिनों आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच लोकसभा चुनाव से पहले गठबंधन की चर्चा हो रही है। इस बीच रविवार को पंजाब में सियासी पारा सरगर्म रहा। बठिंडा में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की अलग-अलग रैली में एक-दूसरे पर निशाना साधा गया। एक ओर जहां मेहराज गांव में नवजोत सिंह सिद्धू गरजे तो दूसरी तरफ आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब सीएम भगवंत मान ने कई बड़ी सौगातें लोगों को दीं। राष्ट्रीय



पटल पर भले ही कांग्रेस और आप एक ही गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा हैं लेकिन पंजाब में दोनों के बीच अभी बात नहीं बन रही है। लोकसभा चुनाव से पहले पंजाब में गठबंधन की चचाओं के बीच अरविंद केजरीवाल ने इशारों-इशारों में बड़ी बात कह दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी का काम देखने के बाद पंजाब की जनता ने 117 विधानसभा सीटों में से 92 पर आम आदमी पार्टी को जीत दिलाई है। मेरा दिल कह रहा है कि अगले विधानसभा चुनाव में पंजाब की जनता 110 से अधिक सीटों पर जिताएगी, क्योंकि भगवंत मान सरकार ने इतना शानदार काम किया है। इस बीच केजरीवाल ने पंजाब की जनता के सामने बड़ी मांग रख दी। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ की एक और पंजाब की 13 की 13 सीटें हमें दीजिए। हम रंगला पंजाब बनाएंगे।

## धमाके के बाद अपनों के अंतिम दर्शन को तरसे परिजन

**टीम एक्शन इंडिया/नागपुर**
नागपुर में सोलर इंडस्ट्रीज फैक्ट्री में धमाके में नौ लोगों की मौत के बाद कर्मचारियों के परिजन परेशान हैं। बदहवासी की हालत में वह फैक्ट्री के बाहर इंतजार करने को मजबूर है। परिजनों का कहना है कि उन्हें कोई जानकारी नहीं दी जा रही है, जबकि वह अपने-अपने परिजनों के लिए परेशान हैं। बड़ी संख्या में लोग फैक्ट्री के बाहर मौजूद हैं और अपने अपने परिजनों की सलामती की दुआ मांग रहे हैं।
**फैक्ट्री के बाहर भारी भीड़ मौजूद**



मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, धमाके में मारे गए नौ कर्मचारियों के शव अभी भी फैक्ट्री परिसर के भीतर ही हैं। फैक्ट्री के गेट पर कई एंबुलेंस मौजूद हैं। हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं और बड़ी संख्या में लोग फैक्ट्री के बाहर मौजूद हैं। लोग मांग कर रहे हैं कि उन्हें फैक्ट्री के भीतर जाने दिया जाए। बता दें कि नागपुर स्थित सोलर इंडस्ट्रीज फैक्ट्री में सुबह 9 बजे धमाका हुआ, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हुए हैं।

**घटना**

8 धमाके में मारे गए नौ कर्मचारियों के शव अभी भी फैक्ट्री परिसर के भीतर ही हैं। फैक्ट्री के गेट पर कई एंबुलेंस मौजूद हैं।

## सुप्रिया सुले ने सांसदों-स्टाफ को कहा शुक्रिया

**नई दिल्ली** : संसद की सुरक्षा में सेंध की घटना पर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह सुरक्षा में भारी चूक है। गृह मंत्री पहले ही यह स्वीकार कर चुके हैं और ये बहुत गंभीर मामला है। उन्हें मामले की जांच करने दीजिए। इस मुद्दे को उठा चुका है और इसीलिए टीएमसी नेता डेरेक ओ'ब्रायन को निलंबित कर दिया गया है। अन्य कांग्रेस और डीएमके सांसदों को भी निलंबित कर दिया गया है।

**समारोह** केंद्रीय गृह मंत्री की उपस्थिति में अहमदाबाद में आयोजित हुआ 'महाराष्ट्र समाज अहमदाबाद शताब्दी महोत्सव'

## 'दूध में चीनी की तरह लोगों के साथ घुल-मिलकर रह रहा महाराष्ट्र समाज'

**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**
केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में अहमदाबाद में बसे महाराष्ट्र समाज के लोगों की ओर से शुक्रवार को अहमदाबाद के टैगोर हॉल में 'महाराष्ट्र समाज अहमदाबाद शताब्दी महोत्सव' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हम सभी के समक्ष 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की ऐसी परिकल्पना रखी है, जिसमें विभिन्न राज्यों के लोग, अलग-अलग संस्कृति, वेशभूषा और खानपान को साथ रखकर भारत की



एकता के लिए प्रयास करें। केन्द्रीय मंत्री शाह ने कहा कि गुजरात में रहने वाले महाराष्ट्र मूल के लोगों ने 100 वर्षों से इस परिकल्पना को सिद्ध करने का अद्भुत कार्य किया है, जिसकी हमें खुशी है। महाराष्ट्र उन चुनिंदा राज्यों में से एक है, जिसने भारत के विभिन्न प्रदेशों को ऐतिहासिक महापुरुष दिए हैं। उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र समाज अहमदाबाद की स्थापना महर्षि कर्वे जैसे महापुरुष के करकमलों से हुई थी और 1924 से लेकर आज तक अहमदाबाद महाराष्ट्र समाज के लोगों ने गुजरात का बनकर महाराष्ट्र के गौरव को सहेजकर रखा है। इन 100 वर्षों की यात्रा में महाराष्ट्र समाज के लोगों ने मराठी स्कूल और भगिनी समाज क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी जैसे अनेक प्रकार के नए उपक्रम जोड़े हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज हम आजादी के अमृत काल में प्रवेश कर चुके हैं और आजादी के इस अमृत काल में हम सभी शिवाजी महाराज को याद किए बिना आजादी की कल्पना भी नहीं कर सकते। शिवाजी महाराज ने केवल 15-16 वर्ष की आयु में स्वतंत्रता और स्वराज की कल्पना की थी।

**महोत्सव**

8 अहमदाबाद के टैगोर हॉल में 'महाराष्ट्र समाज अहमदाबाद शताब्दी महोत्सव' का आयोजन किया गया।

## वायु सेना ने खुद अपने लिए तैयार किया स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम 'समर'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारतीय वायु सेना ने अभ्यास 'अस्त्र शक्ति' के दौरान स्वदेशी वायु रक्षा प्रणाली 'समर' का सफल फायरिंग परीक्षण किया है। वायु सेना स्टेशन सूर्य लंका में आयोजित अभ्यास के दौरान इन-हाउस डिजाइन और विकसित सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली ने पहली बार भाग लेकर विभिन्न संलग्न परिदृश्यों में फायरिंग परीक्षण उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल किया। इस वायु रक्षा मिसाइल का भारतीय वायुसेना के रखरखाव कमान के तहत एक इकाई ने विकसित किया



है। यह प्रणाली मैक 2 से 2.5 की गति सीमा पर चलने वाली मिसाइलों के साथ हवाई खतरों का मुकाबला कर सकती है। 'समर' प्रणाली में एक ट्विन बुर्ज लॉन्च प्लेटफॉर्म शामिल है, जिसमें खतरे के परिदृश्य के आधार पर सिंगल और सैल्वो मोड में दो मिसाइलों को लॉन्च करने की क्षमता है। सुनिश्चित प्रतिशोध के लिए यह सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है। इसे वायु सेना के 7 बेस रिपेयर डिपो और 11 बेस रिपेयर डिपो ने सिमरन फ़्लोटेक इंडस्ट्रीज और यामाजुकी डेन्की के साथ साझेदारी में विकसित किया है। 'समर' छोटी दूरी की वायु रक्षा प्रणाली है, जो रूसी मूल की विम्पेल आर-73 और आर-27 हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों का उपयोग करती है। भारतीय वायु सेना बेस रिपेयर डिपो ने सुनिश्चित प्रतिशोध के लिए सतही वायु मिसाइल वायु रक्षा प्रणाली विकसित की है।

# हरियाणा योग आयोग के ध्यान योग शिविर का हुआ शुभारंभ

## हमारी आंतरिक स्थिति हम पर ही नहीं पूरे समाज पर प्रभाव डालती है: संजय

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**
**हरियाणा** के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं कर्मठ आयुष मंत्री अनिल विज के नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव, 2023 के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के तत्वावधान में 17 से 24 दिसंबर तक ब्रह्म सरोवर के उत्तरी तट स्थित मेडिटेशन हॉल में सभी योग संस्थाओं के सहयोग से आयोजित आठ दिवसीय योग व ध्यान साधना शिविर का आज शुभारंभ हुआ । आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य, मुख्य अतिथि भारतीय रेलवे पुरस्कार से सम्मानित हार्टफुलनेस के ट्रेनर



संजय उप्रेती, विशिष्ट अतिथि नागेंद्र सिंह, डॉ वीरेंद्र सिंह, रामकुमार, जोगेंद्र सिंह व जगन्नाथ सहित सभी उपस्थित योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । मुख्य अतिथि संजय उप्रेती ने हार्टफूलनेस की विधि से योग एवं ध्यान साधना का सुंदर अभ्यास करवाया । डॉ गौरव एवं सौरभ ने श्रीमद् भागवत गीता का श्लोकोच्चारण पाठ करवाया । आयोग के अध्यक्ष जयदीप आर्य प्रथम रजिस्ट्रार डॉ हरिश्चंद्र, आयोग के सदस्य डॉ मनीष कुकरेजा, डॉ पवन गुप्ता व विभिन्न योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों व राजकीय संस्कृत मॉडल स्कूल कुरुक्षेत्र के प्रिंसिपल डॉ सचिंद्र कोड़ा को आयोग की ओर से पुष्प गुच्छ व समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । कुरुक्षेत्र योगासन संघ के तत्वावधान में सरकारी व्यायाम शाला गुड़ा (लाडवा) के विद्यार्थी साधकों ने सुंदर योग प्रदर्शन किया । उन्हें भी आयोग द्वारा सम्मानित किया गया । मुख्य अतिथि संजय उप्रेती ने कहा कि हमारी आंतरिक स्थिति न केवल हम पर बल्कि पूरे समाज पर प्रभाव डालती है । अध्यक्ष डॉक्टर जयदीप आर्य ने समत्वं योग उच्यते की सुंदर व्याख्या की ।सायं कालीन सत्र में मानव उत्थान सेवा समिति के कार्यक्रम में श्री सतपाल जी महाराज के परम अनुयायी महात्मा हरि संतोषानंद, महात्मा अनुसूया बाई, महात्मा अनुगीत बाई व महात्मा अपरा बाई को पुष्प कुछ व समृति चिन्ह से सम्मानित किया गया । महात्मा हरि संतोष आनंद ने कहा कि हमें श्रीमद् भागवत गीता को अपने जीवन में उतारना चाहिए । जो व्यक्ति अंत समय में प्रभु का सिमरन या ध्यान करता है वह निश्चय ही प्रभु को प्राप्त करता है इसमें कोई संशय नहीं है । गुलशन ग्रोवर ने मंच संचालन किया ।

# आरएमपी एसोसिएशन ने महोत्सव में आए लोगों को बांटी चाय




**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**आरएमपी** एसोसिएशन द्वारा गीता महोत्सव के अवसर पर रविवार को ब्रह्मसरोवर परिसर में आने वाले पर्यटकों को निशुल्क चाय का वितरण किया गया। आरएमपी एसोसिएशन के प्रधान डा. जसवंत सिंह ने बताया कि गीता महोत्सव के दौरान निशुल्क चाय का स्टॉल लगाया गया जिसमें लोगों को आरएमपी एसोसिएशन के कार्यों से अवगत कराया गया और चाय बांटी गई। इस मौके पर जिला प्रधान डॉक्टर जसवंत सिंह, कैशियर धर्मवीर राई हरियापुर, सत्यनारायण शर्मा, महेंद्र मथाना, पवन खेरा, संजीव मथाना, जोधा सिंह, पवन भट्ट माजरा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रधान डा. जसवंत सिंह ने कहा कि कड़ाके की सर्दी शुरू हो गई है। सर्दी स्वास्थ्य पर भी भारी पड़ सकती है। बच्चों, बुजुर्गों, हृदय एवं श्वांस रोगियों को सर्दी से नुकसान हो सकता है। ऐसी सर्दी में सुबह घूमने से परहेज करना चाहिए। बुजुर्गों और हृदय रोगियों के लिए ज्यादा ठंड घातक हो सकती है। सर्दी में गुनगुने पानी का सेवन करें। बच्चों को गर्म कपड़े पहनाएं रखें तथा उन्हें खुले में घूमने न दें।

# कंबल वितरण सम्मान समारोह में उमडा जनसैलाब



**टीम एक्शन इण्डिया/समालखा**
**राजनेता से जनसेवक** बने शशिकांत चैरिटेबल ट्रस्ट के संचालक एवं भाजपा नेता शशिकांत कौशिक ने अपने जनसेवा के कार्य को आगे बढाते हुए रविवार को यमुना नदी की तलहटी में बसे राक्सेड़ा गांव के सरकारी स्कूल में कंबल वितरण सम्मान समारोह का आयोजान कर 11 हजार कंबलों का वितरण किया।जिसमे राक्सेड़ा, घोड़ीवाले डेरा, सिंबलगढ़, बुढनपुर, बसाड़ा और कारकोलीगढ़ के ग्रामीण भारी संख्या में पहुंचे। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए देशभक्ति व धर्मिक रागनी का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। शशिकांत चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित कंबल वितरण सम्मान समारोह में बतौर मुखतथिति पानीपत पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, समालखा एसडीएम अमित कुमार, नायब तहसीलदार राहुल राठी पहुंचे जहा भाजपा नेता शशिकांत कौशिक, जाट महासभा के प्रधान व भाजपा नेता सुभाष कुहाड़, जिला पार्षद सुंदर छौक्कर, राक्सेड़ा सरपंच रामधन सैनी, पट्टीकल्याणा सरपंच मुकेश चौहान, पीन्ना पहलवान, अलोक राज बंसल आदि ने उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। जिला पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने शशिकांत चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दिए कंबलों को गांव के धार्मिक स्थलों के मुखिया को कंबल वितरित कर समारोह का शुभारंभ किया। इसके बाद भाजपा नेता शशिकांत कौशिक ने लोगों को कंबल देकर उनका सम्मान किया। इससे पहले जनसेवक शशिकांत कौशिक ने अपने सम्बोधन में कहा कि लोग फूल माला देकर बुजुर्गों का सम्मान करते हैं लेकिन वह कंबल देकर अपने बुजुर्गों का सम्मान इसलिए करना चाहता हूं क्योंकि जैसे कंबल हमें सर्दी से बचाता है और गर्माहट देता है वैसे ही बुजुर्गों का आशीर्वाद और उनका मार्गदर्शन हमें जिंदगी की मुश्किलों से बचाता है। शशिकांत कौशिक ने हजारों लोगों की उपस्थिति मे संकल्प लिया कि वह अपनी सम्पति का 90 प्रतिशत हिस्सा गरीब व जरूरतमंदों की सेवा पर खर्च करेंगे।

# भारतीय संविधान में भी गीता की बात निहित: जगदीप धनखड़

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)भारत** के उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि गीता अद्भुत, धार्मिक, भौतिक, दार्शनिक, जीवन दर्शन प्रदान करने वाला व हर समस्या का हल करने वाला व अंदर से मजबूती देने वाला ग्रंथ है। यदि हम गीता के सार को नहीं मानेंगे तो मोह में पड़कर रास्ता भटक जाएंगे इसलिए कर्म करते रहना चाहिए फल की इच्छा नहीं करनी चाहिए। वे रविवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में केयू आडिटोरियम हॉल में वसुधैव कुटुम्बकमः श्रीमदभगवद् गीता और वैश्विक एकता विषय पर आयोजित 8वीं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले भारत के उपराष्ट्रपति



जगदीप धनखड़ व उनकी धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सिंह सैनी, हरियाणा के राज्यमंत्री संदीप सिंह, राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी, असम के संस्कृति मंत्री बिमल बोरा व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विधिवत रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ किया तथा सेमिनार की स्मारिका का विमोचन भी किया। इससे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कुवि परिसर में पौधारोपण किया। उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारतीय संविधान में भी गीता की बात निहित है। गीता हमें एकता का पाठ पढ़ाती है इसलिए उसका अनुसरण करना आवश्यक है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत के ईस्टर्न क्षेत्र को विकसित करने के लिए लुक ईस्ट की शुरूआत की गई वहीं 8वें अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आसाम को स्टेट पार्टनर के रूप में शामिल किया गया है जो कि नार्थ ईस्ट के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गीता से मार्गदर्शन लेकर दो देशों के बीच युद्ध की स्थिति को आपसी बातचीत से हल करने का रास्ता दिखाया। वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को साकार करते हुए प्रधानमंत्री द्वारा जी-20 में अफ्रीकी यूनियन को सदस्य बनाया गया। कुरुक्षेत्र से ही गीता का ज्ञान शुरू होता है उसी का अनुसरण करते हुए भारत ने कोविड़ काल में 100 से अधिक देशों की सहायता कर मानवता के कल्याण का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि आज तकनीकी के क्षेत्र में भारत शीर्ष पर है तथा विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। भारत की कभी भी विस्तारवादी नीति नहीं रही है। भारत हमेशा सौहार्द, संस्कृति, शान्ति, एकरूपता में विश्वास रखता है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गीता पुस्तक या ग्रंथ मात्र नहीं बल्कि जीवन का सार है, सार्वभौमिक व सर्वकालिक है। गीता पहले भी सार्थक थी और आज भी सार्थक है और आगे भी सार्थक रहेगी। गीता किसी परिवार, व्यक्ति विशेष, जिला, प्रदेश, दुनिया व देश के लोगों के लिए नहीं बल्कि गीता का महत्व हर किसी के लिए है। गीता शाश्वत संदेश देती है जो मनुष्य के स्वभाव व जीवन के उथल-पुथल व विश्व को शान्ति व सुखी बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। गीता के बारे में बोलना सूर्य को रोशनी दिखाने जैसा है। गीता के माध्यम से हम विश्व को दिशा दिखा सकते हैं व शान्ति की स्थापना करने में सहयोग कर सकते हैं। समझ बढ़ाने के लिए व दुनिया की समस्याओं को हल करने के लिए गीता की आवश्यकता है। हमें विश्व को संदेश देना होगा। मुख्यमंत्री मनोहर ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से उन्होंने जापानी का कोर्स किया हुआ है। भाषा लोगों को जोड़ने का कार्य करती है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में जल्द ही इंग्लिश एंड फौरन लैंग्वेजिज यूनिवर्सिटी हैदराबाद का विदेशी भाषा सिखाने का क्षेत्रीय केन्द्र खोला जाएगा।

# एसोसिएशन ने कमजोर बच्चों को छात्रवृत्ति की प्रदान

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरूक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**रोड़ एम्प्लाइज** एसोसिएशन द्वारा गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर रोड़ धर्मशाला कुरूक्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी 20 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इन छात्रों में वह बच्चे शामिल रहे जिन्होंने अपनी पढाई लगातार जारी रखते हुए उच्चतम अंक प्राप्त किए हैं और उनके परिवार की सामाजिक रूप से आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है ।एम के चौधरी,मुकेश चौहान,सूरजभान सिंह ने दीप प्रज्वलित किया।इस अवसर पर रोड़ एम्प्लाइज




एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सूरजभान सिंह जी की अध्यक्षता और महासचिव विनोद चौहान ने संचालन किया। इस अवसर पर रामनिवास सगवाल, रामकुमार,संजीव कुमार,अमित कुमार, नीरज कुमार एवं मास्टर के-हर सिंह,धर्मबीर भी उपस्थित रहे इस अवसर पर रोड़ एम्प्लाइज एसोसिएशन के फाउंडर मेंबर श्री मोहिंदर चौधरी,पूर्व प्रधान डॉ ऋषिपाल मथाना,पूर्व महासचिव मुकेश चौहान, रोड़ महासभा के पूर्व उपाध्यक्ष रामपाल पलवल, महासचिव सुरेन्द्र बड़शालू, ज़िले सिंह भी उपस्थित रहे।रोड़ एम्प्लाइज एसोसिएशन कुरूक्षेत्र के प्रधान सूबे सिंह सुजान, महासचिव संदीप बुढेडा ने सभी का अभिनंदन किया।राजेंद्र खानपुर सब इंस्पेक्टर ने इस अवसर पर बताया कि वह होनहार बच्चों के लिए सेक्टर 34 चंडीगढ़ में एन डी ए की फ्री कोचिंग देने की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ ऋषिपाल मथाना पूर्व अध्यक्ष ने बच्चों को जीवन में कर्म सिद्धान्त और ईमानदारी, भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ने की प्रेरणा दी।

# 'श्रीमद्भागवतगीता भारत के सभी प्राचीन योग और ज्ञान का निचोड़ और समन्वय है'



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)**
**यज्ञ वैदिक** काल से एक प्रचलित अवधारणा रही है। यह अग्निहोत्र जैसी कर्मकांड परक क्रिया से लेकर आत्म परिष्कार की प्रखर आध्यात्मिक साधना को समाहित करता है। अन्य पुरातन विधाओं के समान यज्ञ की स्थूल मान्यता भी आज लोक प्रतिष्ठित है।यज्ञ का व्यापक अर्थ श्रीमदभगवद्गीता में मिलते हैं। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय श्रीमद्भगवद्गीता जयंती समारोह ए 2023 के उपलक्ष्य में आयोजित अठारह दिवसीय विश्वमंगल महायज्ञ के बारहवें दिवस मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किए। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने श्रीमद्भगवद्गीता के बारहवें अध्याय के श्लोकों की यज्ञ में आहुति डालते हुए विश्व मंगल की प्रार्थना की। गीता के सस्वर श्लोकों से आश्रम परिसर का संपूर्ण वातावरण यज्ञमय हो गया। डा . श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा श्रीमदभगवद्गीता में यज्ञ एक जीवनदर्शन है। श्रीमद्भागवतगीता भारत के सभी प्राचीन योग और ज्ञान का निचोड़ और समन्वय है। गीता का उद्देश्य ही परमात्मा के ज्ञान, आत्मा के ज्ञान और सृष्टि विधान के ज्ञान को स्पष्ट करना है। गीता वास्तव में चरित्र निर्माण का सबसे बड़ा और उत्तम शास्त्र है। कर्म सम्पादन की शुभ्र व सप्राण प्रेरणा के रूप में यज्ञ की प्रतिष्ठा है, यज्ञार्थ कर्म से कर्त्ता के कर्म ही आहुति रूप होकर परमार्थ के विराट कुण्ड में अर्पित किए जाते हैं। कामना, लोभ व निष्क्रियता से रहित जीवन क्रम यज्ञमय बनता है, जो संकीर्णता जन्य असंतोष से मुक्ति प्रदान करने वाला है।

# कुरुक्षेत्रः एकजुटता के साथ आगे बढ़े सैनी समाजः नायब सैनी

**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र/ चंडीगढ़।**
**जींद में आयोजित** सैनी महाकुंभ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर आगे बढ़ें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी ने कहा कि समाज में जो लोग पीछे रह गए हैं, उन्हें मजबूती के साथ आगे बढ़ाएं। श्री सैनी ने कहा कि सैनी समाज अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। अनेक क्षेत्रों में समाज के लोगों ने उंचाईयों को छूआ है, इसलिए हमें अपने वंशजों, पूर्वजों के दिखाए रास्ते पर चलते हुए समाज को बुराईयों से बचाते हुए



एकजुट होकर आगे बढ़ना है। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने दूसरे राज्यों से सैनी महाकुंभ में आए लोगों का धन्यवाद किया। जींद में सैनी महाकुंभ का आयोजन करने पर नायब सैनी ने महाकुंभ के आयोजकों का भी आभार जताया। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि महाराजा शूर सैनी ने समाज के लोगों को जागरूक करने का काम किया था। उनके द्वारा दी गई शिक्षा हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत का काम कर रही है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाजहित में कार्य करना चाहिए। ह्यह्यसैनी महाकुंभ में नायब सैनी ने समाज के लोगों से कहा कि वे खुद भी शिक्षित हों और अपने समाज के शिक्षा से वंचित रह गए लोगों को शिक्षित करते हुए आगे बढ़ने में उनका सहयोग करें। उन्होंने कहा कि भाजपा और सैनी समाज द्वारा जो सम्मान दिया गया है, उसे कभी कम नहीं होने दूंगा। राजस्थान, उत्तर प्रदेश दिल्ली व हरियाणा के अलावा अन्य राज्यों से आए सैनी समाज के लोगों को संबोधित करते हुए नायब सैनी ने कहा कि ऐसे ऐतिहासिक अवसरों पर हमें एकजुट होने का संकल्प लेना चाहिए और अपनी एकता का परिचय देते हुए समाज के साथ मजबूती से खड़े रहना चाहिए। नायब सैनी ने कहा कि एकजुट समाज में बहुत बड़ी ताकत होती है। छोटा सा व्यक्ति होने के बावजूद भाजपा ने सम्मान दिया और समाज ने ताकत दी। सैनी ने कहा कि भाजपा ने विधायक, सांसद और अब प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। यह सब आपके आशीर्वाद से ही संभव हो पाया है। श्री सैनी ने कहा कि समाज ने आज जो पगड़ी पहनाई उसका मैं मान रखूंगा और समाज को आगे बढ़ाने का काम करूंगा। समय के महत्व को समझते हुए सभी को साथ लेकर चलने की हम सभी की जिम्मेदारी है। नायब सैनी ने महापुरूषों का उदाहरण देते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबाई फूले ने जब गरीबों और महिलाओं को शिक्षित करने की ठानी, तब कितनी ही अड़चने आई, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और धैर्य से अपने काम में लगे रहे। महात्मा फूले ने गरीबों, पिछड़ों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया था, उन पर खूब दबाव बनाया गया, लेकिन वे अपने मिशन से पीछे नहीं हटे। नायब सैनी ने कहा कि महापुरूष सर्व समाज के पूजनीय होते हैं।

# 'योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक साथ चला बड़ा संकल्प अभियान'

**टीम एक्शन इण्डिया कुरुक्षेत्र/ लाडवा (दलबीर मलिक)**
**हरियाणा** डेयरी एवं पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर ने कहा कि देश में पहली बार सरकार आपके द्वार पर पहुंचकर योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। यह अपने आप में अनूठा और बड़ा अभियान है। इसकी कल्पना स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है और यह वाहन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी लेकर गांव गांव में पहुंच रहा है।हरियाणा डेयरी एवं पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर लाडवा खंड के गांव टाटका व गांव मंगौली जाटान में विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा का स्वागत करने के उपरांत लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत एलईडी वैन के माध्यम से गांव-गांव लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया जा रहा है ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे यात्रा के दौरान गांवों में संबंधित विभागों द्वारा लगाएं और शिविरों में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का निदान करवाएं। हरियाणा डेयरी एवं पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर सहित सभी ने भारत को विकसित राष्ट्द्र बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ ली कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंगे। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे।

## श्रीराम मंदिर के उद्घाटन अवसर पर स्थानीय स्तर पर किए जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी।**
**खरखौदा शहर** के छपड़ेश्वर मंदिर में रविवार को एक बैठक का आयोजन कर अगले माह अयोध्या में श्रीराम मंदिर के उद्घाटन अवसर पर स्थानीय स्तर पर किए जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

मंडल पालक डॉ अनिल दहिया ने इस अवसर पर कहा कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भगवान राम मंदिर का उद्घाटन होगा। यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। ऐसे में एक से 15 जनवरी तक मंडल के 48 गांवों में घर-घर जाकर अयोध्या से आए हुए अक्षित और निमंत्रण पत्र को बांटने का भी काम किया जाएगा।

# कुरुक्षेत्र : पास देने वाले भाजपा सांसद के खिलाफ हो कानूनी कार्रवाई : सतपाल शर्मा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**पिछले** दिनों संसद में हुई घटना पर अपनी टिप्पणी देते हुए कांग्रेस नेता सतपाल शर्मा ने कहा कि संसद में जो घटना घटी,दोषियों के साथ-साथ पास देने वाले भाजपा सांसद पर भी कानूनी कार्रवाई हो क्योंकि अगर भाजपा सांसद उन लोगों को पास न देता न वह संसद में प्रवेश करते। दोषियों के गिरफ्तार होने के बाद अब मामले की जांच संसद से शुरू होनी चाहिए क्योंकि कोई भी संसद या विधायक जिस भी इलाके से आता है उसे अपने क्षेत्र



के लोगों की जानकारी बहुत अच्छी तरह से होती है। सांसद प्रताप सिंह खुद भी रिकॉर्ड आपराधिक रहा है इसलिए जांच उन्हीं से शुरू होनी चाहिए, बड़े-बड़े टीवी चैनलों पर बैठकर भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता अपने सांसद को बचाने की कोशिश कर रहे हैं और संसद में पिछली घटनाओं का जिक्र करके आरोप प्रत्यारोप लग रहे हैं। एक तरफ तो कहते हैं कि देश नरेंद्र मोदी के सुरक्षित हाथों में है और दूसरी तरफ उन्हीं के सांसद और आरोपी संसद में घटना को अंजाम देते हैं सोचिए अगर उन लोगों के पास कोई बम या हथियार होता तो सांसदों के साथ क्या होता यह बहुत बड़ा चिंता का विषय है।शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी और गोदी मीडिया को आडे हाथों लेते हुए कहा कि अगर यह विजिटर पास कांग्रेस या विपक्ष के किसी सांसद द्वारा जारी किया होता तो भारतीय जनता पार्टी और मीडिया उसे आतंकवादी देशद्रोही घोषित कर देता सभी चैनलो पर हू हल्ला मच जाता लेकिन जब बात भाजपा के सांसद की आई तो सभी भाजपाई,गोदी मीडिया वाले चुप बैठे हैं अपने सांसद का बचाव कर रहे हैं। मैं कहता हूं इस मामले की उच्च स्तरीय जांच हो और जांच की शुरूआत भाजपा के सांसद से शुरू होनी चाहिए।

# योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित करें अधिकारी: सीएम

## मोदी की गारंटी की गाड़ी आम जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रही है: मुख्यमंत्री

**निर्देश**

**8 जिला उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों और वरिष्ठ अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**



**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि देश के नागरिकों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और योजनाओं का मौके पर ही लाभ देने के लिए शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा से दिन-प्रतिदिन लाखों लोग जुड़ रहे हैं। मोदी की गारंटी की गाड़ी आम जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रही है। केंद्र व राज्य सरकार की सभी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित करना अधिकारियों की जिम्मेवारी है। मुख्यमंत्री शनिवार को देर सायं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों, जिला उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों और जिला नगर आयुक्तों के साथ हरियाणा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में सांसद और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री नायब सिंह सैनी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े। श्री मनोहर लाल ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने हेतु सरकार आपके द्वार की अवधारणा पर चलते हुए जनसंवाद कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। अब हमने विकसित भारत संकल्प यात्रा को जनसंवाद के साथ जोड़ा है, ताकि लोगों को केंद्र व राज्य की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने के साथ-साथ उनकी समस्याओं व शिकायतों का समाधान भी मौके पर ही सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि यात्रा के दौरान जहां-जहां कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, उनमें हर विभाग के अधिकारी की उपस्थिति अवश्य सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी नागरिक को खाली हाथ न लौटना पड़े। उनकी शंकाओं का तुरंत समाधान किया जा सके। साथ ही, बिजली विभाग के एसडीओ स्तर तक का अधिकारी कार्यक्रमों में मौजूद रहे, ताकि बिजली से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न आए।

**शहरों में कचरे के ढेर न दिखें, जिला प्रशासन के अधिकारी करें सुनिश्चित :** श्री मनोहर लाल ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में स्वच्छता अभियान पर पूरा फोकस किया जा रहा है, इसलिए शहरों में कहीं पर भी कूड़ा-कचरे के ढेर दिखाई नहीं देने चाहिए, यह जिला प्रशासन के अधिकारी सुनिश्चित करें। अगले सप्ताह से सीएम टीम या अधिकारी शहरों में अचानक दौरा करेगी और इस प्रकार के कचरे के ढेर दिखाई दिए तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## हरियाणा में विकसित भारत संकल्प यात्रा से जुड़े 11 लाख 19 हजार से ज्यादा लोग

**बैठक** में बताया गया कि हरियाणा विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद से अब तक 11 लाख 19 हजार से ज्यादा लोग जुड़ चुके हैं और दिन-प्रतिदिन यह संख्या बढ़ रही है। यात्रा के दौरान 1871 ग्राम पंचायतों और 51 शहरी क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा चुका हैं। इन कार्यक्रमों में लोगों को मौके पर ही योजनाओं की जानकारी देकर उनसे आवेदन लिए जा रहे हैं। साथ ही, हेल्थ चेकअप पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार अंत्योदय दर्शन पर चलते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य कर रही है।

सरकार जनता तक यही इस यात्रा का ध्येय है, इसलिए सभी अधिकारी पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

बैठक में मुख्य सचिव संजीव कौशल, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा वित्त आयुक्त, राजस्व टीवीएसएनएन प्रसाद, विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव और सूचना, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक यशपाल उपस्थित थे।



जिला जींद के गांव गांगोली तथा खरक गागर में लोकसभा के सांसद रमेश चन्द्र कौशिक विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में लाभार्थी को सरकार की योजना के लाभ के प्रमाण पत्र देते हुए।

## जनसंवाद यात्रा के रथ का फरीदाबाद में हुआ शानदार स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/अंकुश जैन**

विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों में लोगों उनके घर द्वार पर सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली पर मिल रही है। वहीं लोगों की परिवार पहचान पत्र में त्रुटि दूर करने सहित अन्य ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर अपलोड सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं के लाभार्थियों के आवेदन अपलोड किए जा रहे हैं। प्रदेश में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज फरीदाबाद के शहरी क्षेत्र में पहुँचने पर स्थानीय निवासियों ने यात्रा वाहन का भव्य स्वागत किया। विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। श्रीमती सीमा त्रिखा ने विकसित भारत के संकल्प के साथ मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने-कोने में पहुंच रही है। अभी तक यह यात्रा हजारों गांवों के साथ-साथ हजारों शहरों में भी पहुंच चुकी है। अमृत मिशन हो या स्मार्ट सिटी मिशन, इनके तहत छोटे शहरों में मूल सुविधाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। गरीब हो या मिडल क्लास हो या संपन्न परिवार हो, हर किसी को सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों में आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है।

## सरकार साहा ग्रोथ सेंटर के विस्तार हेतु कई एकड़ भूमि की खरीद करने जा रही: विज

### अम्बाला में ईर्स्टन डेडीकेटिड फ्रेट कॉरिडोर पर नए फ्रेट टर्मिनल के निर्माण की प्रक्रिया भी चल रही है : अनिल विज

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ काजल रानी**

**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला की साइंस इंडस्ट्री पर अम्बाला का सबकुछ निर्भर करता है, उद्यमियों को बढ़ावा मिले इसके लिए राज्य सरकार साहा ग्रोथ सेंटर के विस्तार हेतु 2300 एकड़ भूमि की खरीद करने जा रही है। साइंस इंडस्ट्री के लिए ट्रांसपोर्टेशन बेहतर हो, इसके लिए ईर्स्टन डेडीकेटिड फ्रेट कॉरिडोर पर नए फ्रेट टर्मिनल निर्माण की प्रक्रिया भी चल रही है। श्री विज देर रात अंबाला में असीमा (अम्बाला साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन) के डिजिटल डायरी के विमोचन कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि अम्बाला के साइंस उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे। गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला की साइंस इंडस्ट्री द्वारा बनाए गए माइक्रोस्कोप या अन्य उपकरणों पर ही बड़े डाक्टर, इंजीनियर, स्पेस साइंटिस्ट व अन्य पढ़कर आगे बढ़े हैं। अम्बाला के विकास में साइंस इंडस्ट्री का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि अम्बाला में इंडस्ट्री को बिजली,



पानी, ट्रांसपोर्टेशन व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है जिससे व्यापार में इजाफा हुआ है। अम्बाला को इस समय सड़कों के जाल से बुना जा रहा है। अम्बाला-साहा रोड को फोरलेन किया जा चुका है जिससे उद्यमियों का अम्बाला से साहा ग्रोथ सेंटर तक आना-जाना काफी आसान हो गया है। इसी तरह, अब रिंग रोड, अम्बाला से दिल्ली वाया शामली एक्सप्रेस-वे, अम्बाला-कालाअम्ब व अम्बाला-चंडीगढ़ ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास किए जा रहे हैं कि रिंग रोड को हाइवे नंबर 152-डी से जोड़ा जा सके। श्री विज ने कहा कि ‟अमेरिका इसलिए अमीर नहीं है कि उसकी सड़के अच्छी है, उसकी सड़के अच्छी है इसलिए अमेरिका अमीर है”, हम बेहतर ढांचा उपलब्ध कराते हैं तो इसका लाभ अम्बाला की साइंस इंडस्ट्री को मिलेगा। अब हमने अम्बाला में डोमेस्टिक एयरपोर्ट का भी काम प्रारंभ कर दिया है और कोशिश है कि चार-पांच माह में विमान सेवा यहां से प्रारंभ की जा सके। अम्बाला में हमने बिजली व पानी की समस्या को दूर किया, आज अम्बाला में बिजली, पानी, सड़के व अन्य सुविधाएं हैं और एक इंडस्ट्री के लिए जो सुविधाएं चाहिए वह यहां उपलब्ध है।

**न्यूज फ्लैश**

### महिला कबड्डी को वैश्विक स्तर पर मिलेगी पहचान

**चंडीगढ़ :** भारत के स्वदेशी खेल कबड्डी को बढ़ावा देने और महिला कबड्डी के विकास व प्रचार के लिए हरियाणा सरकार ने आज होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (हिपसा) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। आज यहां आयोजित एमओयू हस्ताक्षर समारोह में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री वी उमाशंकर, आवासीय आयुक्त, हरियाणा भवन, नई दिल्ली श्री डी. सुरेश और खेल विभाग के प्रधान सचिव श्री नवदीप सिंह विर्क भी मौजूद रहे। इस अवसर पर श्री वी उमाशंकर ने कहा कि एमओयू का उद्देश्य भारत के बाहर महिला कबड्डी को बढ़ावा देना है, जिसमें प्रवासी भारतीय महिलाओं पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ ओलंपिक में कबड्डी के खेल को शामिल करने की इच्छा है। एमओयू में राज्य सरकार और हिपसा के बीच एथलीटों और एथलेटिक टीमों के प्रशिक्षण, प्रतिस्पर्धा, वैश्विक युवाओं को प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता सहित विभिन्न सहयोग के क्षेत्र शामिल हैं। एमओयू के अनुसार कबड्डी के खेल में कौशल के विकास के लिए कोच, विनिमय कार्यक्रम, खेल प्रशासकों, तकनीशियनों और खेल सहायता कर्मियों के दौरे तथा प्रशिक्षण का भी आदान-प्रदान किया जाएगा। आवश्यक शारीरिक शिक्षा और फिटनेस के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी और अनुसंधान पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। एमओयू में विश्व स्तर पर एक खेल के रूप में कबड्डी को बढ़ावा देने के क्षेत्रों में विशेषज्ञों, सरकारी अधिकारियों, प्रशिक्षकों और एथलीटों का प्रशिक्षण, संयुक्त विकास और सामग्री का प्रकाशन भी शामिल है।

### हरियाणा में व्यापक स्तर पर आयोजित हो रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद योजनाओं के कार्यक्रम

**चंडीगढ़ :** भारत को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को लेकर केंद्र व राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से योजनाओं का लाभ पहुंचे। हरियाणा में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम योजनाओं का लाभ देने के लिए सशक्त माध्यम बन कर उभर रही है। यात्रा में जनभागीदारी बढ़ाने व समाज के लिए अच्छा कार्य करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से स्थानीय स्तर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। यात्रा के 18वें दिन प्रदेशभर में 153 स्थानों पर एक लाख 20 हजार से ज्यादा लोगों ने भाग लिया।


## शहीदी दिवस पर देवेंद्र सिंह बबली ने श्री गुरु तेग बहादुर जी को किया नमन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**

**हरियाणा** के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री देवेंद्र सिंह बबली ने श्री गुरु तेग बहादुर जी को नमन करते हुए कहा कि गुरु जी ने सेवा, त्याग, बलिदान एवं मानवीय मूल्यों का जो प्रकाश फैलाया, वे सदैव दुनिया को रास्ता दिखाएंगे। श्री देवेंद्र सिंह बबली ने आज टोहाना गुरु तेग बहादुर साहिब गुरुद्वारे में आयोजित शहीदी दिवस कार्यक्रम में श्री गुरु तेग बहादुर जी को उनके शहीदी दिवस पर नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म, इंसानियत, एकता और भाईचारे के सर्वोच्च मूल्यों को स्थापित कर मातृभूमि की रक्षा के लिए बलिदान दिया जिसे पीढि?ाँ याद रखेगी। नौवें गुरू, श्री गुरु तेग बहादुर जी एक महान विचारक, योद्धा, पथिक व अध्यात्मिक व्यक्तित्व के धनी थे, जिन्होंने धर्म, मातृभूमि और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, इसीलिए उन्हें ‟हिंद की चादर” भी कहा जाता है। उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर धार्मिक स्वतंत्रता के समर्थक थे। श्री गुरु तेग बहादुर जी ने न केवल हिंदुओं को जबरन धर्मांतरण से बचाया, बल्कि उन्होंने कश्मीरी पंडितों की भी बहुत मदद की। श्री गुरु तेग बहादुर जी मानवीय धर्म एवं वैचारिक स्वतंत्रता के लिए अपनी महान शहादत देने वाले एक क्रांतिकारी युग पुरुष थे।

## भरोसा टूटने से हर रोज हड़ताल पर सरकारी कर्मी: कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों का भरोसा पूरी तरह से खो चुकी है। भरोसा टूटने के कारण ही किसी न किसी महकमे के कर्मी हर रोज हड़ताल पर जा रहे हैं। कर्मचारियों से चुनाव के वक्त किए वायदे 04 साल बीतने पर गठबंधन सरकार पूरे नहीं कर पाई है। ऐसे में मांगें मनवाने के लिए हड़ताल पर जाना कर्मचारियों की मजबूरी है, लेकिन इसका खामियाजा प्रदेश के आमजन को



भुगतना पड़ रहा है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि शहरी निकाय विभाग के सफाई कर्मियों की हड़ताल के कारण प्रदेश के शहरों में गंदगी के अंबार लगने शुरू हो गए हैं। हड़ताल लंबी चली तो शहरों में रह रहे लोगों का जीवन काफी मुश्किल हो सकता है, क्योंकि साफ-सफाई न होने व गंदगी के ढेर लगने से बदबू इनके लिए परेशानी का सबब बन सकती है। इनके साथ ही नगर पालिका, नगर परिषद, नगर निगम का अन्य स्टाफ, जिसमें क्लर्क, ठेके पर लगे कर्मी भी हड़ताल पर होने से आम जनता के अन्य काम होने भी बंद हो गए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इससे पहले ग्रामीण सफाई कर्मियों की हड़ताल लंबी चल चुकी है। उस समय गांवों में गंदगी ने जीना मुहाल कर दिया था। जबकि, अपनी मांगों के लिए आशा वर्कर्स का लंबा चला संघर्ष तो किसी से भी छिपा नहीं है। ऐसा कोई दिन नहीं जाता, जब प्रदेश के अखबारों की सुर्खियां किसी न किसी कर्मचारी संगठन की हड़ताल या धरना न बनती हों। सरकार कर्मचारियों का विश्वास खो चुकी है और कर्मचारी अब सिर्फ चुनाव के इंतजार में हैं, ताकि इस सरकार को चलता किया जा सके। कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार अपने कर्मचारियों की मांगों को लगातार अनसुना कर रही है।

## सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए सरकार सजग: बड़ौली

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

राई से विधायक मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में आमजन तक सरकार की नीतियों का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित ना रहने पाए और उसे मौके पर ही लाभ प्रदान किया जा सके।

विकसित भारत यात्रा गांव मोहम्मदाबाद व बाजीदपुर सबोली पहुंची, जहां विधायक श्री मोहनलाल बड़ौली व ग्रामीणों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे कार्यक्रम के दौरान उपलब्ध स्टालों पर योजनाओं की जानकारी अवश्य लें, साथ ही अपने परिवारजनों, पड़ोसियों और मित्रगण को सूचित करें। यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी बनती है। सरल हरियाणा पोर्टल के माध्यम से व्यक्ति घर बैठे विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। श्री मोहन लाल बडौली ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना की जानकारी सांझा करते हुए कहा कि इस तरह की योजनाएं विपत्ति में व्यक्ति का बड़ा सहारा बनती हैं।

## जनता की समस्याओं का निपटारा करना ही सरकार का प्रथम उद्देश्य: मूलचंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**

हरियाणा के परिवहन व उच्चत्तर शिक्षा मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि पिछले साढ़े नौ सालों में देश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार और प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल सरकार की जो योजनाएं बनी हैं यदि कोई व्यक्ति उन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया है, तो उन्हें योजनाओं और परियोजनाओं से जोडकर लाभान्वित किया जा रहा है। श्री मूलचंद शर्मा आज विकसित भारत यात्रा के तहत बल्लभगढ़ में पीपीपी में त्रुटि ठीक कराने, आधार कार्ड, उज्जवल योजना, पेंशन से संबंधित कार्यों के लिए आयोजित कैंप में आम जनता की समस्याओं को सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए पंक्ति में आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ देने का कार्य कर रही है। यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य करेगी। हरियाणा सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देने का कार्य किया है। अब लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसी दफ्तर के चक्कर काटने की जरूरत नहीं बल्कि अधिकतर योजनाएं व सेवाएं सरल हरियाणा पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं। नागरिक अपने खुद के मोबाइल या कंप्यूटर अथवा किसी भी नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर योजनाओं के लिए आवेदन कर सकता है। योजनाओं का लाभ लेना अब बहुत ही आसान हो गया है। इस मौके पर श्री मूलचंद शर्मा ने उपस्थित बुजुर्गों से उनका हाल चाल जाना और आम जन को आने वाली छोटी छोटी समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने का आश्वासन दिया।

## महानिदेशक की अध्यक्षता में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित

### वर्ष 2022 की तुलना में महिलाओं के विरुद्ध अपराध में लगभग 12% तक दर्ज की गई कमी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** पुलिस द्वारा महिला विरोध अपराधों को रोकने के लिए किया जा रहे कार्यों के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं जिसके चलते प्रदेश में वर्ष -2023 में महिलाओं के विरुद्ध अपराध में 12% तक कमी दर्ज की गई है। इसी प्रकार डकैती संबंधी मामलों में वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में 30%, छीनाझपटी संबंधी मामलों में 18.33%, गंभीर चोट संबंधी मामलो में 8% की गिरावट दर्ज की गई है। यह जानकारी पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दी गई। इस बैठक में प्रदेश भर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भाग



लिया। बैठक में महिला सुरक्षा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि हमें उन सभी क्षेत्र में ध्यान केंद्रित करते हुए कार्य करना है जहां पर महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस करती हो। उन्होंने पुलिसकर्मियों से कहा कि वे अपने-अपने जिलों में महिलाओं की टीम तैयार करें जो हॉटस्पॉट क्षेत्र में जाकर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने वाले आवारा लड़कों को सबक सिखाएं। इस बारे में पुलिस आयुक्त गुरुग्राम विकास अरोड़ा ने बताया कि गुरुग्राम में पिछले दिनों इस प्रकार का अभियान चलाया गया जिसमें इस प्रकार के शरारती लड़कों के परिजनों को अवगत करवाते हुए कड़ी चेतावनी दी गई । श्री कपूर ने कहा कि इस मामले में सभी सुनियोजित तरीके से एक दिशा में कार्य करे। महिला विरुद्ध अपराध संबंधी मामलों को लेकर पीड़ित महिला की शिकायत दर्ज अथवा समाधान होने के बाद भी महिलाओं से उनका हाल-चाल पूछते हुए फीडबैक लेते रहे। इस दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी ताकि उनमें सुरक्षा की भावना को बल मिल सके। बैठक में बताया गया कि महिलाओं तथा बच्चों के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए प्रत्येक जिला में बनाई गई टीम को विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। इसे लेकर गुरुग्राम जिला में एक सराहनीय पहल की जा रही है जिसके तहत महिला पुलिसकर्मी विद्यालयों आदि में जाकर महिलाओं व लड़कियो से बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगी। इसके लिए उनका अलग-अलग बैच में प्रशिक्षण करवाया जाएगा ताकि वे स्कूल, कॉलेज तथा अन्य हॉटस्पॉट क्षेत्रो में जाकर महिला सुरक्षा संबंधी चुनौतियों से निपटने को लेकर प्रभावी तरीके से कार्य कर सकें। बैठक में बताया गया कि हरियाणा पुलिस द्वारा पुलिस थानों में दर्ज 498ए( दहेज ) के मुकदमों को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

## न्यूज फ्लैश

### नए नोटीफिकेशन के खिलाफ प्रदेशभर में 20 दिसंबर को रहेंगी सब्जी मंडियां बंद



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**हरियाणा सरकार** द्वारा सब्जी मंडियों पर थोपे जा रहे मनमाने काले कानूनों के खिलाफ 20 दिसंबर को प्रदेशभर में सब्जी मंडियां बंद रहेंगी। इसका आह्वान हरियाणा सब्जी मंडी संगठन ने किया है। इस दिन प्रदेशभर में सब्जियां-फल नहीं बिकेंगे। इसी हड़ताल को करनाल की सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन ने अपनी तरफ से समर्थन किया है।
नए नोटिफिकेशन को लेकर आज करनाल सब्जी मंडी में आढ़तियों के साथ अन्य वर्ग के लोगों की बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से 20 दिसंबर की हड़ताल को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि मांगें नहीं मानी गई तो 15 जनवरी से प्रदेशभर में सब्जी मंडी अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दी जाएंगी।
बैठक में वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार मनमाने कानून बनाकर उन्हें परेशान कर रही है। पूर्ववर्ती सरकार ने सब्जी मंडी को मार्किट फीस से मुक्त कर दिया था, लेकिन इस सरकार ने आते ही मार्किट फीस को लागू कर दिया। आढ़तियों ने नए नोटिफिकेशन को काला कानून बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने मार्किट फीस पचास प्रतिशत बढ़ाकर लगभग फीस एडवांस में वसूलने की बात कही है। यह कैसे संभव है। जब सब्जी-फल बिकेगा ही नहीं तो फीस को कैसे तय करेंगे।
वक्ताओं ने बताया कि सरकार ने मार्किट फीस और आरडीएफ फीस थोप दी। उस समय कहा गया था कि इस फीस को वापस ले लेंगे, लेकिन तीन साल बीत गए सरकार ने फीस वापस लेने की बजाए नया नोटीफिकेशन जारी कर दिया। यह सब्जी विक्रेताओं के हितों पर कुठाराघात है। इसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा।
इस अवसर पर अवतार सिंह तारी, कृष्णा सचदेवा, नरेंद्र कुमार, जितेंद्र मलिक, मोनू शर्मा, कमल ढांगड़ा, तेजेंद्र पाल सिंह ढींगडा डिम्पी, प्रमोद बजाज, राजू मदान, राजू मेसी, पंचम छाबड़ा, दलविंदर सिंह, मुरारी लाल, अशिल सचदेवा, राम लाल, नाथी राम सहित तमाम सदस्यों ने हड़ताल का समर्थन किया।

### शराब तस्करों के खिलाफ जिला पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**पुलिस** अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस की टीम ने डाहर गोल चक्कर के पास बने एक टीन गोदाम से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद कर मौके पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। मौके से 135 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब मार्का रॉयल स्टैग व मैकडावेल्स बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद तबरेज निवासी झाडवा मोतिहारी बिहार, मनव्वर निवासी कांधला शामली यूपी व महाबीर निवासी मतलौडा के रूप में हुई। आरोपी अवैध शराब की बोतलों को लोहे के डिब्बे में रखकर मशीन से डिब्बे पर ढक्कन लगाकर पैक कर रहे थे। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया उक्त अवैध शराब गांव बलाना निवासी कुलविंद्र की है। अवैध शराब लोहे के डिब्बों में पैक कर दूसरे राज्यों में तस्करी की जानी थी। पूछताछ के बाद पुलिस ने रविवार को तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि एंटीनारकोटिक्स सेल पुलिस की एक टीम शनिवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान सिवाह बाईपास पर नहर पुल के पास मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की डाहर गोल चक्कर के पास बने एक टीन गोदाम में भारी मात्रा में अवैध शराब रखी हुई है। अवैध शराब को दूसरे राज्यों में तस्करी करने के लिए लोहे के डिब्बो में रखकर मशीन से डिब्बों पर ढक्कन लगाकर पैक किया जा रहा है। पुलिस टीम ने उच्च अधिकारियों के संज्ञान में उक्त मामला लाकर मौके पर दबिश देकर शराब को लोहे के डिब्बों में पैक करते 3 आरोपियों को काबू किया। मौके से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

# मुख्यमंत्री प्रतिनिधि ने की एसोसिएशन द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्यों की सराहना

## पैंशनरज की मांगों को जल्द से जल्द लागू करवाने का दिया आश्वासन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल। हरियाणा सिविल पैंशनरज** वैल्फेयर एसोसिएशन का वार्षिक सम्मेलन और पैंशनरज दिवस पंचायत भवन में मनाया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में पैंशनरज शामिल हुए। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला व डा. बलबीर सिंह विर्क, निदेशक विर्क अस्पताल, सतीश कुमार बोहत सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक एसबीआई तथा राजबीर सिंह खुडिंया डीडीपीओ विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय प्रधान एसएल दुरेजा ने की। कार्यक्रम में एसोसिएशन से सम्बद्ध अन्य शाखाओं के प्रधान व प्रतिनिधि भी पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन महासचिव सुभाष यादव ने किया। सभी पैंशनरज का स्वागत सम्मान व आभार व्यक्त किया गया। पैंशनरज की लम्बित मांगों पर विचार-विमर्श किया गया। 80 वर्ष से अधिक आयु के पैंशनरज को श्रीमती मोहन देवी मैमोरियल अवार्ड से स्मृति चिन्ह व शाल ओढाकर सम्मानित किया गया। इनमें विनोद कुमार, विनोद ओबराय, ओम नारायण सचदेवा, ईश्वर सिंह, सुशीला जुनेजा, पीएन मल्होत्रा, बीके धमीजा और भगवत सिंह तौमर आदि शामिल रहे। डीडीपीओ आरएस खुडिया, बैंक अधिकारी एवं विर्क अस्पताल के निदेशक ने भी पैंशनरज को सम्बोधित किया एवं पैंशनरज दिवस के सफल आयोजन की बधाई दी। इस कार्यक्रम में सतीश मिड्ढा व अन्य द्वारा सभी का मनोरंजन किया गया। कार्यक्रम में दिसम्बर माह में जन्में पैंशरज का जन्मदिवस केक काटकर व उपहार देकर मनाया गया, जिनमें राम प्रकाश शर्मा प्रैस सचिव, बलवन्त सिंह, माई चन्द, आरबी गोयल, प्रेम सिंह, जगदीश, राजेन्द्र प्रसाद, मधुबाला आदि शामिल रहे।



## स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में छाए एसके मार्शल आर्ट अकेडमी के खिलाड़ी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। एसके** मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ इंडिया के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने अंबाला में 15 से 17 दिसंबर तक आयोजित 35वीं सब जूनियर स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वर्ग भाग में मेडल हासिल कर पूरे करनाल व हरियाणा का नाम रोशन किया है। इस चैंपियनशिप में एसके मार्शल आर्ट अकादमी की तरफ से करण कोच की देखरेख में पांच खिलाड़ियों सिद्धार्थ, मनकीरत, विहान, शिवांश और निष्ठा ने भाग लिया। इन खिलाड़ियों ने मेहनत कर तीन मेडल हासिल किए। इसी खुशी में फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर सतीश कुमार राणा ने सभी खिलाड़ियों का एकेडमी पहुंचने पर फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया और सभी खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की। सतीश राणा ने बताया कि सिद्धार्थ ने चैंपियनशिप में गोल्ड, मनकीरत ने सिल्वर और निष्ठा ने ब्रान्ज मेडल हासिल किया है।



## ट्रक चालक ने स्कूटी पर सवार दंपति को कुचला, पत्नी की मौत, बच्चा गंभीर घायल

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। जिले** के घोघड़ीपुर फ्लाईओवर पर ट्रक चालक ने स्कूटी सवार दंपति को कुचल दिया। पत्नी के सिर से ट्रक का टायर उतर गया, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति की टांग टूट गई। वहीं हादसे में 6 साल के मासूम को भी गंभीर चोटें आई हैं। वारदात के बाद मौके से भाग रहे ट्रक चालक को राहगीरों ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।
हकीकत नगर निवासी दिव्यांग रामलाल ने बताया कि वह एक प्राइवेट राइस मिल में नौकरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है। हर रविवार को वह अपनी पत्नी 30 वर्षीय ममता व 6 साल के मासूम देवांश के साथ स्कूटी पर सवार होकर पुरानी अनाज मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर में माथा टेकने के लिए जाता था। आज भी वह सुबह मंदिर में भगवान श्याम के दर्शन करने के लिए गए थे। रामलाल ने बताया कि आते वक्त जब वह घोघड़ीपुर फ्लाईओवर पर पहुंचे तो पीछे से आ रहे ट्रक चालक ने उन्हें टक्कर दे मारी।



### असला उपलब्ध कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल। स्पेशल स्टाफ** असंध की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर आरोपी जयकरन पुत्र इंद्रजीत वासी जगदीशपुरा को कस्बा असंध से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 32 बोर का एक अवैध देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया था। इस संबंध में आरोपी जगदीश के खिलाफ थाना असंध में शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी से पूछताछ में पाया गया था कि वह यह हथियार शौकिया तौर पर चिराग वासी सलवान से लेकर आया था। आरोपी जगदीश को 3 नवंबर को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। इस मामले में पुलिस टीम ने आगामी कार्यवाही करते हुए आरोपी जगदीश को असला उपलब्ध कराने वाले आरोपी चिराग पुत्र समे सिंह वासी सलवान को धारा 29 के तहत गिरफ्तार किया गया।

## करनाल: सडक दुर्घटना में युवक की मौत, नाबालिग घायल

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। जिले** के गांव गगसीना के पास एक रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों जागरण में काम करने के बाद पानीपत से वापस घर आ रहे थे। वहीं वारदात के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर छोड़कर आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक 21 वर्षीय तिलक राज निवासी गांव सिघंडा के बड़े भाई चेतन ने बताया कि उसका भाई जागरण में झांकियां निकालने काम करता था। शनिवार शाम को वह घर से अपने एक नाबालिग दोस्त के साथ पानीपत जागरण में गया था। आज जब वह बाइक पर सवार होकर घर आ रहा था तो गांव गगसीना के पास राधा स्वामी सत्संग भवन के पास रॉन्ग साइड से आ रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक ने सामने से टक्कर मार दी। बाइक को उसका भाई तिलकराज चला रहा था। जैसे ही हादसा हुआ तो उसके भाई का सिर पहले ट्रैक्टर में लगा, उसके बाद सडक पर, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं उसका 15 साल का दोस्त बाइक पर पीछे बैठा था। उसे भी काफी चोटें आईं। अभी उसके नाम व गांव की पहचान नहीं हो पाई है। राहगीरों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने तिलक राज को मृत घोषित कर दिया, जबकि नाबालिग का अस्पताल में इलाज चल रहा है।



# विदेश भेजने के नाम पर ठगी, कनाडा में भेजने का दिया झांसा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। जिले** के गांव रूकसाना के एक युवक को कनाडा में वर्क परमिट पर भेजने के नाम पर 17 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने युवक को कनाडा का फर्जी वीजा देकर कर तीन दिन होटल में भी रखा। धोखाधड़ी होने पर युवक ने एसपी से गुहार लगाई, जिसके बाद आज सिटी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।
गांव रूकसाना निवासी गुरदास सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 12वीं पास है। उसने विदेश जाकर भविष्य बनाने की योजना बनाई। करीब दो साल पहले सेक्टर-6 निवासी संजीव शर्मा का सोशल मीडिया पर विदेश भेजने का विज्ञापन देखा। उसके बाद आरोपी से विदेश जाने के बारे में युवक ने संपर्क किया। वह अपनी बुआ के बेटे के साथ आरोपी संजीव शर्मा से मिलने के लिए पहुंचा।
गुरदास सिंह ने बताया कि जब वह संजीव शर्मा के कार्यालय में पहुंचा तो वहां पर उसकी पत्नी नेहा व स्टॉफ की सदस्य अंजली मौजूद थी। इन्होंने उसे वर्क परमिट पर कनाडा भेजने का झांसा दिया और आरोपी संजीव ने 20 लाख रुपए की मांग की। इसके बाद आरोपी को पहले दो लाख रुपए और दस्तावेज दे दिए गए। जनवरी 2021 में बुआ के लडके अवतार सिंह के साथ युवक दोबारा से आरोपी से मिलने के लिए पहुंचा। आरोपी ने कहा कि जल्द वीजा लग जाएगा और बाकी रकम का इंतजाम करें। पीड़ित ने जमीन बेचकर बाकी रकम की योजना बनाई।
इस दौरान पीड़ित ने 21 जुलाई 2021 को जाणी गांव के सरपंच की मौजूदगी में आरोपी को 2.90 लाख रुपए दे दिए। इस तरह पर 17 लाख रुपए ले लिए। युवक को आरोपी विदेश नहीं भेज सका। उसके बाद आरोपी ने उसे कनाडा का फर्जी वीजा बनवाकर दे दिया और कहा कि जल्द ही तुम्हारी टिकट आ जाएगी। आप जाने की तैयारी कर लें।
इस दौरान आरोपी ने उसे फर्जी वीजा देकर दिल्ली में फ्लाइट से विदेश भेजने से पहले तीन दिन तक होटल में रखा, लेकिन जब उसने तीन दिन बाद भी नहीं भेजा तो उसे धोखाधड़ी की भनक ली। इसके बाद उसने आरोपी से अपने पैसे वापस मांगे तो वह टालमटोल करता रहा। बाद में तीन लाख रुपए का चेक दिया, जो कि बाउंस हो चुका था।
पीड़ित का आरोप है कि इस दौरान जब वह पैसे वापस मांग रहा था तो गांव मुंड निवासी बलवन्त व गांव पंघाला निवासी अनिल कुमार भी आरोपियों की इस साजिश में शामिल थे। जिन्होंने आरोपियों से बात करके उसके ऊपर दबाव बनाकर फर्जी समझौता करवाकर शिकायत वापस लेने व पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी।
सिटी थाना के जांच अधिकारी एएसआइ जयपाल ने बताया कि पुलिस ने आज पीड़ित की शिकायत के आधार पर संजीव शर्मा सहित 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

## तबादले नहीं करते तो एडजस्टमेंट ही कर दो : कृष्ण कुमार निर्माण

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। शिक्षक तबादला** करवाओ संघर्ष समिति ने एक बार फिर से प्रदेश के शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री को स्मरण-पत्र भेजकर याद दिलाया कि ऑनलाइन ट्रांसफर पोर्टल को अब खोला जाए, क्योंकि अब ऑनलाइन ट्रान्सफर पोर्टल चलेगा तभी तो सत्र के शुरू में तबादले हो पाएंगे। उपरोक्त मांग संघर्ष समिति के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण, राज्य सचिव रामनिवास संगोही, प्रेस प्रवक्ता ऋषिराज नरवाल ने की और पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से मिलने का समय भी मांगा है, ताकि तमाम तथ्य उनके सामने विस्तार से रखे जा सकें राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण ने आश्चर्य व्यक्त किया कि पिछले महीने की 22 नवंबर को पत्र भेजने के बाद, उसका किसी भी प्रकार का प्रत्युत्तर न आना, हैरानी की बात है। क्या मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को भेजी गई मेल कोई देखता है या नहीं।
उन्होंने मांग की कि यदि किन्हीं अपरिहार्य कारणों से ट्रांसफर ड्राइव नहीं चलाया जा सकता तो कम से कम अस्थाई स्टेशन पर बैठे शिक्षकों के लिए विशेष ट्रांसफर ड्राइव चलाया जा सकता है और यदि इसमें भी किसी प्रकार की कोई दिक्कत है तो फिर जो शिक्षक दूर-दराज बैठे हैं और उनके गृह जिलों में पद खाली हैं तो उनके लिए ही ट्रांसफर ड्राइव चलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा भी संभव नहीं है तो फिर जो शिक्षक एनिवेदित में गए हैं, उनके लिए ट्रांसफर ड्राइव जरूर चलाया जाए। कृष्ण कुमार निर्माण ने मांग की कि अगर ऐसा भी नहीं किया जा सकता तो कम से कम जिस तरह से संस्कृत पीजीटी के सैकड़ों शिक्षकों की एडजस्टमेंट की गई है, वैसे ही शिक्षकों की एडजस्टमेंट की जाए, क्योंकि इसी वर्ष जनवरी में सैकड़ों शिक्षकों की डेपुटेशन की गई थी, जो कि अभी तक है और यह कार्य केवल दो दिनों में ही कर दिया गया था।

## मोदी-मनोहर सरकार की गरीब कल्याण नीतियों से हर वर्ग हो रहा है खुशहाल: नायब सैनी


**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**भारतीय जनता** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने शनिवार को करनाल बस स्टैंड के पास नई का काम करने वाले मनोज को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित कर उनको प्रोत्साहित किया।
नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में गरीब, मजदूर आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत हो रहे हैं और उनका मान-सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नागरिक छोटे-छोटे काम करके देश और प्रदेश की उन्नति में भागीदार हो रहे हैं और प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार कर रहे हैं। इस मौके प्रदेश अध्यक्ष के साथ इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप भी उपस्थित रहे।

## विवाहिता को बंधक बनाकर की मारपीट, भाई ने कराया मुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। जिले** के बिलौना गांव में दहेज प्रताड़ना का मामला सामने आया है। महिला ने ससुराल पक्ष पर उसको व उसके बच्चों को बंधक बनाने के आरोप लगाए हैं। पीड़िता के भाई ने दरवाजा तोड़कर उसको बाहर निकाला। पति न सिर्फ उससे पैसे मांगता है, बल्कि उसके साथ बुरी तरह से मारपीट भी करता है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
पीड़िता की शादी करीब 11 साल पहले बिलौना गांव निवासी वाटविंद्र सिंह के साथ हुई थी। उसके दो बच्चे लड़का-लड़की हैं। पीड़िता का आरोप है कि शादी के एक साल बाद ही उसके पति ने उसे दहेज के लिए तंग करना शुरू कर दिया था, जिसके चलते वह पांच-छह महीने तक अपने ससुराल में भी रही।
तीन बार पंचायत में भी फैसला हुआ कि ससुराल वाले अब उसे परेशान नहीं करेंगे, लेकिन ढाक के तीन पात वाली बात रही। बार-बार उसको तंग किया जाता रहा। पंचायत के बाद भी वह अपने मायके से पैसे लेकर आई और पति को दिए, लेकिन ससुराल वालों का लालच और भी ज्यादा बढ़ता चला गया और उसे परेशान किया जाने लगा। पीड़िता ने बताया कि उसके पास दो सिलाई मशीन हैं। कपड़ों की सिलाई कर वह अपना खर्चा चलाती है। जो वह कमाती है, उसका पति उससे पैसे छीन लेता है। पैसे नहीं देती है तो उसके साथ गाली-गलौच व मारपीट करता है। पति पीटता रहता है और बाकी खड़े-खड़े तमाशा देखते रहते हैं।
पीड़िता का आरोप है कि 14 दिसंबर की रात को उसके पति व जेठ ने उसके साथ मारपीट की और उसे कमरे में बंद कर दिया, जबकि उसके बच्चों को पड़ोसियों के घर में बंद किया। पड़ोसियों ने ही उसके भाई को कॉल किया, जिसके बाद शुक्रवार दोपहर को उसके भाई ने दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला। वह अपने बेटे को तो अपने साथ ले आई थी, लेकिन उसकी बेटी ससुराल में ही है। मायके वालों ने उसका मेडिकल करवाया और मामले की शिकायत पुलिस को की।


# करनाल: सभी को करना चाहिए रक्तदान: शम्मी बंसल

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। वैश्य भवन** चेरिटेबल ट्रस्ट और रोटरी क्लब करनाल के सहयोग से थैलिसिमिया से पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान महाकल्याण शिविर का आयोजन कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में किया गया। शिविर के लिए लगभग 50 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 40 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में वैश्य भवन चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान और लिबर्टी ग्रुप के प्रबंध निदेशक शम्मी बंसल, रोटेरियन कपिल गुप्ता, यमुनानगर और इंडियन डेंटल एसोसिएशन के प्रधान डॉ. अभय अग्रवाल ने शिरकत की। अपने संबोधन में शम्मी बंसल ने कहा कि रक्तदान बहुत ही पुण्य का कार्य है। हर इंसान को नियमित रक्तदान अवश्य करना चाहिए। कपिल गुप्ता ने कहा कि नियमित रक्तदान से जहां हम जरूरतमंद मरीज की जान बचाने में सहायता करते हैं, वहीं नियमित रक्तदाता को भी कई बीमारियों से छुटकारा भी मिलता है।
शिविर के संयोजक कपिल किशोर ने बताया कि थैलेसिमिया जैसी बीमारी से बचने के लिये शादी से पहले हर लड़का एवं लड़की को अपना ब्लड टैस्ट अवश्य कराना चाहिए। हर गर्भवती महिला को भी अपने रक्त की जांच अवश्य करानी चाहिए। सभी रक्त दाताओं को बैज लगाकर व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि अगला रक्तदान शिविर 31 दिसंबर को ग्राम सचिवालय, गांव भौजी में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगाया जाएगा।
शिविर में लिबर्टी शूज, मॉडर्न डेयरी एवं नीलू जैन द्वारा प्रायोजित रक्त दाताओं ने रक्तदान किया। क्लब के प्रधान रोटेरियन डॉ. विक्रम मित्तल और डॉ. पीके जैन ने शिविर आए सभी रक्तदाताओं और अतिथियों का धन्यवाद किया।
रक्तदान शिविर के आयोजन में बृज लाल गर्ग, विनोद गुप्ता, हेमराज मित्तल, राजेश गोयल, नरेंद्र गोयल, डॉ. एके सूद, डॉ. डीडी शर्मा, कुलभूषण जैन, गौतम जैन, मीनाक्षी जैन, एसके जैन आदि का विशेष सहयोग रहा।



## करनाल: इंश्योरेंस हमारे जीवन में अहम: दिलबाग कादियान

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। एमडीडी** बाल भवन में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जनरल इंश्योरेंस की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में जीवन में इंश्योरेंस के महत्व पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में दिलबाग कादियान ने बच्चों को जीवन में इंश्योरेंस का क्या महत्व है? इसकी जानकारी दी और आजकल इंश्योरेंस के नाम पर कुछ गलत प्रेक्टिस चल रही है उनसे कैसे बचा जाए, इसके बारे में बताया। इस अवसर पर चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के चेयरमैन उमेश चानना विशेष तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों से जरूरी जानकारी सांझा की। नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी की टीम से स्टेट कोऑर्डिनेटर व पूर्व सीडब्ल्यूसी चेयरमैन सुरिंदर सिंह मान ने बच्चों को करियर से संबंधित जानकारी दी व इसकी रूपरेखा कैसे तैयार करें, ये सब समझाया। एमडीडी बाल के अध्यक्ष परमिंदर सिंह पाल ने सभी मेहमानों का धन्यवाद किया।



## संपादकीय

# भाजपा का मुख्यमंत्री चयन : योग्यता नहीं 'वफादारी ' पैमाना

**चारा** घोटाला के आरोप में जब 1997 में राष्ट्रीय जनता दल नेता व तत्कालीन मुख्यमंत्री बिहार,लालू यादव पर जेल जाने की तलवार लटकने लगी तो उन्होंने अपने उत्तराधिकारी के रूप में बिहार जैसे बड़े राज्य के मुख्यमंत्री पद की कमान अपनी पार्टी के किसी शिक्षित व अनुभवी नेता को सौंपने के बजाये अपनी पत्नी राबड़ी देवी के हाथों सौंप कर राजनैतिक जगत के लोगों को आश्चर्य में डाल दिया था। उस समय 25 जुलाई 97 से लेकर 11फरवरी 99 तक राबड़ी देवी पहली बार इस विशाल राज्य की मुख्यमंत्री बनी थीं। उसके बाद उन्होंने तीन बार मुख्यमन्त्री का पद सम्भाला। यहाँ तक कि अपने दूसरे और तीसरे कार्यकाल में मुख्यमंत्री के तौर पर उन्होंने अपना पाँच साल का कार्यकाल पूरा किया। राबड़ी देवी के मुख्यमंत्री पद पर बैठने के बाद पूरे देश में इस बात की चर्चा बलवती थी कि लालू यादव ने आखिर किस योग्यता के आधार पर राबड़ी देवी को इतने विशाल राज्य का मुख्यमंत्री बना दिया ? जबकि उस समय उनके पास न ही राजनैतिक व प्रशासनिक सूझ बूझ थी न ही कोई शैक्षिक योग्यता। बस एक ही योग्यता थी कि वे लालू यादव की पत्नी होने के नाते बिना खयानत के उनकी सबसे वफादार प्रतिनिधि के रूप में राजद का सत्ता नेतृत्व संभाल सकती थीं और समय आने पर उसे हस्तानांतरित भी कर सकती थीं। और वही उन्होंने किया भी। जबकि वक़्त पड़ने पर नितीश कुमार द्वारा जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री बनाना नितीश को रास नहीं आया। ऐसे और भी कई उदाहरण हैं। इसी तरह भाजपा ने उत्तरांचल में मार्च 2021 में एक प्रयोग कर तीर्थ सिंह रावत को राज्य का मुख्यमंत्री मनोनीत किया था। 10 मार्च 2021 को मुख्यमंत्री पद पर बैठने के बाद रावत ने अपने कार्यकाल के चार महीने भी पूरे नहीं किये और भाजपा द्वारा 4 जुलाई 21 को ही उन्हें पद से हटा दिया गया। पुष्कर सिंह धामी भी भाजपा का एक ऐसा ही प्रयोग थे जो न केवल भाजपा बल्कि संघ के लिये भी इतने लाभदायक साबित हुये कि पार्टी ने एक जगह से चुनाव हारने के बावजूद उन्हें दूसरे निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़वाकर पुनः मुख्यमंत्री बनाया। कुछ ऐसी ही स्थिति पिछले दिनों मध्य प्रदेश,राजस्थान व छत्तीसगढ़ राज्यों में भाजपा के मुख्यमंत्री चयन को लेकर देखी गयी। देश यही समझ रहा था कि राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया की अनदेखी कर पाना भाजपा के लिये आसान नहीं होगा। या फिर यू पी में योगी आदित्य नाथ की तर्ज पर राजस्थान में भी भाजपा योगी बालक नाथ के हाथों राजस्थान की बागडोर सौंप सकती है। अथवा गजेंद्रसिंह शेखावत,अर्जुन मेघवाल जैसे एक दो केंद्रीय मंत्रियोंअथवा स्पीकर ओम बिड़ला के नाम की चर्चा चल रही थी। परन्तु भाजपा नेतृत्व ने सभी कयासों पर विराम लगते हुये एक ऐसे नेता को राजस्थान का मुख्यमंत्री मनोनीत किया जिसके नाम की कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। पार्टी ने जयपुर की सांगानेर सीट से पहली बार जीत दर्ज करने वाले विधायक भजन लाल शर्मा को जोकि चार बार भारतीय जनता पार्टी के राज्य महासचिव के रूप में भी कार्य कर चुके हैं, को राज्य का मुख्यमंत्री पद सौंप दिया। पार्टी के प्रति उनकी वफादारी की सबसे बड़ी योग्यता यही थी कि वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हैं।

# वसुंधरा ने कैसे किया सरेंडर

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> "भजनलाल शर्मा के नेता पद के चुनाव से पहले राजनीतिक विश्लेषक आशंका जता रहे थे कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे खुद के अलावा किसी अन्य के नाम पर सहमत नहीं होगी। विधानसभा के चुनाव परिणाम आने के बाद से ही वसुंधरा राजे द्वारा अपने आवास पर विधायकों को बुलाकर लगातार शक्ति प्रदर्शन भी किया गया था। मगर जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर्यवेक्षक बनकर जयपुर आए तो उन्होंने मात्र दो घंटो में ही भजनलाल शर्मा को अगला मुख्यमंत्री घोषित कर वसुंधरा राजे के पूरे खेल को ही बिगाड़ कर रख दिया था। इतना ही नहीं भजनलाल के नाम का प्रस्ताव भी वसुंधरा राजे से ही करवाया गया था। विधायक दल की बैठक के दौरान राजनाथ सिंह ने अपनी जेब से एक पर्ची निकालकर वसुंधरा को दी थी। जिस पर भजनलाल शर्मा का नाम लिखा था"

**राजस्थान** में भाजपा विधायक दल के नेता के पद पर पहली बार विधायक बने भजनलाल शर्मा का चयन हो चुका है। भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री पद की व जयपुर राजघराने की दिया कुमारी तथा डॉक्टर प्रेमचंद बैरवा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण कर ली है। इसके साथ ही राजस्थान में विधिवत रूप से भाजपा की सरकार काम करने लग गयी है। भाजपा ने विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए भी अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी का नाम तय कर दिया है। निर्धारित प्रक्रिया के तहत उनका भी विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए चयन हो जाएगा। राजस्थान में भाजपा के 115 विधायक जीत कर आए हैं। इसके साथ ही कई निर्दलीय विधायकों ने भी भाजपा को समर्थन देने के संकेत दिए हैं। ऐसे में भाजपा के नए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पांच साल तक सरकार चलाने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होने वाली है।

भजनलाल शर्मा के नेता पद के चुनाव से पहले राजनीतिक विश्लेषक आशंका जता रहे थे कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे खुद के अलावा किसी अन्य के नाम पर सहमत नहीं होगी। विधानसभा के चुनाव परिणाम आने के बाद से ही वसुंधरा राजे द्वारा अपने आवास पर विधायकों को बुलाकर लगातार शक्ति प्रदर्शन भी किया गया था। मगर जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर्यवेक्षक बनकर जयपुर आए तो उन्होंने मात्र दो घंटो में ही भजनलाल शर्मा को अगला मुख्यमंत्री घोषित कर वसुंधरा राजे के पूरे खेल को ही बिगाड़ कर रख दिया था। इतना ही नहीं भजनलाल के नाम का प्रस्ताव भी वसुंधरा राजे से ही करवाया गया था। विधायक दल की बैठक के दौरान राजनाथ सिंह ने अपनी जेब से एक पर्ची निकालकर वसुंधरा को दी थी। जिस पर भजनलाल शर्मा का नाम लिखा था। राजनाथ सिंह द्धारा दी गयी पर्ची पर लिखे नाम को पढ़कर एक बार तो वसुंधरा सकपका गयी थी। मगर बाद में उन्होने भजनलाल के नाम का प्रस्ताव कर दिया था।



लोगों का कहना है कि नेता पद के चयन से पहले वसुंधरा राजे व उनके समर्थक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, पूर्व विधायक भवानीसिंह राजावत, प्रहलाद गुंजल जैसे कई नेता व विधायक लगातार कह रहे थे कि वसुंधरा राजे जैसी अनुभवी को ही प्रदेश में तीसरी बार मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। प्रदेश की खराब वित्तीय स्थिति का सामना वसुंधरा राजे जैसी अनुभवी नेता ही कर सकती है। उनको दो बार सरकार चलाने का अनुभव है। वह पूरे प्रदेश से अच्छी तरह वाकिफ है। मगर वसुंधरा राजे के किसी भी समर्थक की एक भी नहीं सुनी गई और भजनलाल के नाम का की घोषणा हो गई।

राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि जब जयपुर में वसुंधरा राजे विधायकों के साथ शक्ति प्रदर्शन कर रही थी। तब उनके सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह पर भी जयपुर के एक होटल के हाडौती के कुछ विधायकों की बाड़ेबंदी करने की खबरें आई थी। तब भाजपा आलाकमान सतर्क हो गया और वसुंधरा राजे को दिल्ली बुलाया गया। दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व गृहमंत्री अमित शाह ने वसुंधरा राजे को दो टूक शब्दों में समझा दिया था कि इस बार उनको मुख्यमंत्री नहीं बनाया जा रहा है। पार्टी नए लोगों को आगे करेगी ऐसे में आपको पार्टी का साथ देना चाहिए। चर्चा है कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा व अमित शाह ने वसुंधरा राजे को कड़ाई से कह दिया था कि उन्होंने एक लंबी राजनीतिक पारी खेल चुकी है। इसलिए अब उनको विश्राम करना चाहिए। यदि वह पार्टी के निर्णय के साथ रहेगी तो उनके सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह को पार्टी में आगे बढ़ाया जाएगा।

चर्चा है कि अपने पुत्र दुष्यंत सिंह जो झालावाड़ सीट से चौथी बार सांसद है। उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर वसुंधरा राजे ने पार्टी आलाकमान के निर्णय के साथ रहने में ही अपनी भलाई समझी और उन्होंने चुपचाप पार्टी के निदेशों का पालन किया। वसुंधरा राजे का पुत्र दुष्यंत सिंह चार बार के सांसद है तथा आगे उन्हें केंद्र सरकार में मंत्री बनाए जाने की भी संभावना व्यक्त की जा रही है। बहरहाल वसुंधरा राजे ने तो अपने पुत्र के मोह में पार्टी नेतृत्व के समक्ष हथियार डाल दिए हैं। मगर उनको मुख्यमंत्री बनाने की मांग को लेकर बारां अंता के विधायक कंवरलाल मीणा, कालीचरण सर्राफ, प्रताप सिंह सिंघवी, बहादुर सिंह कोली जैसे लोग खुलकर सामने आ चुके हैं। इससे उनकी छवि जरूर पार्टी नेतृत्व के सामने दागदार हुई है। हो सकता है आने वाले समय में उन्हें पार्टी द्वारा सरकार या संगठन में कोई जिम्मेदारी भी नहीं दी जाए। पार्टी आलाकमान के निर्देश पर ही वसुंधरा राजे ने भजनलाल शर्मा के मुख्यमंत्री पद का कार्यभार ग्रहण करते समय सचिवालय जाकर उनके सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद देते कि फोटो भी खिंचवाकर आल इस वेल का सन्देश भी दे चुकी हैं। वसुंधरा इतना सब अपने पुत्र कि खातिर ही कर रही हैं। वरना उनकी विद्रोही छवि व लड़ाकू स्वभाव से हर कोई वाफिक हैं।

अब पार्टी ने भी उनके स्थान पर राजपूत नेता के तौर पर जयपुर राजधराने की दीया कुमारी को उपमुख्यमंत्री बना कर प्रदेश की राजनीति में आगे बढ़ा दिया है। दीया कुमारी उनकी तरह बड़े राजपरिवार की बेटी के साथ महिला भी हैं। दीया कुमारी राजसमंद से सांसद व दूसरी बार विधायक बनी है। उन्होने विधाधर नगर सीट पर राजस्थान में सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। दूसरा उपमुख्यमंत्री अनुसूचित जाति के डा. प्रेमचंद बैरवा को बनाया गया हैं। जो वसुंधरा गुट के माने जाते थे। मगर अब बैरवा सरकार में शामिल हो गये हैं। इसी तरह अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर वसुंधरा के साथ रहने वाले विधायक भी अब एक-एक कर खिसकने लगे हैं। वसुंधरा राजे स्वयं इस समय पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष है। भाजपा में जिस तरह से आलाकमान प्रभावी है। उसको देखकर नहीं लगता है कि वसुंधरा राजे को आगे चलकर पार्टी में कोई और अधिक बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी। मौजूदा संकेतों से तो वसुंधरा राजे का राजनीतिक भविष्य गुमनामी की ओर ही जाता दिख रहा है। उनके कई समर्थकों का इस बार टिकट भी काट दिया गया। मौजूदा हालात को देखकर तो लगता है कि आने वाले समय में वसुंधरा राजे के अन्य समर्थको को भी पार्टी में प्रभावहीन कर दिया जाये तो किसी को आश्चर्य नहीं होगा। बहरहाल राजस्थान में जहां हर बार सरकार बदलने की परंपरा इस बार भी कायम रही है। वही एक बार वसुंधरा राजे एक बार अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री बनने का सिलसिला टूट गया है। भाजपा ने वसुंधरा राजे के स्थान पर भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनकर पुरानी परंपराओं को समाप्त कर प्रदेश में एक नई राजनीति की शुरूआत की हैं। यह कितनी सफल रहेगी इसका पता तो आने वाले समय में ही चल पाएगा।

## कविता

सच दूर से लौटकर आ जाते हम।
सच दूर से भी वापस आ जाते हम, दिल से
ईक आवाज लगाई तो होती,
बहुत दूर नहीं जरा से फासले में थे हम,
मोहब्बत में थोड़ी वफा दिखाई तो होती।
रफ्ता रफ्ता वक्त गुजर गया हाथों से,
तिरे दिल की सदा हमें सुनाई तो देती।
गुजारिश है लौट आओ तुम्हारे हम कदम हैं
हम,
काश बेरुखी में यारी की गुंजाइश तो होती
।
बमुश्किल तुम्हें खुदा से मांगा था
जुदाई में दी थोड़ी सफाई तो होती।
तैरने के हुनर से वाकिफ होता गर मैं,
इश्क के दरिया में न जान डुबाई तो होती।
हम भी डूब हो जाते हैं ईस दरिया में
गर मोहब्बत में जरा गहराई तो होती ।

श्याम कुमार

# कृत्रिम मेधा की बुनियाद

**विजय गर्ग**

**कंप्यूटर प्रणाली** का प्रभाव समाज की वैज्ञानिक विकास प्रक्रिया का क्रांतिकारी चरण रहा है। इसी क्रम में इंटरनेट का प्रभाव समाज में आया, जिसने विभिन्न वेबसाइटों, एप आदि के माध्यम से लोगों को परस्पर जोड़ने का अभूतपूर्व कार्य किया। इसका अगला क्रांतिकारी चरण यानी इंटरनेट का स्मार्टफोन के माध्यम से लोगों की हथेली तक पहुंच जाना है। इसी सक्रियता के प्रत्युत्पाद के रूप में कृत्रिम मेधा की सामाजिक उपस्थिति हो चुकी है। व्यक्तिगत डेटा के मुक्त दोहन की बुनियाद पर वैश्विक डिजिटल कंपनियां अपने विस्तार में लगी हैं, बल्कि इन्हीं डेटा से दूसरी कंपनियों के लाभ का उपक्रम भी बन रहा है। इसे विपणन कंपनियां अपना प्रमुख उपकरण बना चुकी हैं। इन सबमें सबसे खतरनाक है कि ये सभी धूर्तताएं पहले टेलीविजन के पर्दे, अखबार के पन्नों, रेलवे बस स्टेशन की दीवारों पर दिखता था, जहां तक पहुंचने में बाजार को कुछ हद तक नियामक तंत्र या दूसरे सामाजिक दबावों से गुजरना पड़ता था, लेकिन वर्तमान डिजिटल मीडिया के वितान में उसकी व्याप्ति के लिए ऐसा कोई प्रभावी नियामक बन नहीं पाया है। यहां सब कुछ इतना गतिमान है कि उसको नियंत्रित करना आसान भी नहीं है। दूसरी तरफ भारत में बड़ी तेजी से सूचनाओं के मिथ्या, शरारतपूर्ण और भ्रमपूर्ण होने के बावजूद उसकी खपत बढ़ी है। दूसरी तरफ बाजार अपने उत्पाद के विस्तार को लेकर अब सूक्ष्म योजना पर काम भी करने लगा है। डिजिटल मीडिया और कृत्रिम मेधा के तालमेल से बाजार को लोगों की अभिरुचि के आधार पर उनकी हथेली से आगे बढ़कर उनके मनो मस्तिष्क तक पहुंचना बहुत आसान हो चुका है। डिजिटल माध्यमों के साथ समाज की जो अंतरंगता बन चुकी है, वह बाजार का एक नया चक्रव्यूह है, जिसे उपभोक्ता बड़ी सहजता से स्वीकार कर लेता है। अगर कंप्यूटर संजाल को इस खिड़की से देखा जाएगा, तो एक सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह समाज पर एक बोझ बन चुकी है? क्योंकि यह अब सटीक सूचना नहीं, बल्कि सायास भ्रम का साधन भी बन रही है। हाल के 'डीपफेक' की घटना में एक अभिनेत्री का वीडियो इसका प्रमाण है।

ऐसे में सवाल है कि क्या इस सबके लिए जिम्मेदार कंप्यूटर प्रणाली या उसके डिजिटल उत्पाद हैं? शायद नहीं, क्योंकि आजकल डिजिटल मीडिया में जो विकार आए हैं, वे सब दरअसल हमारी अपनी विकृतियों के कोष हैं। एक समाज के रूप में हम जो कर रहे हैं, वही वहां एकत्रित हो रहा है। इस पूरी प्रक्रिया में यह भी नहीं भूलना चाहिए कि डिजिटल मीडिया ने अनेक सकारात्मक बदलावों को सहेजा और सहयोग दिया है, जिनसे समाज आगे भी बढ़ा है, साथ ही पारदर्शिता बढ़ी है। बल्कि यह भी स्वीकार करना चाहिए कि उन्हीं झंझावातों से गुजरकर समाज परिपक्व भी हो रहा है। लेकिन डिजिटल मीडिया ने अगर लोगों की वेदना को स्वर दिया है, तो उनकी कानाफूसियों और चुहलबाजियों को भी स्वर दिया है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि वैयक्तिकता और सामाजिकता में अंतर करें।

## विचार

# बाजार के शिकंजे में सिविल सेवा परीक्षा

**विजय गर्ग**

**पिछले** दिनों एक फिल्म आई 12वीं फेल'। यह चंबल क्षेत्र के गांव में रह रहे एक ऐसे निम्न-मध्य वर्ग के युवक के आइपीएस अधिकारी बनने की कहानी है, जो नकल न कर पाने के कारण 12वीं में फेल हो गया था। ध्यान देने की बात यह है कि यह फिल्म उसके जीवन पर आधारित है। इसके आधार पर फिल्मकार को फिल्म में वह सब कुछ मसाला डालने का मौका मिल जाता है, जो दर्शकों की आंखों में आंसू लाने और उन्हें तालियां बजाने को मजबूर कर दें। ऐसी स्थिति में किसी भी रचना का सामाजिक सरोकार संदिग्ध हो जाता है। पिछले कुछ वर्षों से संघ लोक सेवा आयोग यानी यूपीएससी द्वारा देश की सबसे प्रतिष्ठित मानी जाने वाली प्रशासनिक सेवाओं के लिए आयोजित सिविल सेवा परीक्षा काफी चर्चा में है। यह चर्चा कमजोर पृष्ठभूमि के युवाओं द्वारा प्राप्त की गई सफलताओं से लेकर यूपीएससी द्वारा सिविल सेवा परीक्षा को एक वर्ग विशेष के लिए लाभदायक बना देने तक फैली हुई है। अच्छी बात यह है कि डेढ़-दो दशक पूर्व तक लोगों के लिए लगभग अनजान - सी रही यह परीक्षा अब गांव-गांव तक के लोगों तक पहुंच गई है।

वर्ष 1979 में पहली बार अंग्रेजी के आधिपत्य को तोड़कर सिविल सेवा परीक्षा के द्वार अन्य भारतीय भाषाओं के लिए खोल दिए गए थे। इससे ठीक पहले हर वर्ष लगभग 600-700 पदों के लिए तीस हजार के करीब युवा आवेदन करते थे। इनमें बैठने वालों की संख्या करीब 16-17 हजार होती थी। अब पदों की संख्या अधिकतम एक हजार के आसपास है। इसके लिए लगभग 12 लाख युवा आवेदन करते हैं, जिनमें से करीब साढ़े पांच लाख परीक्षा में बैठते हैं। यह सिविल सेवा परीक्षा के लोकतंत्रीकरण का एक प्रमाण है। यह अर्थशास्त्र का सिद्धांत है कि जैसे ही किसी को कहीं संभावना नजर आती है, वह अपने लिए बाजार तैयार करने में लग जाता है। चूंकि बाजार के अस्तित्व के लिए उपभोक्ताओं की संख्या का पर्याप्त होना प्राथमिक शर्त होती है, इसलिए उसका एक काम यह भी होता है कि वह अपने लिए नए-नए उपभोक्ता तैयार करे। ऐसा करने में आज यूट्यूब जैसे प्लेटफार्म भी बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। सिविल सेवक को ऐसे ग्लैमरस तरीके से पेश किया जा रहा है, जो सत्य से परे है। उदाहरण के तौर पर किसी सर्किट हाउस को कलेक्टर के निवास के रूप में दिखाना। यहां तक कि सेलेब्रिटी बनने के मोह में कुछ आइएएस अफसर बालीवुड के सदस्यों की तरह अपनी गतिविधियों को इंटरनेट मीडिया पर पेश कर रहे हैं। इन सबसे बाजार ने युवाओं की आंखों में आइएएस बनने के सपनों की फसल बोने में सफलता प्राप्त कर ली है। चूंकि इंजीनियरिंग और मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं की कोचिंग का माडल पहले से ही मौजूद था, इसलिए आइएएस की परीक्षा की तैयारी कराने के लिए किसी स्वरूप पर विचार करने की कोई बहुत अधिक आवश्यकता नहीं पड़ी। धीरे-धीरे जगह-जगह कोचिंग सेंटर खड़े होने लगे। बड़ी-बड़ी कंपनियों के स्वरूप से लेकर छोटे-छोटे ट्यूशन टाइप के संस्थान तक इन सबके मिले- जुले प्रयासों ने युवाओं के मन में यह बात बैठाने में सफलता प्राप्त कर ली कि कोचिंग के बिना इस कठिन परीक्षा की वैतरणी को पार करना उनके लिए लगभग असंभव है।

बाजार तरह-तरह से यह बताकर कि 'तुमसे यह न हो सकेगा, उपभोक्ताओं के आत्मविश्वास को कमजोर करता है। स्वयं को सही सिद्ध करने के लिए वह सरल-सी प्रक्रिया को भी पहले अत्यंत जटिल बनाता है। फिर उसका समाधान प्रस्तुत करता है। 7 वर्तमान में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के स्वरूप का इतना मशीनीकरण कर दिया गया है कि परीक्षा की तैयारी करने वाला युवा कोचिंग के अभाव में स्वयं को अत्यंत असहाय पाने लगा है। इससे न केवल युवाओं के बीच सफल होने की गला काट प्रतियोगिता बढ़ गई है, बल्कि ऐसे प्रतियोगिता कोचिंग संस्थानों के बीच भी होने लगी है। येन- केन-प्रकारेण किसी भी हालत में युवाओं को अपने यहां दाखिला लेने के लिए आकर्षित करने की होड़ शुरू है। परीक्षा के परिणाम घोषित होते ही सफल उम्मीदवारों को अपने यहां का विद्यार्थी बताकर उनकी सफलता का श्रेय लेने की प्रवृत्ति ने विज्ञापन को काफी कुछ हास्यास्पद बना दिया है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



## वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# छात्र सेल फोन का उपयोग स्मार्ट है या नहीं

**विजय गर्ग**

**इस** साल की शुरूआत में, अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य ने एक कानून पारित किया, जिसमें राज्य भर के पब्लिक स्कूलों को कक्षा के समय छात्रों के सेल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता थी। नए राज्य नियम युवा लोगों और सोशल मीडिया पर बढ़ती वैश्विक कार्रवाई को दशार्ते हैं। अक्टूबर की शुरूआत में, ब्रिटिश सरकार ने नए दिशानिर्देश जारी किए जिसमें सिफारिश की गई कि स्कूलों में छात्र सेल फोन का उपयोग प्रतिबंधित किया जाए। इसके बाद इटली आया, जिसने पिछले साल पाठों के दौरान सेल फोन पर प्रतिबंध लगा दिया था, और चीन, जिसने दो साल पहले बच्चों को स्कूल में फोन ले जाने पर रोक लगा दी थी। संयुक्त राष्ट्र की शैक्षिक और सांस्कृतिक एजेंसी, यूनेस्को की एक हालिया रिपोर्ट में पाया गया कि चार में से लगभग एक देश में अब स्कूलों में छात्र सेलफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने या प्रतिबंधित करने वाले कानून या नीतियां हैं। इस तरह के प्रतिबंध आम तौर पर विकलांग छात्रों और शिक्षकों द्वारा अनुमोदित उपयोगों के लिए अपवाद हैं। फिर भी, स्मार्टफोन पर कार्रवाई विवादास्पद है। समर्थकों का कहना है कि प्रतिबंध छात्रों को सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करने और धमकाने वाले टेक्स्ट संदेश भेजने से रोकते हैं, जिससे कक्षा में विकर्षण कम हो जाता है। आलोचकों ने चेतावनी दी है कि छात्रों से उनके फोन काटने से नौकरी या पारिवारिक जिम्मेदारियों वाले लोगों को असंगत रूप से दंडित किया जा सकता है - और प्रतिबंध लागू करने से कठोर अनुशासनात्मक उपायों को बढ़ावा मिल सकता है। हालाँकि कुछ स्कूलों में साइबरबुलिंग की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है, लेकिन प्रतिबंधों के दीर्घकालिक प्रभावों पर बहुत कम शोध हुआ है। प्रतिबंध की शुरूआत कैसे हुई? अमेरिका में स्कूल जिले 30 से अधिक वर्षों से फोन प्रतिबंध का प्रयोग कर रहे हैं। 1989 में, जैसे ही अवैध दवा की बिक्री बढ़ी, मैरीलैंड ने एक कानून पारित कर छात्रों के लिए स्कूल में पेजर और उपकरण ले जाना अवैध बना दिया, जिन्हें उस समय "सेलुलर टेलीफोन" कहा जाता था।

## दाढ़ी और मूँछ

व्याकरण दाढ़ी-मूँछों का लिंग बता देता है और राजनीति उनका धर्म। दाढ़ी और मूँछ के बालों ने न जाने कब अपनी पार्टी बना ली हमें खबर ही नहीं हुई। उगते तो ये चेहरे पर ही हैं लेकिन इनका धर्म आँखों के रास्ते से होते हुए कब वोट बटोरने का बहाना बन जाते हैं, इसका पता किसी राज्य में किसी की सरकार बनने और गिरने से चलता है। इन बालों में बड़ा दम है। बुरे को अच्छा और अच्छे को बुरा बताने की ताकत रखते हैं। थोबड़े में इनके उगने भर की खुराक हो तो कहने ही क्या। किसी को महान और किसी को शैतान बनाने का माद्दा रखते हैं। मैं दाढ़ी-मूँछ के बालों से पूछना चाहता हूँ कि कब से तुम धर्म के नाम पर उगने लगे हो। मैं यह शिकायत इसलिए नहीं कर रहा हूँ कि तुम मेरे चेहरे पर नहीं उगते। दूसरों के चेहरों पर उगते हो इसलिए भी नहीं। तुम्हारे उगने से मुझे कोई दिक्कत नहीं है। उगो। खूब उगो। जितना उगना चाहते हो उतना उगो। यहाँ थोबड़ों की कमी थोड़े न है। एक माँगोगे तो सौ मिल जायेंगे। लेकिन यह बताकर उगो कि तुम किस धर्म के हो। कम से कम हम तुम्हें उस चश्मे से देख तो सकें। पता चला हम जिसे ह्यकह्ल धर्म समझते रहे थे वह तो ह्यखह्ल धर्म निकला। इससे तो मामला गड़बड़ा जाएगा। मानता हूँ कि मैं बुद्धिजीवी नहीं हूँ। लेकिन बुद्धिजीवी की तरह ढोंग करने में किसी से कम नहीं हूँ। ऐसे में तुम्हारा असली बुद्धिजीवियों के साथ छल-कपट तो चल जाएगा, लेकिन हम जैसे नकली बुद्धिजीवियों का क्या होगा जिनकी बहुत बड़ी आबादी इधर-उधर हर जगह फैली है।

दाढ़ी-मूँछ से मेरी एक छोटी सी गुजारिश है। मुझे वे इतना भर बता दें कि तुम कैसे किसी के चेहरे पर उगकर रवींद्रनाथ टैगोर बन जाते हो और किसी के चेहरे पर उगकर सद्दाम हुसैन। जबकि रवींद्रनाथ टैगोर सा लगने वाला कविता का ह्यकह्ल भी नहीं जानता और सद्दाम हुसैन सा लगने वाला तुम्हारे बिना पप्पु बनकर रह जाने वाला कैसे आतंकवादी बन जाता है। चोर की दाढ़ी में अब तिनके नहीं पड़ते। अब तो इन दाढ़ियों के रखरखाव के लिए इतना खर्च होता है कि उतने में सौ-पचास गरीबों का घर चल सके। काश तुम व्याकरण में लिंग तक ही सीमित रह जाते। अब मुझे तुम्हारे भीतर धर्म का जंजाल दिखायी देता है।

## न्यूज फ्लैश

### घुटनों व कूल्हे के दर्द को नजरअंदाज न करें: डा. दक्ष शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

**विर्क अस्पताल** तथा सुख दुख संस्था की ओर से घुटने व कूल्हे का निशुल्क मेडिकल कैंप विर्क अस्पताल में लगाया गया। शिविर में विर्क अस्पताल के डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दी और मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में पहुंचे मरीजों की निशुल्क जांच के साथ-साथ जरूरतमंद मरीजों का फ्री एक्सरे किया गया और उन्हें निशुल्क परामर्श भी दिया गया।

शिविर में घुटने व कुल्हे के स्पेशलिस्ट डा. बलबीर सिंह विर्क व डा. दक्ष शर्मा ने मरीजों की जांच की। उन्होंने मरीजों को जांचते हुए बताया कि यदि मरीज को कूल्हे में कोई परेशानी आ रही है तो वह तुरंत अस्पताल जाकर डाक्टर की सलाह लेनी चाहिए। उन्होंने ने बताया कि घुटनों में दर्द होना एक सामान्य समस्या है, जो सभी उम्र के लोगों को हो सकती है। उन्होंने कहा कि घुटनों व कूल्हे के दर्द को नजरअंदाज न करें। कई बार घुटनों में दर्द चोट लगने के कारण भी हो सकता है। इसका कारण लिगामेंट का टूटना, कार्टिलेज का फटना जैसे अन्य कई कारण भी हो सकते हैं। कुछ फिजिकल थेरेपी और घुटनों के ब्रेसिज भी दर्द से राहत देने में मदद कर सकते हैं। कुछेक मामलों में घुटनों के दर्द को खत्म करने के लिए सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। डा. दक्ष ने मरीजों से बातचीत करते हुए कहा कि हमारे घुटने के जोड़ एक कुशन जैसी सतह से सुरक्षित रहते हैं, जिसे उपास्थि कहा जाता है जो घुटने की टूट-फूट को रोकता है। जब संरक्षित परत क्षतिग्रस्त हो जाती है या तो चोट के कारण, सूजन संबंधी बीमारी जैसे रुमेटीइड गठिया या उम्र से संबंधित टूट-फूट के कारण, इसके परिणामस्वरूप हड्डी से हड्डी का संपर्क होता है और इसे घुटने के ऑस्टियोआर्थराइटिस के रूप में जाना जाता है। हड्डियों का एक-दूसरे के खिलाफ रगड ?ा घुटने का कारण बनता है। इस मौके पर शिविर में पहुंचे लोगों ने स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया।

### खेड़ी गुज्जर गांव के खेत से हजारों रुपए का खाद व टयूबवैल की तार चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर।** खेड़ी गुज्जर गांव के खेतों से चोर हजारों रुपएं का रूरिया व डीएपी खाद व टयूबवैल की समर्सीबल की तार चोरी कर ले गए। चोरी की शिकायत किसान ने पुलिस को दी। पुलिस चोरी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में खेड़ी गुज्जर गांव निवासी सोमपाल ने बताया कि उसने गांव के ही किसान से जमीन पट्टे पर ले रखी है। अपने गेंहू की फसल में खाद मारने के लिए टयूबवैल में उसने 10 कट्टे यूरिया व 3 डीएपी खाद के रखे थे। शिकायत में बताया कि 16 दिसंबर की सुबह खेत में गया तो कोठरे की दिवार तोड़कर चोर सभी खाद के कट्टे चोरी कर ले गए। इसके बाद चोरी की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने चोरी का मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी।

### दुकान का शटर तोड़ 25 बैट्री चोरी

**गन्नौर।** खेड़ी रोड सिथत इलेक्ट्रॉनिक की दुकान का ताला तोड़ कर चोर बैट्री चोरी कर ले गए। चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। खेड़ी रोड निवासी सोनू ने पुलिस को बताया कि वह 16 दिसम्बर की रात को अपनी दुकान का ताला लगा कर घर गया था। अगली सुबह उसके साथी ने फ़ोन कर बताया कि उसकी दुकान का शटर टूटा हुआ है। जब वह दुकान पर पहुँचा ओर चेक किया तो दुकान से 25 बैट्री गायब थी। वही चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी केमरे में कैद हो गई। जिसमे 3-4 आदमी एक गाड़ी में सामान ले जाते हुए दिखाई दे रहे है। गन्नौर थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि पुलिस ने चोरो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में लेकर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरो का पता लगा रही है।

### दोस्त के साथ गया युवक संदिग्ध हालत में लापता, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत/ टीम एक्शन इंडिया**

**सदर** थाना क्षेत्र में दोस्त के साथ गया युवक संदिग्ध हालत में लापता हो गया। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

बैंयापुर खुर्द निवासी सुरेश ने बताया कि उसका बेटा सन्नी गत 9 अगस्त को स्टार होटल राठधाना में मिला था। उसके बाद एक-दो बार बात हुई। उसके बाद वह मनीष के साथ चला गया। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी प्रदीप कुमार ने बताया कि युवक की तलाश के प्रयास किया जा रहा है। जल्द से जल्द युवक का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### एमपीएचई एसोसिएशन का चुनाव करवाने के लिए कमेटी का गठन

**सोनीपत/ टीम एक्शन इंडिया**

**सर्व कर्मचारी** संघ गोहाना रोड सोनीपत पर सुनीता राणा की अध्यक्षता में एमपीएचई एसोसिएशन सोनीपत की मिटिगं की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रानी गहलावत एमपीएचई एसोसिएशन हरियाणा की राज्य प्रधान ने शिरकत की। मीटिंग में सुनीता राणा ने जिले की एसोसिएशन इकाई द्वारा की जा रही असंवैधानिक गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। जिसमें अनियमिता एवं व्यवधान के निराकरण के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। इस कमेटी का मुख्य कार्य चुनाव करवाना एवं वर्तमान परिस्थितियों में उचित निर्णय लेना है। इस कमेटी के सदस्य सुनीता राणा, राजकुमार, संदीप शर्मा, महेश राठी एवं अभिमन्यु है। पांच सदस्यों की कमेटी ने अपनी प्रथम मिटिगं की। मिटिंग सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय में हुई कमेटी ने मिटिगं में जिला कार्यकारिणी का अक्तूबर 2023 में कार्यकाल पूरा होने के कारण महेश राठी को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया। वर्तमान प्रधान अध्यक्ष को पद से निष्कासित किया गया।

# क्रिकेट की लोकप्रियता युवाओं के बीच सिर चढ़कर बोल रही: कादियान



**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**

**ग्राम पंचायत** हसनपुर की तरफ से पहली विशाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन गांव के खेल ग्राउंड में किया गया। जिसका उद्घाटन देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक एवं प्रमुख समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने फीता काटकर किया, जिसके बाद कादियान ने टॉस उछाल कर खेल का शुभारंभ कराया। इस टूनार्मेंट में हसनपुर, हरियाणा रोडवेज, गन्नौर, सोनीपत, बेगा, कुराड़, गुमड़, कुमासपुर, मिमारपुर, खानपुर, कारद समेत 40-45 टीमें हिस्सा ले रही है। रविवार को पहला मैच हरियाणा रोडवेज व गन्नौर के बीच खेला गया। 8-8 ओवर के मैच में गन्नौर ने 40 रन का स्कोर खड़ा किया। जबकि हरियाणा रोडवेज टीम ने 39 रन बनाए, दूसरा मैच में बेगा ने 89 रन बनाए, स्कोर का पीछा करने उतरी सोनीपत की टीम 70 रन पर आउट हो गई। इसके अलावा भी कई मैच खेले गए। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 31 दिसंबर को खेला जाएगा। इससे पहले आयोजकर्ता जोनी आंतिल, मोहित आंतिल व ग्रामीणों कर्मबीर सरपंच, मास्टर सुरेंद्र, जयभगवान, जयप्रकाश, सुरेंद्र, सुरजभान आदि ने समाजसेवी देवेंद्र कादियान का फूलमाला से स्वागत करने के साथ ही उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं, कादियान ने विजेता टीम को जीत की बधाई देते हुए कहा कि क्रिकेट की लोकप्रियता युवा और किशोर वर्ग के बीच सिर चढ़कर बोल रहा है। शहरों में खेला जाने वाला यह खेल अब गांव स्तर तक पहुंच गया है। उन्होंने खेलने वाली टीमों को नियमों के अनुरूप अनुशासन में रहकर खेलने की अपील की, साथ ही उन्होंने टूनार्मेंट के आयोजन कताओं की प्रशंसा करते उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रवीन, मोनू, संदीप, बिजेंद्र, प्रदीप, मनोज, छोटू, सुधीर, भोल्ली, सुनील, आशीष, अजित आदि मौजूद रहे।

## 1 किलो, 80 ग्राम गांजा सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**सीआईए** वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि शुक्रवार देर शाम उनकी टीम गशत व जांच पड़ताल के दौरान सनौली रोड पर मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि कुरुक्षेत्र के गांव मिजार्पुर निवासी राहुल मादक पदार्थ बेचने का अवैध धंधा करता है। राहुल बुलेट बाइक पर सवार होकर मादक पदार्थ बेचने के लिए सेक्टर 11/12 की और से गंगापुरी रोड की तरफ आ रहा है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए सेक्टर 11/12 में साई बाबा चौक पर नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात एक युवक काले रंग की बुलेट बाइक पर सामने से आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर बाइक को वापिस मोड़ने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मौके पर ही बाइक सवार युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान राहुल पुत्र धर्मचंद निवासी मिजार्पुर कुरुक्षेत्र हाल किरायेदार वार्ड नंबर 9 पानीपत के रुप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ अनिल मलिक की उपस्थिति में युवक की प्लास्टिक थेली की तलाशी ली तो गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजा का वजन करने पर 1 किलो 80 ग्राम पाया गया। इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पूछताछ में आरोपी राहुल ने पुलिस को बताया उसने शार्टकट तरीके से मोटे पैसे कमाने के लिए 5 दिन पहले पानीपत में एक युवक से 1 किलो 500 ग्राम गांजा कम कीमत पर खरीदा था। जिसमें से उसने 420 ग्राम गांजा राह चलते नशेड़ियों को बेच दिया। शनिवार को आरोपी अपनी बुलेट बाइक पर सवार होकर बचे गांजा को बेचने के लिए ग्राहक की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने बरामद गांजा व बाइक को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी राहुल के खिलाफ थाना चांदनी बाग में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर रविवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से नशा सप्लायर के ठीकानों का पता लगा पकड़ने का प्रयास करेगी।

## पूजित अक्षत कलश का राई गांव में पहुंचने पर ढोल नगाड़ों से स्वागत

**राई। टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या में** 22 जनवरी को होने वाली राम जी की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व अयोध्या से पूजित अक्षत कलश रविवार को राई गांव के शिव मन्दिर में पहुंचे। वार्ड 8 के पार्षद व भाजपा नेता पुनीत राई ने ढोल नगाड़ों से स्वागत के बाद पूजा अर्चना की पूजित अक्षत कलश को गांव के शिव मंदिर में दर्शन के लिए स्थापित किया गया है। निगम पार्षद एवं भाजपा नेता पुनीत राई ने कहा कि भगवान श्रीराम के 14 वर्ष बाद अयोध्या लौटने की खुशी में दिवाली मनाई जाती है, लेकिन 22 जनवरी को दूसरी दीपावली होगी, जब राम जी 500 वर्षों के बाद, भारत की स्वतंत्रता के अमृत वेला में अपने जन्म-स्थान पर लौटेंगे। इसलिए यह आवश्यक है कि विश्व का समस्त हिन्दू समाज इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रत्यक्ष शामिल हो रहा है।

इस अवसर पर सुंदर जठेड़ी, वेदपाल शास्त्री, मनोज त्यागी, राकेश कौशिक, अमरीश, राजेन्द्र, सिंघराम कौशिक, रामेश कौशिक,सतीश वाल्मीकि, सजंपाल वाल्मीकि, नरेश पांचाल, मोहित आंतिल ,प्रवेश शर्मा, राजेश कौशिक, विनोद कौशिक, श्यामबीर,ललित ,राजेश ,राजन ,विशाल कौशिक आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर व संजोग अस्पताल मुरथल ने लगाया शिविर



**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**

**रविवार को** रेलवे रोड़ स्थित शिव पार्क में रोटरी कल्ब ऑफ गन्नौर व संजोग मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल मुरथल के सौजन्य से निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में संजोग मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल मुरथल से आई डॉक्टरों टीम ने मरीजों की जांच की। रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर के प्रधान राजेश जैन व कल्ब के सदस्यों ने डॉक्टरों की टीम का स्वागत किया। प्रधान राजेश जैन ने कहा कि उनके संस्था पूरे समर्पण भाव से विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा सेवा कार्य कर रही हैं जिससे लोगों को लाभ पहुंचे। उन्होंने बताया कि रोगियों के ऑपरेशन संजोग अस्पताल में निःशुल्क किए जाएंगे और मरीजों के रहने, उपचार, दवाई, भोजन आदि की व्यवस्था रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर द्वारा की जाएगी । स्वास्थ्य एवं नेत्र चिकित्सा शिविर में कुल 227 रोगियों को पंजीकृत किया गया। उन्होंने बताया कि इनमें से 201 मरीजों के आँखों की जांच की गई जिसमें से 37 रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है। इसके अलावा 26 अन्य मरीजों की भी जांच की गई। इस मौके पर संजोग अस्पताल के संचालक डॉक्टर संजय जैन व डॉक्टर जोगेंद्र धनखड़ ने सर्दी के मौसम में होने वाली बीमारियों व उनसे बचाव के टिप्स भी मरीजों को दिए। स्वास्थ्य एवं नेत्र चिकित्सा एवं जांच शिविर में डॉक्टर संजय जैन,डॉक्टर जोगेन्द्र धनखड़,डॉक्टर मीर अहमद, डॉक्टर ताहिर एम ढार ,भारत दुआ,रिया,वंदना व लक्ष्मी व उनकी टीम द्वारा रोगियों की जांच की गई। इस अवसर पर क्लब के प्रधान राजेश जैन,विकास जैन,संदीप जैन,राकेश सिन्धवानी,पवन जैन व नवीन खन्ना ने व्यवस्था बनाने में अपना सहयोग दिया।

## सहमति संबंध में रह रही युवती की गला दबाकर की हत्या

### उत्तर प्रदेश के जिला हाथरस की रहने वाली है युवती पूजा

**सोनीपत/ टीम एक्शन इंडिया**

**कुंडली** थाना क्षेत्र में सहमति संबंध में रह रही महिला की उसके प्रेमी ने चुनरी से गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर आरोपित भाग निकला। आसपास के लोगों को मामले का पता लगा तो पुलिस और नगर पालिका चेयरपर्सन को अवगत कराया। जिस पर चेयरपर्सन के बेटे व पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एफएसएल की टीम को बुलाकर सबूत जुटाए। महिला करीब ढाई साल से अपने पति से अलग रह रही थी। वह एक साल से प्रेमी संग कुंडली में रहती थी। पुलिस ने चेयरपर्सन के बेटे के बयान पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसने चरित्र पर संदेह के चलते वारदात को अंजाम देना कबूल किया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव कुंडली निवासी रोहित ने बताया कि उनकी मां शिमला देवी नगरपालिका की चेयरपर्सन है। वह सामाजिक कार्यों में अपनी मां की मदद करते है। उन्होंने बताया कि कुंडली निवासी प्रताप सिंह के मकान में भिवानी के गांव लोहानी निवासी अनिल शर्मा किराए पर रहते है। उनके साथ पूजा (29) भी सहमति संबंध में रह रही थी। अनिल कुंडली औद्योगिक क्षेत्र स्थित मोबाइल चार्जर बनाने वाली कंपनी में काम करता है। उसके साथ रहने वाली पूजा भी कुंडली औद्योगिक क्षेत्र की एक अन्य फैक्टरी में काम करती थी। दोनों प्रताप सिंह के मकान में करीब एक साल से रह रहे थे। उन्हें पता लगा कि दोनों में अक्सर झगड़ा होता था। रात को भी झगड़ा हुआ था। रविवार सुबह उन्हें बताया गया है कि अनिल ने पूजा की चुनरी से गला दबाकर हत्या कर दी थी। उसके बाद आरोपित भाग गया। जिस पर वह मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने रोहित के बयान पर अनिल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि पूजा मूलरूप से उत्तर प्रदेश के जिला हाथरस के गांव केरल की रहने वाली थी। जिसके बाद उनके परिजनों को अवगत कराया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। मामले के जांच अधिकारी एसआई कटार सिंह की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित अनिल को गिरफ्तार कर लिया है।

## खाटू श्याम बाबा की शरण में आने से सभी दुख समाप्त हो जाते है: गोपाल



**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**

**रविवार को** आहुलाना धाम बाबा खाटू श्याम मंदिर में श्याम भक्त एवं गोशाला संचालक गोपाल स्वामी महाराज के नेतृत्व में भक्तों ने पूजा अर्चना व कीर्तन कर सुख समृद्धि की कामना की। बाबा श्याम मंदिर के पुजारी सचिन पंडित ने सभी श्रद्धालुओं को मोरछड़ी से झाड़ा लगाकर भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने की बाबा श्याम से अरदास की।

गोपाल स्वामी ने श्याम भक्तों को बाबा कि महिमा बताते हुए कि बाबा के दरबार मे अच्छी किस्मत वाला व्यक्ति ही पहुंच पाता। उन्होंने कहा कि जो उसकी शरण मे जाकर उसकी कथा को सुनता उसको सभी संकटों व कष्टों से मुक्ति मिलती है। गोपाल स्वामी महाराज ने बताया कि खाटू श्याम जी को लखदातार भी कहा जाता है। क्योंकि बाबा लाखों भक्तों की मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं। बाबा के दर पर जिस भक्त ने एक बार शीश नवा दिया तो बाबा उस भक्त की रक्षा करते हैं। यह चमत्कार है कि जो भी बाबा के दर पूरी दुनिया से हारकर आता है उसे बाबा सहारा देते हैं। बाबा हारे हुए को सहारा देकर उसकी हार को जीत में बदल देते हैं। इस लिए बाबा श्याम को कई नामों से भक्त पुकारते हैं।

खाटू श्याम मंदिर के पास ही श्याम कुंड स्थित है। खाटू श्याम जी का शीश जहां से अवतरित हुआ था उस स्थान को श्याम कुंड के नाम से जाना जाता है। इस कुंड के लिए भक्तों में मान्यता है कि जो कोई भक्त सच्चे मन से इसमें श्रद्धा की डुबकी लगाता है तो उसका कल्याण हो जाता है। मंदिर के दर्शन के साथ ही श्याम कुंड में स्नान करने का विशेष महत्व है। बाबा श्याम के भक्त अपना शीश झुकाने और दर्शन करने के लिए यहां आते हैं। यहां एकादशी की पूरी रात भजनों की रसधार बहती है। इस अवसर भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

### पीएम व सीएम के दूरदर्शी विजन के साथ देश-प्रदेश उन्नति के पथ: अरुण



**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**

**केन्द्र व** राज्य सरकार की योजनाओं का उनके घर द्वार पर लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार का चिरस्मीव व पट्टी ब्रह्मणान में पहंची जहां लोगों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका के चेयरमैन अरुण त्यागी ने किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में उन्होंने उपस्थित ग्रामवासियों को हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ दिलाई। इसके पश्चात उन्होंने गर्भवति महिलाओं को फल वितरित करने के साथ-साथ पात्र महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत गैस चूल्हे और सिलेंडर व आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए। कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत लाभार्थियों ने अपने विचार सांझा करते हुए बताया कि उन्होंने किस प्रकार सरकार की योजनाओं का लाभ उठाया है। इस मौके पर गन्नौर मंडल अध्यक्ष विकास त्यागी,निशांत छोक्कर,शुगरमिल के पूर्व निदेशक रोहतास छिक्कारा,गन्नौर पंचायत समिति की उपाध्यक्ष कृष्णा देवी,पार्षद विकास शर्मा ,बीडीपीओ जितेन्द्र कुमार व दोनों गांव के सरपंचों सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## तेजधार हथियार के बल पर दो बदमाशों ने गाड़ी चालक से नकदी व मोबाइल लूटा

**सोनीपत/ टीम एक्शन इंडिया**

**कुंडली** थाना क्षेत्र के गांव नाहरी के पास पैनलल नहरों के बीच फ्लाईओवर के निकट बोलेरो पिकअप गाड़ी चालक को धारदार हथियार दिखाकर दो बदमाशों ने नकदी, मोबाइल, डेबिट कार्ड व अन्य कागजात लूटने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने डेबिट कार्ड व कागजात वापस मांगे तो बदमाशों ने धक्क-मुक्की कर उन्हें सड़क पर गिरा दिया। उसके बाद वह अपनी बाइक पर सवार होकर भाग गए। पीड़ित चालक ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ मिल सके।

गांव खिजरपुर जाट माजरा निवासी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उसके पास बोलेरो पिकअप गाड़ी है। उन्होंने अपनी गाड़ी को गांव रतनगढ़ स्थित अपेक्स फोम फैक्टरी में लगा रखा है। वह रविवार तडके अपनी गाड़ी में फैक्टरी से माल भरकर दिल्ली के पूठ गांव के लिए निकला था। जब वह पैरलल नहरों के बीच से जा रहे थे तो गांव नाहरा फ्लाईओवर के पास बाइक सवार दो युवक आए उन्हें गाड़ी को रोकने का इशारा किया। इस पर उन्होंने अपनी गाड़ी को रोक दिया। सुरेंद्र सिंह का आरोप है कि गाड़ी को रोकने के बाद युवकों ने उन्हें गाड़ी से उतरने को कहा। जब वह नीचे उतरे तो युवकों ने धारदार हथियार दिखाकर उन्हें काबू कर लिया। युवकों ने उनसे मोबाइल व पर्स देने को कहा। उन्होंने डरकर युवकों को अपना मोबाइल व पर्स दे दिया। उनके पर्स में 25 हजार रुपये, दो डेबिट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड व अन्य कागजात थे। जब उन्होंने युवकों से उनके डेबिट कार्ड व अन्य कागजात देने को कहा तो उन्होंने धक्का-मुक्की कर दी। उन्होंने उसे सडक पर गिरा दिया। जिससे उनके घुटने में चोट लग गई।

## 'पात्र व्यक्तियों को लाभ प्रदान करने के लिए सरकार सजग'

### मोहम्मदाबाद में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन



**राई। टीम एक्शन इंडिया**

**राई से** विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में आमजन तक सरकार की नीतियों का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित ना रहने पाए और उसे मौके पर ही लाभ प्रदान किया जा सके। रविवार को विकसित भारत यात्रा गांव मोहम्मदाबाद व बाजीदपुर सबोली पहुंची, जहां विधायक मोहनलाल बड़ौली व ग्रामीणों ने यात्रा को जारदार स्वागत किया। विधायक बड़ौली ने उपस्थित ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे कार्यक्रम के दौरान उपलब्ध स्टालों पर योजनाओं की जानकारी अवश्य लें, साथ ही अपने परिवारजनों, पड़ोसियों और मित्रगण को सूचित करें। यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी बनती है।

इस मौके पर भाजपा नेता नरेन्द्र धीमान, ब्लॉक समिति राई के चेयरमैन प्रदीप सबोली, बीडीपीओ सुरेन्द्र कुमार, एसईपीओ सुरेन्द्र कुमार सिगंला, विनोद बैरागी, अशोक भारद्वाज, नरेन्द्र धीमान, बहालगढ़ के सरपंच राकेश, गांव सबोली के सरपंच डा. सुनील कटारिया सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 18 दिसंबर 2023 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: DELHI / 2006 / 19302

फास्ट न्यूज

## पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान बंबीहा गैंग के तीन गैंगस्टर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब के मोगा जिले के ग्राम दौधर में लिंक रोड पर रविवार सुबह पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान बंबीहा गैंग के तीन गैंगस्टरों को गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान एक पुलिसकर्मी घायल हुआ है जबकि गिरफ्तार तीन गैंगस्टरों में से एक घायल है। पुलिस महानिदेशक के मुताबिक गिरफ्तार किए गए गैंगस्टरों में मोगा का शंकर राजपूत एवं जश्व और धर्मकोट का नवदीप सिंह शामिल हैं। इस मुठभेड़ में एक गैंगस्टर घायल हुआ है। वहीं एक पुलिसकर्मी भी घायल है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीनों गैंगस्टर बंबीहा गैंग को चला रहे गैंगस्टर लक्की पटियाल और मनदीप धालीवाल के साथी हैं। इससे पहले शनिवार को मोहाली और पटियाला में मुठभेड़ हुई थी। पुलिस ने मोहाली में गैंगस्टर प्रिंस और करनजीत को घेर लिया। दोनों गैंगस्टरों के पैर में गोली लगी थी, जिनको गिरफ्तार कर लिया गया।

## उप्र में दो आईपीएस का तबादला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दो आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए। उत्तर प्रदेश में इन दिनों प्रशासनिक अधिकारियों के तबादलों की झड़ी लगी हुई है। यूपी में एक बार फिर दो बड़े आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर कर दिए गए हैं। इनमें गोण्डा के पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल को हटा कर पुलिस ट्रेनिंग सेंटर चुनार भेजा गया है। अंकित मित्तल की जगह डीसीपी साउथ विनीत जायसवाल को गोण्डा जिला का नया एसपी बनाया गया है।

## इटावा में ट्राला ने छह लोगों को रौंदा, चार की मौत, दो घायल

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा जनपद के थाना इकदिल क्षेत्र में राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर शनिवार देरात तेज रफ्तार 22 चक्का ट्राला ( जेएच02 बीएल 2063) लोगों को रौंदता हुआ चाय की दुकान में घुस गया। इस हादसे में चायवाले समेता चार लोगों की मौत हो गई। दो हालत गंभीर है। यह जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने दी। एसएसपी वर्मा के अनुसार, घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है। इलेक्ट्रिक वायर लादकर यह ट्राला रांची से दिल्ली जा रहा था। इसका चालक नशे की हालत में संतुलन खो बैठा।
मृतकों में दुकान का संचालक कुलदीप शर्मा, सूरज पुत्र सुरेश, संजय पुत्र श्रीकृष्णा और तालिब पुत्र राशिद शामिल हैं।

# उत्तर प्रदेश पीएसी का इतिहास गौरवशाली : सीएम योगी

## पीएसी के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यहां स्थापना दिवस समारोह में शामिल होते हुए कहा कि संसद पर हमले को निष्फल करने और अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर आतंकी हमले को विफल करने जैसा पराक्रम उप्र पीएसी का गौरवशाली इतिहास रहा है। पीएसी के गौरवशाली इतिहास के बाद भी कुछ लोगों ने अपनी कुत्सित सोच के चलते प्रदेश में पीएसी की 46 कंपनियों को समाप्त कर दिया था। वहीं आज पीएसी के गौरवशाली अतीत को देखते कुल 33 बटालियन में 273 कंपनियां पूर्णतया क्रियाशील हो चुकी हैं।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश पीएसी का स्थापना दिवस है। पीएसी के जुड़े सभी अधिकारियों कर्मचारियों को बधाई देते हूं। उत्तर प्रदेश पीएसी का एक गौरवशाली इतिहास है। 17



दिसम्बर 1947 को मिलिट्री पुलिस का नाम बदल कर पीएसी किया गया। उस समय यूनिटेड प्रोविंस था। वर्तमान में लगभग 40 हजार कार्मिक उप्र पीएसी में कार्य कर रहे हैं। वे कानून व्यवस्था बेहतर बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं। प्रदेश में न केवल सभी प्रकार के धार्मिक बल्कि अन्य सभी आयोजन ठीक सम्पनन कराने में अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हम सब जानते हैं 2001 जब देश की संसद में हमला हुआ था, उस समय यूपी पीएसी के जवानों के कारण उस हमले को निष्फल करने में सफलता मिली। उन सभी हमलावरों को बहादुर जवानों ने सौर्य पराक्रम से मार गिराकर उनके मंसूबों पर पानी फेरने का कार्य किया था। यही नहीं, देश की आस्था श्रीराम जन्मभूमि पर जब आतंकी हमला हुआ था, तब भी उस हमले को असफल करने का काम यूपी पीएसी ने ही किया था।



**पीएसी में 41,893 आरक्षियों की भर्ती की गई:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएसी के गौरवशाली इतिहास को देखते हुए हमारी सरकार ने पीएसी में 41,893 आरक्षी और 698 प्लाटून कमांडो की भर्ती की है। पीएसी में पदोन्नति के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध हों, इसके लिए सरकार ने सशस्त्र पुलिस बल में 184 निरीक्षकों और 3,772 उप निरीक्षकों के पदों में भी वृद्धि की है। इसके अलावा विभागीय प्रोन्नति के तहत 257 उप निरीक्षक, 3558 मुख्य आरक्षी और

**जानकारी**

**पीएसी के गौरवशाली अतीत को देखते कुल 33 बटालियन में 273 कंपनियां पूर्णतया क्रियाशील हो चुकी हैं।**

12,774 आरक्षी को प्रोन्नति प्रदान की गई। आरक्षियों के पदों पर सीधी भर्ती की कार्रवाई भी चल रही है, जिसमें 10,584 से अधिक भर्ती की प्रक्रिया वर्तमान में प्रचलित है। इसके अलावा पीएसी बल को अत्याधुनिक अस्त्र-शस्त्रों जैसे एसएलआर, इंसास राइफल, दंगा विरोधी उपकरणों के साथ एंटी राइट गन और टियर गैस गन से सुसज्जित किया गया है। बाढ़ राहत कंपनियों के लिए भी आवश्यक उपकरण खरीदे गए हैं। पीएसी जवानों को दैनिक उपयोग की चीजों को गुणवत्ता युक्त और कम दाम पर उपलब्ध कराने के लिए 13 मास्टर कैंटीन और पीएसी वाहिनी यानी जनपदीय लाइन में कुल 102 सब्सिडी कैंटीन का संचालन किया जा रहा है। महिलाओं को अब स्थान दिया जा रहा है। 500 से अधिक खिलाड़ियों की पीएसी में भर्ती की गयी है। सभी जवानों को आश्वस्त किया कि सरकार उनके साथ है और उनकी हर प्रकार किया चिंता की जा रही है। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेस्ट बटालियन अवार्ड, बेस्ट प्लाटून ड्रील, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों व मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद, डीजीपी विजय कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी डॉ. केएस प्रताप कुमार आदि उपस्थित रहे।

## 'स्वाधीनता आन्दोलन में 'स्व' प्रेरणा के केन्द्र रहे श्रीराम'



**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा**
**भारतीय** स्वाधीनता आन्दोलन में 'स्व' प्रेरणा के केन्द्र में भगवान श्रीराम ही रहे, जिसका आश्रय महात्मा गांधी ने भी राष्ट्रीय आंदोलन में लिया। अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण स्व के आधार पर आत्मबोध एवं आत्मविश्वास के भाव का ही प्रकटीकरण है। यह बातें ऑर्गनाइजर के संपादक प्रफुल्ल केतकर ने प्रेरणा मीडिया विमर्श-2023 में मीडिया लेखन में विमर्श निर्माण विषय पर कही। प्रेरणा मीडिया विमर्श का आयोजन प्रेरणा शोध संस्थान न्यास एवं मीडिया अध्ययन विभाग गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। प्रफुल्ल केतकर ने कहा कि भारत के 'स्व' बोध का विस्तार है अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण। इसलिए भारत शोध नहीं बोध का विषय है। यह बोध श्रीराम से जुड़ा है। उन्होंने

**जानकारी**

**प्रफुल्ल केतकर ने कहा कि भारत के 'स्व' बोध का विस्तार है अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण।**

कहा कि स्वधर्म, स्वदेश, स्वभाषा और स्वराज का पुनः प्राप्त करना 'स्व' का आधार या प्रेरणा रही है। दूसरे सत्र के दौरान वरिष्ठ पत्रकार हर्षवर्धन त्रिपाठी ने कहा कि जब वर्षों से हमारी मानसिकता एक निश्चित पॉइंट पर हो तो अपने एजेंडा में वही स्थापित करती है। हिंदुस्तान डिजिटल मीडिया प्रमुख प्रभात झा ने कहा कि आज न्यूज रूम और समाज में लोकतंत्र मजबूत हुआ है। आज के दौर में डिजिटल मीडिया का बेनिफिट यह है कि अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाकर एक विमर्श को मजबूती प्रदान करता है।

## 'देश का अग्रणी राज्य बनेगा राजस्थान'

**टीम एक्शन इंडिया/जोधपुर**
केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने रविवार को कहा कि राजस्थान में अब डबल इंजन की सरकार बनी है। प्रदेश के लोग अब प्रतिदिन दिवाली जैसा अनुभव करेंगे। आने वाले पांच साल में राजस्थान हर क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनेगा। शेखावत ने पत्रकारों से बातचीत में विकसित भारत संकल्प यात्रा की चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में जो सकंल्प लिए थे, उनमें से अधिकांश संकल्प पूरे हो गए। इससे देश के करोड़ों लोगों के जीवन में परिवर्तन आया है। साढ़े 13 करोड़ लोग



गरीबी रेखा से आगे निकले हैं। अब भारत तेजी से आगे बढ़ा है। विकसित भारत बनाने का यह आंदोलन जन आंदोलन बने। देश का प्रत्येक नागरिक अपनी भूमिका को समझकर इसके साथ जुड़े। इस चेतना को जाग्रत करने के लिए यह संकल्प यात्रा निकाली गई है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि मोदी सरकार की योजनाएं सौ फीसदी लोगों तक पहुंचें। इसलिए संकल्प यात्रा के दौरान वंचित लोगों का पंजीकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे के साथ बातचीत का वीडियो वायरल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि गहलोत के साथ मेरा कोई मनभेद नहीं है। मतभेद हो सकता है। दोनों के बीच विचारधारा का अंतर है। उनका 50 साल का राजनीतिक अनुभव है। मुझे उनसे बहुत कुछ सीखना है।

## नए अधिकारी परंपरा और नवीनता के बीच संतुलन बनाएं : राजनाथ



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को डंडीगल (तेलंगाना) वायु सेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड की समीक्षा की।
परेड में शामिल 25 महिलाओं सहित 213 फ्लाइट कैडेटों को प्रशिक्षण पूरा होने पर भारतीय वायु सेना की विभिन्न शाखाओं में शामिल किया गया। राजनाथ सिंह ने उनसे आग्रह किया कि वे नए विचारों, नवीन सोच और आदर्शवाद के साथ निरंतर विकसित हो रहे समय के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए परंपरा और नवीनता के बीच संतुलन बनाएं। भारतीय वायु सेना की उड़ान और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के 213 फ्लाइट कैडेटों के प्रशिक्षण की सफल परिणति को चिह्नित करने के लिए आज डंडीगल (तेलंगाना) की वायु सेना अकादमी में एक संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) हुई। परेड की समीक्षा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की, जिन्होंने स्नातक उड़ान कैडेटों को राष्ट्रपति कमीशन भी प्रदान किया।
स्नातक अधिकारियों में 25 महिलाएं शामिल थीं, जिन्हें भारतीय वायुसेना की विभिन्न शाखाओं में नियुक्त किया गया।

## पुलिसकर्मी पर हमले में शामिल तीन लोगों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
श्रीनगर के बेमिना इलाके में एक पुलिसकर्मी पर हमले में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किये गए हैं। श्रीनगर में रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन ने बताया कि तीनों ने हमले में अपनी संलिप्तता कबूल कर ली है, जो उनके पाकिस्तान स्थित हैंडलर के इशारे पर किया गया था। उन्होंने बताया कि 9 दिसंबर को बेमिना के हमदानिया कॉलोनी इलाके में आतंकवादियों ने मोहम्मद हफीज चक नाम के एक पुलिसकर्मी पर गोली चला दी थी। हमले में चक घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें पास के एसकेआईएमएस बेमिना ले जाया गया और बाद में बादामी बाग में आर्मी बेस अस्पताल में रेफर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान तकनीकी सबूतों से मिली जानकारी के आधार पर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया और लगातार पूछताछ करने पर उन्होंने उक्त हमले में अपनी संलिप्तता कबूल कर ली।

## रायपुर: छत्तीसगढ़ के सुकमा में नक्सली मुठभेड़

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में रविवार सुबह लगभग सात बजे जगरगुंडा थाना क्षेत्र में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में सीआरपीएफ के उप निरीक्षक सुधाकर रेड्डी बलिदान हो गए। इस दौरान कांस्टेबल रामू गोली लगने से घायल हो गए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सीआरपीएफ के 165वीं बटालियन के सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी की शहादत को नमन किया है। उन्होंने घटना पर गहन शोक व्यक्त किया है।

## पुलिस ने साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नवादा**
नवादा पुलिस ने रविवार को जिले के वारसलीगंज थाने के मकनपुर गांव के बगीचे से सात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से 11 मोबाइल सहित ठगी के कई प्रामाणिक कागजात बरामद किए गए हैं।कई अपराधी पुलिस को देखकर भागने में सफल रहे । छापेमारी दल का नेतृत्व कर रहे नवादा के मुख्यालय



डीएसपी कल्याण आनंद ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि मकनपुर गांव के बगीचे से साइबर अपराधियों द्वारा देश के महाराष्ट्र ,झारखंड, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश ,जम्मू कश्मीर ,छत्तीसगढ़ ,मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों के भोले - भाले नागरिकों से रिलायंस लोन लिमिटेड से कर्ज दिलाने के नाम पर रुपए की ठगी कर रहे हैं। सूचना पर जब पुलिस पहुंची तो कई अपराधी पुलिस को देखते ही भाग गए । वहीं पुलिस ने घेराबंदी कर सात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## महोत्सव का गिरिराज एवं राकेश सिन्हा ने किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/बेगूसराय**
बेगूसराय के दिनकर कला भवन में आशीर्वाद रंगमंडल द्वारा आयोजित नौवां आशीर्वाद राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का शुभारंभ हो गया। छह दिवसीय इस राष्ट्रीय महोत्सव में देश के प्रसिद्ध निर्देशकों के नाटक की प्रस्तुति होगी। जिसकी शुरूआत श्रवण कुमार गोस्वामी द्वारा लिखित नाटक "कठकरेज" से हुई है।
महोत्सव का शुभारंभ केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह, राज्यसभा सांसद प्रो. राकेश सिन्हा, मेयर पिंकी देवी, नगर विधायक कुंदन कुमार, पूर्व मेयर संजय कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा, माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश प्रसाद राय, संस्कृति मंत्रालय के सदस्य दयालकृष्ण नाथ, अवधेश सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित



करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि नाटक की प्राचीन विधा को आशीर्वाद रंग मंडल लगातार आगे बढ़ा रहा है। हर गांव में कला है, हर गांव में कलाकार हैं, हर आदमी में कला छुपी हुई है। वह कला धीरे-धीरे समाप्त हुआ, लेकिन अब समय का चक्र घूम रहा है। रामायण और सत्य हरिश्चंद्र का फिर से गांव-गांव में मंचन होगा। सिनेमा के एक डायलॉग में कई कट होते हैं, लेकिन नाटक जीवंत कला है। नई पीढ़ी फिर से इस ओर आकर्षित हो रहा है। प्रो. राकेश सिन्हा ने कहा कि नाटक की शैली की खासियत होती है कि सभी प्रकार के कला को समाहित करता है। नाटक का इतिहास बहुत पुराना है। इस विधा को जीवित रख आगे बढ़ाने के लिए आशीर्वाद बेहतर प्रयास कर रही है। देश में नाटक का इतिहास बहुत पुराना है। भारतेंदु का 1881 में लिखा गया नाटक आज भी उतना ही प्रभावशाली है। नाटक देखने से आंतरिक मन की अभिव्यक्ति पर विजय प्राप्त होता है। आदर्श को अपनाना चाहते हैं तो नाटक देखें। इस अवसर पर राजनीतिक और सामाजिक सहित विभिन्न क्षेत्रों के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। स्वागत संबोधन फेस्टिवल डायरेक्टर अमित रौशन, अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष ललन प्रसाद सिंह एवं संचालन रंगकर्मी दीपक कुमार ने किया। प्रेक्षागृह में नगर पार्षद गौरव सिंह राणा, शगुफ्ता ताजवर, बाइट के निदेशक संजय कुमार सिंह एवं बच्चों की पाठशाला के रोशन कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 337 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## 'गुलाबी शरारा' पर शख्स ने किया जबरदस्त डांस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली मेट्रो में इन दिनों सोशल मीडिया रील्स बनाने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन इंस्टाग्राम पर इस तरह के वीडियोज को लोगों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। कई बार लोग आपत्तिजनक गतिविधियां करते भी मेट्रो में देखे गए हैं। वहीं आपत्तिजनकर ड्रेस में भी लड़कियां सुर्खियां बटोर रही है। वहीं फिल्मी गानों पर डांस का वीडियो भी खूब वायरल हो रहे हैं। इसी तरह का एक वीडियो इन दिनों वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक शख्स 'गुलाबी शरारा' गाने पर डांस कर रहे हैं। वीडियो कोई और शख्स बना रहा है और युवक कान में ईयरफोन लगाकर बेफिक्र होकर डांस कर रहा है। आसपास खड़े लोग कौतूहल से उस शख्स को देख रहा है। कई लोग अपने कामों में व्यस्त हैं तो कोई डांस देखकर मुस्कुरा रहा है। यह वीडियो इंस्टाग्राम पर सत्य देव निषाद नामक शख्स की आईडी से शेयर किया गया है। उसने इस वीडियो को 6 दिसंबर को पोस्ट किया है, जिसपर करीब 5 लाख लोगों ने अपना रिएक्शन दिया है।

**यूजर्स ने कई मजेदार रिएक्शनः** इस वायरल वीडियो पर कई यूजर्स ने जमकर रिएक्शन दिए हैं। एक यूजर्स ने लिखा- बिना किसी डर के बढ़िया परफॉर्मेंस। कई यूजर्स ने शख्स की कोरियोग्राफी की तारीफ की। एक अन्य शख्स ने लिखा- सार्वजनिक स्थलों पर इस तरह के डांस कते लिए आपको बहुत साहस की जरूरत होती है। एक अन्य ने लिखा- बंदे में क्या कॉन्फिडेंस है। उम्दा प्रदर्शन।

**मेट्रो प्रशासन ने किया था आगाहः** बता दें, मेट्रो प्रशासन ने ट्रेन के अंदर इस तरह की गतिविधियों को लेकर समय-समय पर आगाह करती रही है।

# दिल्ली से 450 किलोमीटर दूर होटल में ठहरा था ललित

## = आरोपितों से जो जले हुए फोन बरामद हुए हैं उसकी जांच जारी है। अभी तक पुलिस ललित झा का फोन बरामद नही कर पाई है


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
संसद भवन की सुरक्षा में सेंध मामले में लगातार नए तथ्य सामने आ रहे हैं। ताजा जानकारी है कि महेश कुमावत ने दिल्ली से करीब 450 किलोमीटर दूर नागौर के कुचामन सिटी के पास त्रिशंगया गांव के होटल पर ललित झा को ठहराया था।

दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, होटल पहुंचने के बाद 13 दिसंबर की रात ही ललित और महेश ने आग सेंकने के बहाने आग जलाकर संसद के अंदर और बाहर से पकड़े गए चार आरोपितों के मोबाइलों को आग के हवाले कर दिया था। इससे आरोपी ने उन सुबूतों को नष्ट कर दिया गया, जो संसद की सुरक्षा सेंध मामले में सबसे बड़ा सबूत था। इस मामले में पड़ताल के दौरान दिल्ली पुलिस ने होटल के मालिक भंवर लाल से भी पूछताछ की है।










**अभी ललित झा का फोन बरामद नहीं कर पाई पुलिस**
दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल के मुताबिक अभी ललित झा और महेश से दिल्ली में ही पूछताछ की जा रही है। आरोपितों से जो जले हुए फोन बरामद हुए हैं उसकी जांच जारी है। अभी तक पुलिस ललित झा का फोन बरामद नही कर पाई है। उसे पुलिस पूरी घटना का मास्टरमाइंड मान कर चल रही है। इससे पहले यह जानकारी मिली थी की ललित झा ने अपने फोन को भी जला दिया है। उल्लेखनीय है कि अब तक दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मामले में छह आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

**जांच टीम को गुमराह कर रहा था ललित**
संसद की सुरक्षा में सेंध मामले के मास्टरमाइंड ललित झा ने अपनी गिरफ्तारी से पहले चार मोबाइल फोन नष्ट कर दिए थे। दिल्ली पुलिस का कहना है कि वह सबूत नष्ट कर जांच टीम को गुमराह कर रहा था। जांच टीम ने सेल्युलर कंपनी को पत्र लिखकर ललित और बाकी चार आरोपियों के बारे में जानकारी मांगी है।

## सड़क किनारे कार का ताला खोल रहे चार लोगों को टेंपो ने कुचला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सेवाधाम रोड पर शनिवार रात सड़क किनारे खड़े होकर स्केल से कार का दरवाजा खोल रहे चार लोगों को टेंपो ने कुचल दिया। हादसे के बाद आरोपित चालक टेंपो को मौके पर ही छोड़कर पैदल भाग गया। चारों घायलों को इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने किरणपाल सिंह को मृत घोषित कर दिया। घायल देवेंद्र, चमन और अनिल का इलाज चल रहा है। हर्ष विहार थाना पुलिस प्राथमिकी पंजीकृत कर टेंपो को कब्जे में लेकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया है। किरणपाल अपने परिवार के साथ हर्ष विहार डी-ब्लॉक में रहते थे। परिवार में पत्नी बृजेश्वरी, दो बेटे गौरव और चंद्रशेखर और एक बेटी है। किरणपाल एक होटल में नौकरी करते थे। परिवार ने बताया कि शनिवार को किरणपाल छुट्टी पर थे। अगले वर्ष 19 अप्रैल को उनकी बेटी की शादी है। वह उसको लेकर तैयारियों में जुटे हुए थे। वह शनिवार शाम को तैयारियों के सिलसिले में अपने दोस्त देवेंद्र और चमन के पास स्वामी दयानंद अस्पताल के पास गए थे। रात के वक्त वह अपने दोनों दोस्तों के साथ कार से घर लौट रहे थे। करीब साढ़े नौ बजे वह सेवा धाम रोड पर लघुशंका के लिए रूके। उसी दौरान कार की चाबी अंदर ही भूल गए और दरवाजा अंदर से बंद हो गया।

## किसानों की मांग को लेकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल सीएम आवास पहुंचा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के किसानों एवं देहात की कृषि भूमी मुआवजा योजना की मांग और देहात में विकास की मांग को लेकर भाजपा के अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी के नेतृत्व में आज भाजपा नेताओं का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंचा पर मुख्यमंत्री कैम्प आफिस द्वारा बुलाये पुलिस बल ने प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री आवास से कुछ दूरी पर रोक दिया। दिल्ली के ओचंदी एवं आस पास के गांवों मे कृषि भूमी अधिग्रहित होनी है जिस कारण वहाँ किसानों में रोष है और भाजपा ज्ञापन मे इसके लिये नई मुआवजा नीति की मांग की जा रही है। मुख्यमंत्री



आवास के कर्मी सम्पर्क करने पर दिल्ली देहात से जुड़ा ज्ञापन भी स्वीकार करने को तैयार नहीं हुऐ। प्रतिनिधिमंडल में श्री वीरेन्द्र सचदेवा, श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी के आलावा विधायक श्री विजेन्द्र गुप्ता, श्री ओम प्रकाश शर्मा, श्री मोहन सिंह बिष्ट, श्री अजय महावर, श्री अभय वर्मा, श्री अनिल बाजपेई एवं श्री जितेंद्र महाजन, पूर्व विधायक श्री वेद प्रकाश और मीडिया प्रमुख श्री प्रवीण शंकर कपूर सम्मलित थे। इस अवसर पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि हम आज शांतिपूर्ण तरीके से विधायकों के साथ दिल्ली में किसान हितकारी कृषि भूमी मुआवजा योजना एवं देहात में विकास की मांग को लेकर मुख्यमंत्री केजरीवाल को ज्ञापन देना चाहते थे पर मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस बल लगवा कर भाजपा के प्रतिनिधिमंडल को रोकना एवं उनसे मिलने से इंकार करना उनके आराजक व्यवहार का प्रमाण है। श्री सचदेवा ने कहा कि हम मांग करते हैं कि दिल्ली सरकार अविलंब किसान हितकारी कृषि भूमी मुआवजा योजना बना कर लागू करे ताकि भूमी अधिग्रहण को लेकर दिल्ली के ओचंदी एवं आस पास के गांवों मे चल रहे किसान असंतोष को शांत किया जा सके।

## एम्स : डिस्पोजेबल की खरीद को लेकर बनी 10 सदस्यीय कमेटी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
एम्स में डिस्पोजेबल और कंज्यूमेबल जैसे चिकित्सा सामानों की खरीद में भ्रष्टाचार रोकने के लिए एम्स ने दस सदस्यीय सैंपल मूल्यांकन कमेटी गठित की है। यह कमेटी एम्स में खरीदे जाने वाले डिस्पोजेबल और कंज्यूमेबल की गुणवत्ता और खरीद की निगरानी करेगी। एम्स प्रशासन का कहना है कि इस कमेटी के गठन का मकसद डिस्पोजेबल और कंज्यूमेबल की खरीद में होने वाली गड़बड़ी को रोकना है। 3200 से अधिक बेड की क्षमता वाले एम्स की ओपीडी में प्रतिदिन करीब 13 हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं।




अस्पताल के वार्ड में 2500 से अधिक मरीज हमेशा भर्ती रहते हैं। इसलिए एम्स में बड़े स्तर पर डिस्पोजेबल और कंज्यूमेबल की जरूरी होती है। इसलिए बड़े स्तर पर इसकी खरीद भी होती है। इस दौरान खरीद में भ्रष्टाचार भी ज्यादा होता है। एम्स के अधिकारी वेंडर के साथ मिलकर खरीद में घपला करते हैं। डिस्पोजेबल और कंज्यूमेबल की खरीद में कई बार भ्रष्टाचार का मामला भी सामने आया है।

## अवैध फैक्ट्री में बनाई जा रही थी खुजली की फर्जी दवा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गुलाबी बाग इलाके में स्थित एक फर्जी दवा बनानेवाली कंपनी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस फैक्ट्री के मालिक को भी गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि फर्जी फैक्ट्री में खुजली की दवा Bentnovate-N बनाई जाता थी। यह फैक्ट्री गुलाबी बाग इंडस्ट्रियल इलाके में अवैध तरीके से चल रही थी। अधिकारियों ने बताया कि मौके से भारी मात्रा में मेडिकल उपकरण और जेल को बरामद किया गया है। मामले में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है।

## दिल्ली में कड़ाके की ठंड शुरू, न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री दर्ज


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आज रविवार को दिल्ली में सुबह की ठंड में तो और इजाफा नहीं हुआ, लेकिन कोहरे के चलते दृश्यता का स्तर काफी नीचे दर्ज किया गया। ऐसे में सड़क, रेल व हवाई यातायात भी प्रभावित हुआ, साथ ही दिल्ली एनसीआर के निवासियों को खासी परेशानी भी झेलनी पड़ी।

**न्यूनतम तापमान बढ़ाः** रविवार सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। एक दिन पहले शनिवार को यह सामान्य से तीन डिग्री कम 5.5 डिगी सेल्सियस था। कोहरे के कारण रविवार को इसमें एक डिग्री की बढ़ोत्तरी देखी गई।



दूसरी तरफ सुबह साढ़े आठ बजे सफदरजंग में दृश्यता का स्तर सिर्फ 700 एवं पालम में 800 मीटर तक रह गया।

**आज कैसा रहेगा मौसम ?**
मौसम विभाग का अनुमान है कि आज दिन में आसमान साफ रहेगा, धूप भी खिली रहेगी। अधिकतम 24 से 25 डिग्री रह सकता है। कमोबेश ऐसा ही मौसम सप्ताह भर बना रहेगा।
स्काईमेट वेदर के अनुसार इस सप्ताह में दिल्ली में बारिश भी हो सकती है।




## वृद्धा को 33 साल के शख्स से प्रेम, बोली, मेरे जीते जी तू किसी लड़की से शादी नहीं करेगा...

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बुजुर्ग महिला की हत्या का शव बेड में छिपाने के मामले में नंद नगरी थाना पुलिस ने गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने बुजुर्ग के किरायेदार देवेंद्र कुमार(33) को गिरफ्तार किया है, जो कि अलीगढ़ के धिमारपुरा का रहने वाला है। आरोपित बुजुर्ग महिला की हत्या करने के बाद उनके पास रखे 13 हजार रुपये व पहने हुए जेवर लेकर अलीगढ़ फरार हो गया था। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि बुजुर्ग नहीं चाहती थीं कि वह शादी करे, क्योंकि बुजुर्ग और उसके करीबी दोस्ताना रिश्ते थे। इसी बात को लेकर हुए विवाद में पहले ईंट से सिर पर हमला किया, फिर गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस रविवार को आरोपित को कोर्ट में पेश करके उसकी रिमांड की मांग करेगी।




**किराया लेने गई, लेकिन नहीं लौटी :** उत्तर पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि बुजुर्ग महिला(60) की गुमशुदगी को लेकर उनके बेटे ने 13 दिसंबर को नंदनगरी पुलिस थाने में शिकायत दी थी। बेटे ने बताया था कि उनकी मां 10 दिसंबर को नंदनगरी स्थित अपने घर का किराया लेने गई थीं, लेकिन वह घर नहीं लौटीं।

**घर के अंदर से आ रही थी बदबू :** इसके बाद पुलिस ने अपहरण के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। स्वजन ने बताया कि शुक्रवार को उनके हर्ष विहार स्थित घर में रखे बेड के अंदर से दुर्गंध आ रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बेड उठाया तो उसके अंदर से महिला का शव का प्लास्टिक की पॉलिथिन में लिपटा हुआ मिला।

**किराएदार भी था लापताः** जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि बुजुर्ग महिला के लापता होने वाले दिन से उनके नंदनगरी स्थति मकान में रहने वाला किरायेदार देवेंद्र लापता है। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि आरोपित अलीगढ़ में है। इसके बाद टीम ने उसे शनिवार सुबह अलीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया।

**आरोपी करने जा रहा था शादीः** पूछताछ के दौरान आरोपित ने बताया कि वो किसी अन्य लड़की से शादी करना चाहता था। चार दिसंबर को अलीगढ़ में उसका रोका भी हो गया था और फरवरी 2024 में शादी होने वाली थी।

# सोनीपत: 70 बेटियों ने डाउनलोड किया दुर्गा शक्ति ऐप



**सोनीपत/संजीव कौशिक**
**विकसित भारत** संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री कविता जैन व उपायुक्त डा. मनोज कुमार के आह्वान पर सुरक्षा की दृष्टिद्द से भठगांव की 70 से अधिक बेटियों ने मौके पर ही दुर्गा शक्ति ऐप डाउनलोड किया। साथ ही बेटियों को व ग्रामीणों को डायल-112 की भी विस्तृत जानकारी देते हुए आपात स्थिति में पुलिस सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित किया।
विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद की कड़ी में रविवार को भठगांव डूंगरान व भठगांव माल्यान में कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ पूर्व मंत्री कविता जैन ने किया। जबकि अध्यक्षता उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने की। उन्होंने कार्यक्रम में लगाई गई विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे योजनाओं का अधिकाधिक लाभ ग्रामीणों को प्रदान करें। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों व विद्यार्थियों को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्द्र बनाने की शपथ भी दिलाई।
पूर्व मंत्री कविता जैन ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद में हर शिकायत का पूर्ण समाधान करवाया जा रहा है। इस कार्यक्रम से कोई भी निराश नहीं लौटता। इसलिए ग्रामीणों को इसका पूर्ण लाभ उठाना चाहिए। यह अनूठा कार्यक्रम है, जिसके लिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री बधाई के पात्र हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि देश को विकसित राष्ट्द्र बनाने का संकल्प लिया गया है, जिसमें सबका सहयोग अपेक्षित है। इस दिशा में संकल्प यात्रा मील का पत्थर साबित होगी।
उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कहा कि यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों में जिला प्रशासन के निर्देशन में अधिकारी-कर्मचारी अपने कार्यालयों से गांव में आकर लोगों का घरद्वार पर ही उनकी मांगों व समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। केंद्र व प्रदेश सरकार की सभी सेवाओं का लाभ सहजता, सरलता व सुलभता के साथ ग्रामीणों को उनके द्वार पर ही दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्वयं सभी समस्याओं का संज्ञान लेते हैं। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे गांव में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए जल की व्यर्थ बबार्दी पर पूर्ण लगाम लगायें। उन्होंने माताओं-बहनों-बेटियों को प्रोत्साहित किया कि वे भी अपनी बात जरूरी कहें और हर कार्य में सक्रिय भागीदारी करें। उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या रूपी सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए महिलाओं के सहयोग की मांग की, ताकि लिंगानुपात और बेहतर हो। उन्होंने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी भी दी और ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया वे इसका पूर्ण लाभ उठायें।
**लोक संपर्क विभाग की सांस्कृतिक मंडली ने बनाया माहौलः**
विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों में लोक संपर्क विभाग की सांस्कृतिक मंडली ने माहौल बनाते हुए ग्रामीणों को सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों की विस्तृत जानकारी दी। गायक कलाकारों ने गीत व रागिनियों के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहन दिया।
**गांव के होनहार खिलाडियों को किया सम्मानितः** कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री कविता जैन व उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने गांव के होनहार अंतर्राष्ट्द्रीय खिलाडि ?ों को विशेष रूप से सम्मानित किया।

# बाँई लेन नियमों की उल्लघंना करने पर पुलिस ने किए चालान




**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**पुलिस अधीक्षक** अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा द्वारा 25 अप्रैल 2022 को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर आज 16 दिसम्बर 2023 को 30 वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 578 दिनों में 29108 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और सड़क हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाए। पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निदेर्शों की पालना एवम सड़क सुरक्षा सुनिर्श्चित करने के लिए आज दिनांक 16 दिसम्बर 2023 को यातायात पुलिस अम्बाला ने मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 30 भारी वाहनों के चालान किए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू यह अनिवार्य है कि हम मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में चले जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

## न्यूज फ्लैश

### शिवम पांचाल का गाया श्रीराम आ रहे भजन आया चचाओं में

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**हरियाणवीं गायक** शिवम पांचाल निवासी पानीपत ने श्री राम आ रहे नाम भजन तैयार किया है। जिसे साधना भक्ति चैनल पर तथा यूटयूब पर रिलीज किया जाएगा। बता दें कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम जी के भव्य मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है। जिसको लेकर हरियाणवीं गायक शिवम पांचाल ने श्रीराम आ रहे हैं भजन गाया है,जो भी से चचाओं में आ गया हैं। जिसके केमरामैन हैं बबलू कश्यप हैं तथा लेखक हैं प्रसिद्ध टीवी कलाकार मनोज पांचाल। उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले समय में श्रीराम आ रहे हैं नामक यह भजन काफी प्रसिद्ध होगा।

### धर्म, मानवीय मूल्यों, आदर्शो की रक्षा के लिए प्राणों की आहूति देने में गुरू श्री तेग बहादुर का स्थान अद्विितीय: सुरेन्द्र पंवार



**सोनीपत। विधायक सुरेन्द्र** पंवार ने कहा कि विश्व इतिहास में धर्म एवं मानवीय मूल्यों, आदर्शों एवं सिद्धान्त की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वालों में गुरु श्री तेग बहादुर साहब का स्थान अद्विितीय है। गुरू श्री तेग बहादुर प्रथम गुरु नानक जी द्वारा बताए गये मार्ग का अनुसरण करते रहे। उनके द्वारा रचित 115 पद्य गुरु ग्रन्थ साहिब में सम्मिलित हैं। विधायक सुरेन्द्र पंवार ने गुरु श्री तेग बहादुर जी के शहीदी समागम के अवसर पर सेक्टर-15 स्थित गुरूद्वारा श्री गुरू तेग बहादुर जी गुरूद्वारा साहब में पहुंचकर मत्था टेकने के उपरांत सांध-संगत को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरु का बलिदान न केवल धर्म पालन के लिए नहीं, अपितु समस्त मानवीय सांस्कृतिक विरासत की खातिर बलिदान था। धर्म उनके लिए सांस्कृतिक मूल्यों और जीवन विधान का नाम था। इसलिए धर्म के सत्य शाश्वत मूल्यों के लिए उनका बलि चढ़ जाना वस्तुतः सांस्कृतिक विरासत और इच्छित जीवन विधान के पक्ष में एक परम साहसिक अभियान था। आततायी शासक की धर्म विरोधी और वैचारिक स्वतन्त्रता का दमन करने वाली नीतियों के विरुद्ध गुरु तेग बहादुर का बलिदान एक अभूतपूर्व ऐतिहासिक घटना थी। उन्होंने कहा कि यह गुरुजी के निर्भय आचरण, धार्मिक अडिगता और नैतिक उदारता का उच्चतम उदाहरण था। गुरु जी मानवीय धर्म एवं वैचारिक स्वतन्त्रता के लिए अपनी महान शहादत देने वाले एक क्रान्तिकारी युग पुरुष थे। उन्होंने कहा कि विश्व को ऐसे बलिदानियों से प्रेरणा मिलती है, जिन्होंने जान तो दे दी, परंतु सत्य का त्याग नहीं किया। नवम पताशाह गुरू श्री तेग बहादुर जी भी ऐसे ही बलिदानी थे। गुरू जी ने स्वयं के लिए नहीं बल्कि दूसरों के अधिकारों एवं विश्वास की रक्षा के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग किया। हमे ऐसे महापुरूष के दिखाए मार्ग पर चलने का अटूट संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान सरदार भगवंत जम्बल, सरदार परमजीत सिंह, जसबीर, तजेंद्र, इद्रपाल सहित बड़ी तादाद में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### डी एन बत्रा हॉस्पिटल में लगाया गया हड्डियों का जांच कैंप

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**डी** एन बत्रा हॉस्पिटल में 90 मरीजों की हड्डी विशेषज्ञ डॉ सागर अरोड़ा ने जांच की काफी मरीज घुटनों के दर्द से परेशान थे किसी की रीड की हड्डी में दर्द था सभी को डॉक्टर सागर ने फास्ट फूड के लिए मना किया फास्ट फूड हमारे अंदर बहुत सी बीमारियां पैदा करता है सभी मरीजों को सलाह दी गई कि आप रोज सुबह। ज्यादा से ज्यादा घूमे फिरे पानी पिए ज्यादा जितना हो सके मोबाइल को कम युज करें इस कैंप का आयोजन जन सेवा दल द्वारा और एकता मंच किशनपुरा द्वारा लगाया गया जन सेवा दल समय-समय पर मरीजों की सेवा करता रहता है। कैंप लगाता रहता है सचिव चमन गुलाटी का कहना था जनसेवा। दल की ओर से एक महीना ओपीडी हड्डियों की फ्री देखी जाएगी और आप आयुष्मान कार्ड द्वारा घुटना बदलवाना कूलहा बदलना रीड की हड्डी का ऑपरेशन ,हर्निया का ऑपरेशन पथरी का ऑपरेशन बवासीर का ऑपरेशन बच्चेदानी का ऑपरेशन सभी आयुष्मान कार्ड पर फ्री किए जाएंगे।

# अंत्योदय के सपने को साकार कर रही है विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**भारत को** वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को वार्ड 11 में पहुंची। जहां पर पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विजय ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और विकसित भारत बनाने के संकल्प की शपथ भी दिलवाई। पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने बतौर मुख्य वक्ता अपना संबोधन देते हुए कहा कि मोदी-मनोहर सरकार अंत्योदय के सपने को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और यह यात्रा इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। एक ही स्थान पर लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यह संकल्प यात्रा प्रदेश के हर गांव और हर वार्ड में पहुंच कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कारगर साबित होगी। योजनाओं की जानकारी लेने, पात्रों द्वारा मौके पर ही राशन कार्ड बनाना, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण करवाना, स्वास्थ्य विभाग की स्टॉल पर स्वास्थ्य जांच इत्यादि योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ऐसे परिवार जिनकी आय 1लाख 80 हजार तक है उन परिवार की बच्चियों के लिए 12वीं कक्षा के बाद कॉलेज तक की पढ़ाई मुफ्त करने का प्रावधान किया है। यही नहीं जिन परिवारों की आए तीन लाख तक है उनकी 50 प्रतिशत फीस कॉलेज में माफ की जाएगी।

## सफाई मित्र सम्मान समारोह में भाजपा नेता अमित बिंदल ने किया सम्मानित



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**सफाई मित्र** सम्मान समारोह में भाजपा नेता अमित बिंदल ने सफाई मित्रों को किया सम्मानित। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देश को समाज को संदेश देने के लिए सफाई कर्मचारी हमारे देश की गंदगी साफ करते हैं हमारे देश को स्वच्छ रखने मे इनका अहम योगदान हैं।अमित बिंदल ने कहा कि हमें भी इनका आदर सम्मान करना चाहिए और भेदभाव को अपने समाज से अपने देश से मिटाना चाहिए। आज देश में में इस कार्यक्रम के माध्यम से एक संदेश जाए हमारे सफाई मित्रों का देश प्रदेश को समाज को साफ करने में कितना योगदान रहता है। अमित बिंदल ने कहा कि आज से हम प्रण लें अपने देश प्रदेश को समाज को स्वच्छ रखेंगे और भेदभाव को दूर भगाएंगे।

## जीएमएन कॉलेज ने एड्स जागरूकता रैली निकाली



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**गांधी मेमोरियल** नेशनल कॉलेज अंबाला छावनी के द्वारा प्राचार्य डॉ रोहित दत्त की अध्यक्षता मे राजनीतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ.एस.एस.नैन के नेतृत्व में एड्स जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ दत्त ने रैली को हरी झंडी देते हुए अपने संबोधन में कहा कि किसी भी सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए जागरूकता का होना आवश्यक है, इसलिए हम सबकी यह संयुक्त जिम्मेदारी है कि एड्स जैसी बीमारी के प्रति हम स्वयं जागरूक हो और समाज को इसके प्रति जागरूक करें ।जब एक समाज स्वस्थ और स्वच्छ होगा ,तभी समाज में विकास और समृद्धि के नूतन आयाम स्थापित होंगे ,और एक सभ्य तथा आदर्श समाज की स्थापना संभव हो पाएगी। इसी श्रृंखला में डॉ एस.एस नैन ने अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि राजनीतिक विज्ञान विभाग इस प्रकार की जागरूकता से संबंधित अनेकों ऐसी गतिविधियां आयोजित करता रहता है, जिससे समाज में एक नवीन और सर्जनात्मक सोच उत्पन्न हो, और लोग अपने सभी उद्देश्यों और लक्षयो की प्राप्ति करते रहे ।किसी भी बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिए यह आवश्यक होता है कि उसके प्रति लोगों को जागरूक किया जाए ,जिससे एक विकासवादी समाज निर्मित हो सके ।इस रैली को राजनीतिक विज्ञान विभाग ,एन.सी.सी के विद्यार्थियों ने स्वेच्छा से भाग लेकर सफल बनाया और लोगों को जागरूक किया।

## मान 18 को उपभोक्ता आयोग के नए कार्यालय का करेंगे उद्घाटन

**सोनीपत/**
**जिला उपभोक्ता** विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि हरियाणा राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति टीपीएस मान 18 दिसंबर को जिला को दौरा करते हुए प्रातः 09 बजे इंडियन कॉलोनी स्थित बीएस टावर में बने जिला उपभोक्ता आयोग के नए कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। इसके पश्चात वे प्रातः 10:30 बजे जिला उपभोक्ता आयोग के नए कार्यालय का निर्माण करने के लिए आबंटित स्थान पर पहुंचकर नए कार्यालय की नींव रखेंगे।

# मुख्यमंत्री ने विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से बैठक लेते हुए की जनसंवाद कार्यक्रम की समीक्षा



**सोनीपत/संजीव कौशिक**
**बीती** देर रात्रि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से उपायुक्तों की बैठक लेते हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने प्राप्त सभी दिशा-निदेर्शों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा देते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उपायुक्त ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम के अंतर्गत जिला प्रशासन के नेतृत्व में अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयों से निकलकर गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों को मौके पर ही उनकी मांगों की सुनवाई के साथ समस्याओं का समाधान दे रहे हैं। इसका ग्रामीणों का पूर्ण लाभ उठाना चाहिए। अधिकारी-कर्मचारी भी लोगों को अधिकाधिक सेवाएं प्रदान करें। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों का सुचारू रूप से संचालन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इनका मुख्य उद्देश्य प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मौके पर ही योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए। ऐसे में संबंधित विभागों के अधिकारी कार्यक्रमों में योजनाओं का लाभ प्रदान करने की दिशा में आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उपायुक्त ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम अति महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल से कार्य करें,ताकि सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ सुगमता के साथ प्रदान किया जा सके। उन्होंने कार्यक्रम से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित ना रहने पाए। सरकार का उद्देश्य यही है कि योजना के लाभ से वंचित व्यक्ति तक पहुंचते हुए उन्हें लाभान्वित किया जाए।
उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कहा कि यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाए।

## शिक्षा की गुणवत्ता के लिए वैचारिक ढांचे पर वर्कशॉप का आयोजन



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**स्कूलों में** शिक्षा की गुणवत्ता के लिए वैचारिक ढांचे पर चर्चा के लिए जिले भर के स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों के लिए सोनीपत एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, झंजेड़ी कैंपस, मोहाली द्वारा आयोजित इस वर्कशॉप का विषय स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता के लिए वैचारिक ढांचा था। कार्यक्रम की शुरूआत सी जी सी झंजेड़ी कैंपस में चंडीगढ़ बिजनेस स्कूल के डायरेक्टर डॉ विशाल सागर द्वारा शुभारंभ के साथ हुई। डायरेक्टर डॉ विशाल सागर ने छात्र व्यवहार के प्रत्येक परिदृश्य पर खुलकर चर्चा की और इससे निपटने के लिए विस्तार से बताया। स्कूल के शिक्षकों और प्रधानाचार्यों ने भी इस विषय पर अपनी राय दी। डॉ. सागर ने कहा कि स्कूल और कॉलेज में पाठ्यक्रम ज्यादातर सामान्य शिक्षा पर केंद्रित होता है, जो छात्रों को जीवन और आगे की चुनौतियों के लिए पर्याप्त रूप से तैयार नहीं करता है। नए दिशानिर्देश बनाते समय शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीय मानकों को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। वहीं झंजेड़ी कैंपस में इन बातों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि छात्रों को अपने पाठ्यक्रम चुनने के लिए स्वतंत्र होना चाहिए। डॉ. सागर ने छात्रों के मूल्यांकन और मूल्यांकन को नवीनतम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप लाने की आवश्यकता पर बल दिया। जबकि अधिक व्यावहारिक और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए समय की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर गौरव शर्मा ने सी जी सी झंजेड़ी कैंपस ने द्वारा २०२४ में १२ करोड़ तक की उच्च शिक्षा की स्कालरशिप की जानकारी देते हुए इसे छात्रों के लिए एक बेहतरीन अवसर बताया । इस के साथ ही गौरव शर्मा ने छात्रों को विश्व स्तर नए कोर्सेज की अहमियत पर जानकारी देते हुए बी एस सी में नए कोर्सो बी एस सी फोरेंसिक साइंस, बी एस सी डेटा एनालिटिक्स, बी एस सी साइबर सुरक्षा की जानकारी साँझा की । इस के साथ ही उन्होंने बी.ए एल.एल.बी, बी.कॉम एल.एल.बी, एल.एल.बी, डी. फामेर्सी, बी.फामेर्सी के बारे में भी जानकारी दी।

# झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों व औरतों को 300 गर्म जैकेट व सूट वितरण किए



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**रविवार** को समाज सेवा संगठन की और से अग्रवाल भवन में झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों औरतों को गर्म कपड़े वितरण कर अभियान की शुरूआत मुख्य अतिथि गोपाल तायल ने की मुख्य अतिथि ने कहा गर्म कपड़े वितरण कर समाज सेवा संगठन बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है हम सबको इनका हौसला बड़ाना चाहिए। संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने कहा समाज सेवा संगठन की ओर से इस वर्ष के गर्म कपड़े वितरण अभियान की शुरूआत अग्रवाल भवन में आस पास के झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों व औरतों को 300 गर्म जैकेट व सूट वितरण किए जैन ने कहा ये 19 दिसम्बर वार्ड 11 बुजुर्ग आश्रम 24 दिसम्बर बलाना रोड़ स्लिम बस्ती 31 दिसम्बर परशुराम धर्मशाला हरी नगर 7 जनवरी जैन स्थानक अग्रवाल मण्डी 14 जनवरी थर्मल के पास झुग्गी झोपड़ी में व आगे जहां भी बन पाएगा ये अभियान समाज सेवियों के सहयोग से समाज सेवा संगठन की और से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गर्म कपड़े वितरण आभियान 17 दिसम्बर रविवार से सुरु होकर से 14 जनवरी रविवार मकर संक्रान्ति तक चलेगा जैन ने कहा सर्दी का मौसम है बहुत बुजुर्ग औरते बच्चे खुल्ले आसमान के नीचे झुग्गी झोपड़ी में रहते हैं, तन पर पूरे कपड़े भी नहीं होते और स्लिम बस्तियों में मजदूर परिवार रहते हैं जो नए गर्म कपड़े खरीदने में सक्षम नहीं होते जबकि हम और हमारे बच्चे घरों में रहते हैं। सभी सुख सुविधा होने के बावजूद भी शर्दी नही जाती हम सबका फर्ज बनता है ऊपर वाले ने हमे दिया है जरूरत मंद की सेवा करनी चाहिए जैसा हम करते हैं वैसा ही हमे लोट कर मिलता है । शास्त्रों में वर्णन भी है किए हुए दान का कई गुना हमे मिलता है और जिसको भी दे नए कपड़े दान करने चाहिए पुराने कपड़े का कभी दान नही करना चाहिए सभी कहते हैं। इस धरा का इस धरा पे सब धरा का धरा रह जायेगा न कुछ साथ आया है न कुछ साथ जायेगा लेकिन मेरा तो मानना ये है जैसे विदेश में जाते हैं तो वहां की करंसी लेनी पड़ती हैं सिर्फ वही चलती है ऐसे ही जो दान धर्म हम यहां करते हैं उसी का किया फल हमारे साथ जायेगा और वही वहा चलता है। और गलत तरीके इक्कठा किया हुआ धन बरतेगा कोई और और किसी न किसी जन्म में उसका फल हमे ही भुगतना पड़ता है ।
जैन ने कहा संगठन की कोशिश रहती हैं ज्यादा से ज्यादा जरूरत मंद की सेवा होनी चाहिए संगठन समय समय पर स्कूल में झुग्गी झोपड़ी में स्लिम बस्तियों में गर्म कपड़े वितरण आभियान चलाता रहता है संगठन की कोशिश रहती हैं जरुरत की जगह ही गर्म कपड़े वितरण किए जाए और से जरूरत की जगह वाटर कूलर लगाना जरूरत मंद लड़कियों की शादी करवाना दिव्यांगो को व्हीलचेयर हाथ रिक्शा बसाखी वितरण करना जरुरत मंद के इलाज करवाना स्कूलों में वर्दी व स्टेश्नरी वितरण करना समय समय भंडारे लगाना व जरुरत मंद का सहयोग करने की कोशिश रहती है, मौके पर प्रवीण जैन, गंगा गुप्ता ,विकास जैन, राजेश गोयल, कैलाश जैन, अमित जैन, राजिंदर जैन, भोला मेहता, दीपक गोस्वामी, मनीष गोस्वामी, आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सेक्टर-12 में एक साथ एक छत के नीचे दस हजार विद्यार्थियों ने मनाया विजय दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )। हरियाणा प्रोग्रेसिव** स्कूल कॉन्फिरेंस एवं श्री राम सोसायटी ऑफ रियल एजुकेशन के नेतृत्व में विजय दिवस के पावन अवसर पर हर घर ज्ञान, हर घर ध्यान, हर घर शक्ति के साथ स्कूल सुरक्षा व छात्र सुरक्षा के तहत यहां स्थित सेक्टर-12 सेंटर प्लॉजा ग्राउंड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के करीबन एक सौ(100) सीबीएससी मान्यता प्राप्त स्कूलों के लगभग 10 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पहुंचने पर अतिथियों का फूल-मालओं के साथ पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस कड़ी में विशेष अतिथि




के रुप में पहुंचे परमवीर चक्र विजेता कैप्टन योगेंद्र यादव ने अपनी जीवनी के बारे में बातते हुए देशभक्ति के लिए प्रेरित किया। जिसके चलते कार्यक्रम में आएं लोग व विद्यार्थी इतने भावुक हो गए कि एक बार तो कार्यक्रम में सन्नाटा छा गया। इसी क्रम में कार्यक्रम में पहुंचे मोटिवेशनल स्पीकर( मार्ग दर्शन) डॉ विवेक बिंद्रा द्वारा दिए गए संबोधन ने विद्यार्थियों को मंत्र-मुग्ध कर दिया। जबकि ओम शांति रिट्रीट सेंटर गुरुग्राम की निदेशक एवं श्री राम सोसायटी ऑफ रियल एजुकेशन की चेयरपर्सन व एमडी डा. अमृता ज्योति सिंधू ने अपना संबोधन दिया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए मुख्यातिथि पदमश्री विक्रमजीत सिंह साहनी की विशेष उपस्थित रहीं। जिन्होंने विद्यार्थियों को बेहतर कार्य करने के साथ-साथ एक लक्ष्य धारण कर आगे बढ? की प्रेरणा दी। जबकि कार्यक्रम में पहुंचे गेस्ट ऑफ ऑनर कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने विद्यार्थियों को संस्कारों के प्रति प्रेरणा देते हुए कहा कि गुरु और अभिभावकों को एक साथ मिलकर विद्यार्थियों को संस्कारों के प्रति जागरूक करना चाहिए ताकि बच्चों में संस्कारों की झलक देखी जा सकें। वहीं फरीदाबाद विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्याथ्र्यिों को गुरु का महत्व बताते हुए आगे बढ? की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में हरियाणा प्रोग्रेसिव स्कूल कॉन्फरेंस के स्टेट प्रेजिडेंट एसएस गुसांई, जिलाध्यक्ष सुरेशचंद्र, कोषाध्यक्ष सुमित वर्मा,मीडिया कोडिनेंटर एवं विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक दीपक यादव,अनिल रावल, हरियाणा प्रोग्रेसिव स्कूल कॉन्फरेंस के संस्था के सदस्य विजय लक्ष्मी, दिपिका शर्मा, विकास गोसाई,अनिता गौतम का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में सुरेशचंद ने कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी अतिथि, अभिभावक,शिक्षक एवं शिक्षा संस्थानों के ऑनर का आभार व्यक्त किया।

# विकास वर्मा ने अच्छे नम्बरों से सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित परीक्षा पास की

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरिओम गुप्ता)। सुप्रीम कोर्ट** ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा एडवोकेट ऑन रिकार्ड का परिणाम घोषित होने पर फरीदाबाद के सैक्टर-15 के रहने वाले अधिवक्ता विकास वर्मा एडवोकेट को आज आरडब्ल्यूए सैक्टर-15 के प्रधान नीरज चावला के अलावा शहर की प्रबुद्ध हस्तियों ने बुक्के देकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी। यह देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा होती है। जिसमें देश के हजारों वकील भाग लेते हुए। यह बड़े गर्व का विषय है कि फरीदाबाद रहने वाले विकास वर्मा एडवोकेट ने अच्छे नम्बरों से यह परीक्षा पास की। विकास वर्मा पूर्व सहायक एडवोकेट जनरल भी रह चुके हैं।



भारतीय विधि संस्थान के सदस्य हैं तथा दिल्ली के जीके.वन में केएमएस लॉ फर्म संचालित करते हैं। इस मौके पर बधाई देने वालों में प्रधान नीरज चावला, वरिष्ठ अधिवक्ता आर.पी वर्मा, बिजली विभाग के पूर्व चेयरमैन एस.के. सचदेवा, उद्योगपति आर.डी. वर्मा, पूर्व अधिकारी एस.के. वर्मा, पंकज रामपाल, सतबीर वर्मा नम्बरदार, सुरेश वर्मा, सतेन्द्र भड़ाना, मास्टर रतिचंद नागर, जगत सिंह नागर एडवोकेट, अशोक खुराना, संजय चौधरी, जिला बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार एडवोकेट, राजू वर्मा, योगेन्द्र नागर, जयकिशन वर्मा, गौरव बिंदल, राहुल कुमार, परनामी ग्रुप के चेयरमैन सतीश परमानी, अजय मित्तल, सचिन वर्मा, प्रियंका सिंह शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सीआईआई एक्सकॉन ने 'वुमेन बिल्डिंग इंडिया - इक्वल अपॉर्चुनिटी अवाड्र्स' का जश्न मनाया

**नई दिल्ली। सीआईआई** एक्सकॉन इवेंट में 'वुमेन बिल्डिंग इंडिया - इक्वल अपॉर्चुनिटी अवाड्र्स' के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि देखी गई, जो कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री में लैंगिक समावेशन को पहचानने और बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक मंच है। पुरस्कार समारोह में इस क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने की अनिवार्यता को संबोधित करने के लिए उद्योग जगत के लीडर्स, विशेषज्ञों और प्रतिष्ठित अतिथियों को एक साथ लाया गया।

मुख्य अतिथि, श्री आर दिनेश, प्रेसिडेंट, सीआईआई और चेयरमैन, टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस लिमिटेड ने कहा, " लैंगिक समानता को नेतृत्व स्तर पर आगे बढ़ाने की जरूरत है। कंपनियों को न केवल नियुक्ति और भर्ती में समावेशी बनने की जरूरत है, बल्कि लिंग के अनुकूल खरीद में कदम उठाकर और समावेशी आपूर्ति और मूल्य श्रृंखला बनाकर पारिस्थितिकी तंत्र को भी प्रभावित करना होगा।" आइए संख्याओं से परे सफलता को फिर से परिभाषित करें और सुनिश्चित करें कि हमारी सामूहिक वृद्धि केवल संख्यात्मक नहीं बल्कि व्यक्तिगत हो, जिसमें लैंगिक विविधता पर गहरा ध्यान दिया जाए, बाधाओं को तोड़ा जाए और एक ऐसी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिया जाए जहां महिलाएं नेता के रूप में विकसित हों । श्री कमल बाली, चेयरमैन, सीआईआई दक्षिणी क्षेत्र ने कहा, "अवाड्र्स, महिलाओं द्वारा रियल एस्टेट और कंस्ट्रक्शन क्षेत्र में की गई प्रगति का जश्न मनाते हैं, कौशल अंतर को दूर करने और उद्योग की प्रगति में योगदान करने की उनकी क्षमता को पहचानता हैं। सीआईआई समावेशन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो अधिक विविध और न्यायसंगत वर्कफोर्स बनाने के लिए उद्योग के सामूहिक समर्पण को दशार्ता है।" जैसा कि ह्यइंडियन वुमेन नेटवर्क' और नए लॉन्च किए गए 'सीआईआई सेंटर फॉर वुमेन लीडरशिप' जैसी पहलों द्वारा प्रदर्शित किया गया है।"

### एनएसई ने सोशल स्टॉक एक्सचेंज सेगमेंट पर भारत की पहली लिस्टिंग का जश्न मनाया

**नोएडा। भारत के सोशल** स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई एसएसई) सेगमेंट के नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने 13 दिसंबर 2023 को एसजीबीएस उन्नति फाउंडेशन द्वारा देश की पहली लिस्टिंग का जश्न मनाते हुए एक ऐतिहासिक अध्याय रचा। मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) स्थित एनएसई के मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में गणमान्य व्यक्तियों, एनपीओ, नियामकों और मीडिया घरानों ने हिस्सा लिया।फर्स्ट लिस्टिंग में लगभग 1.8 करोड़ रुपए की फंडिंग देखी गई, जो एसजीबीएस उन्नति फाउंडेशन को उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु जैसे विभिन्न राज्यों में स्थित सरकारी कॉलेजों से अपने अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहे 10,000 युवा स्नातकों को प्रशिक्षण देने में सक्षम करेगा।

### पेरनोड रिकार्ड इंडिया ने लॉन्गिट्यूड 77 लॉन्च किया

**नोएडा । पेरनोड** रिकार्ड इंडिया ने लॉन्गिट्यूड 77 के लॉन्च के साथ इंडियन सिंगल माल्ट कैटेगरी में धमाकेदार तरीके से प्रवेश किया है। भारत में कंपनी के 30 साल पूरे होने के मौके पर, यह घोषणा प्रीमियम भारतीय शराब की बढ़ती लोकप्रियता का प्रमाण है। लॉन्गिट्यूड 77 देश की आकर्षक भावना, ऐतिहासिक हुनर, विविध संस्कृति, मनमोहक परिदृश्य और उत?कृष?ट जगहों को श्रद्धांजलि देता है। सिंगल माल्ट का नाम लॉन्गिट्यूड लाइन से प्रेरित है जो 77त पूर्व में भारत से होकर गुजरती है और यह विश्व मानचित्र पर भारत की स्थिति का भी प्रतीक है।

ब्रांड का ताना-बाना पूरी तरह से भारत की शानदार विरासत और भारत में बने उत्पादों में इनोवशन एवं निवेश के प्रति पेरनोड रिकार्ड इंडिया के डेडीकेशन पर आधारित है। यह उपभोक्ताओं को उनकी विरासत के संग गहरा और व्यक्तिगत रिश?ता खोजने और बनाने के लिए प्रेरित करके भारतीय लग?जरी की विरासत को फिर से परिभाषित करता है। सिंगल माल्ट प्रीमियम और देश में बनाई गई भारतीय शराब की बढ़ती मांग को भी पूरा करता है। परनोड रिकार्ड इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर कार्तिक मोहिंद्रा ने कहा, भारत में शानदार 30 सालों के जश?न के अवसर पर लॉन्गिट्यूड 77 के लॉन्च के साथ गुणवत्तापूर्ण ब्रांड और बेहतरीन अनुभव देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और बढ़ गई है। भारत के मध?य से गुजरने वाली रेखा से प्रेरित, लॉन्गिट्यूड 77 प्रामाणिक समकालीन भारतीय लग?जरी का प्रतीक है। हमारे मास्टर डिस्टिलर ने भारत की समृद्ध संस्कृति, विरासत, जगहों और हुनर का जश्न मनाने और प्रदर्शित करने के लिए बेहद सावधानी से एक उत्कृष्ट लिक?वड तैयार किया है। हमें यकीन है कि हमारे पोर्टफोलियो का यह नगीना दुनिया भर में व्हिस्की के शौकीनों को अपना दीवाना बना देगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से जरूरतमंदों को मिल रहा योजनाओं का लाभ: सीमा त्रिखा

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )। विकसित भारत** संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों में लोगों उनके घर द्वार पर सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली पर मिल रही है। वहीं लोगों की परिवार पहचान पत्र में त्रुटि दूर करने सहित अन्य ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर अपलोड सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं के लाभार्थियों के आवेदन अपलोड किए जा रहे हैं। प्रदेश में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज रविवार को फरीदाबाद के शहरी क्षेत्र में मैन मार्केट सैनिक कॉलोनी, वार्ड 16 में पहुँचने पर



वहां के निवासियों ने यात्रा वाहन का भव्य स्वागत किया। विधायक सीमा त्रिखा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विधायक सीमा त्रिखा ने विकसित भारत के संकल्प के साथ मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने-कोने में पहुंच रही है। अभी तक यह यात्रा हजारों गांवों के साथ-साथ हजारों शहरों में भी पहुंच चुकी है। "अमृत मिशन हो या स्मार्ट सिटी मिशन, इनके तहत छोटे शहरों में मूल सुविधाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। गरीब हो या मिडिल क्लास हो या संपन्न परिवार हो, हर किसी को सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। इसका उद्देश्य देश के कोने-कोने में लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताना और उसका लाभ उठाने के लिए उन्हें प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों में आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है। वहीं एलईडी युक्त वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं को दिखाया गया तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर आमजन को जागरूक करते हुए लाभान्वित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती त्रिखा ने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी, एनीमिया आदि की जांच, निरोगी हरियाणा के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर, आयुष विभाग की ओर से आरोग्य शिविर, योगाभ्यास, क्रिड द्वारा परिवार पहचान पत्र से संबंधित सेवाओं के लिए हेल्प डेस्क, प्रश्नोतरी प्रतियोगिता हुई, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा व किसानों के लिए कृषि और बागवानी विभागों की हेल्प डेस्क बनाई गई, स्वामित्व कार्ड पंजीकरण और वितरण डेस्क लगाया गया, यात्रा के दौरान कॉमन सर्विस सेंटर का संचालन, मेरा भारत स्वयं सेवकों के पंजीकरण के लिए स्टॉल, बैंकिंग सेवाओं के लिए स्टाल, ऋण आवेदनों के लिए हेल्प डेस्क लगाए गए। इस दौरान सत्येंद्र पांडे, प्रवीण चौधरी, पंकज सिवाल, राकेश धुन्ना, पूनम आहूजा, जय किशन, प्रवीण खत्री, सुपर्णा घोष, सुरेश सभरवाल उच्च, अजय भड़ाना, आलोक बेदी, अभिनव जैन, आलोक त्रिखा सहित शासन व प्रशासन के तमाम विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्टार्टअप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बनाया भारत को बड़ी ताकत: विपुल गोयल

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरिओम गुप्ता )। पूर्व मंत्री विपुल** गोयल ने भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस मौके पर विपुल गोयल ने कहा मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों ने भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया और जल्द ही 5 ट्रिलियन इकोनामी भी बन जाएगा. विपुल गोयल ने कहा कि आज दुनिया भर में स्टार्टअप कंपनी के मामले में हम चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं और देश के टायर 2 शहरों में



सबसे ज्यादा स्टार्टअप लग रहे हैं जो दिखाता है कि देश का युवा अब स्वरोजगार की तरफ जा रहा है. ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के जरिए हरियाणा और देश भर में जिस तरह का काम मोदी सरकार और बीजेपी की राज्य सरकारों ने किया है उसकी वजह से देश के लघु उद्योगों को एक नई संजीवनी मिली है। विपुल गोयल ने कहा कि आजादी के अमृत काल में मोदी जी ने जो विकसित भारत का नारा दिया है अगर 2047 तक हमें विकसित भारत बनाना है।

### 630 ग्राम गांजा सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )। डीसीपी क्राइम** हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा आपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 अशोक कुमार की टीम ने गांजा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी लियाकत गांव पिलखवा अलीगढ़ उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से सेक्टर 17 बाई-पास रोड से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 630 ग्राम गांजा बरामद किया गया।

# युवा उद्यमी पुरस्कार के लिए करें आवेदन 31 दिसंबर तक: डीसी विक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरिओम गुप्ता)। डीसी विक्रम** सिंह ने कहा कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की ओर से जिला स्तर पर युवा उद्यमियों से सर्वश्रेष्ठ उद्यमी पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस बारे में जो युवक आईटीआई पास करने के बाद अपने खुद का व्यवसाय चला रहे हैं, वे आईटीआई हरियाणा.जीओवी.इन वेबसाइट पर 31 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आईटीआई के प्राचार्य ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस पुरस्कार के लिए जिला शिक्षुता एवं आत्मनिर्भर समिति के चेयरमैन व डीसी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें फरीदाबाद आईटीआई के प्रिंसिपल, जिला रोजगार अधिकारी, सहायक श्रम आयुक्त , उप श्रम आयुक्त, एलडीएम व जिला उद्योग केंद्र के संयुक्त निदेशक को सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है। यह कमेटी प्राप्त हुए आवेदनों पर विचार-विमर्श कर तीन प्रथम विजेताओं का दस जनवरी तक चयन करेगी। इन चुने गए विजेता उद्यमियों को 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

जिला और प्रदेश स्तर पर यह राशि ईनाम स्वरूप में मिलेगीः- प्राचार्य ने आगे बताया कि जिला स्तर पर प्रथम विजेता को



दस हजार रुपए, द्वितीय को 7500 रुपए व तृतीय पुरस्कार पांच हजार रुपए का दिया जाएगा। वहीं जो विजेता प्रदेश स्तर पर चुने जाएंगे, उनको पहला ईनाम 50 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 40 हजार रुपए व तृतीय पुरस्कार 30 हजार रुपए का दिया जाएगा।

इसके लिए आवश्यक है कि युवक आईटीआई से पास आउट होने के बाद विगत चार साल से उसी ट्रेड में अपना व्यवसाय चला रहा हो, जो कि हरियाणा में स्थापित होना चाहिए। इसके अलावा उसकी मासिक आमदनी कम से कम 24 हजार रुपए हो। वह साझेदारी में काम कर रहा है तो प्रमुख पार्टनर होना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस बारे में अधिक जानकारी के लिए युवा उद्यमी अपने समीप के आईटीआई संस्थान से संपर्क कर सकते हैं।

# भाजपा झूठ व जुमलों की सरकार: किरण चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया/ समालखा पूर्व मंत्री** एवं कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री किरण चौधरी ने कहा कि हरियाणा मे निश्चित तौर पर कांग्रेस सरकार बनायेगी। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि पिछले दस वर्ष से प्रदेश मे झूठ व जुमलों की सरकार चल रही है। किरण चौधरी रविवार को दिल्ली से चंडीगढ जाते समय कुछ देर के लिए समालखा ब्ल्यू जे रेस्टोरेंट में रूकी।इस मौके पर कांग्रेस के युवा नेता साहिल खुराना,वरिष्ठ नेता श्रीप्रकाश बंसल व बाबूराम कौशिक,राम सिंह सरोहा,पूर्व सरपंच भूवनेश व पूर्व ब्लॉक समीति चेयरमैन राजेश कुमार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस नेत्री का



बुके देकर स्वागत किया। भाजपा पर जात पात व धर्म की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेत्री किरण चौधरी ने कहा कि अयोध्या मे पहली बार स्वर्गीय राजीव गांधी ने श्रीराम मंदिर के पट खुलवाये थे। भाजपा के राज मे श्रीराम मंदिर का निर्माण हुआ ये अच्छी बात है,भगवान राम सबके है इस पर राजनीति करना अच्छी बात नही है। कांग्रेस की गुटबाजी को नकारते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस मे हम 4-5 नेता है जो अपने अपने क्षेत्र मे वर्चस्व रखते है,लेकिन सभी कांग्रेस की मजबूती के लिए काम कर रहे है। किरण चौधरी ने कहा कि भाजपा की सरकार ने प्रदेश मे कोई काम नही किया सिर्फ झूठ और जुमलों पर सरकार चला रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रति वर्ष 2 करोड युवाओ को रोजगार देने का वायदा किया था इस हिसाब से 20 करोड बेरोजगारों को रोजगार मिलना चाहिए था लेकिन स्थिति उल्टा है,प्रदेश मे बेरोजगारी का आलम ये है कि रोजगार की तलाश मे नौजवान विदेश जा रहे है। बेरोजगारी व भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है,कानून व्यवस्था ठप्प हो चुकी है। महंगाई से लोगों का बुरा हाल है।

चार सौ रुपए मे मिलने वाला गैस सिलेंडर दस साल से 11सौ मे बेचा जा रहा है। महिलाओ की स्थिति दयनीय है।

# 'युवा वर्ग को रक्तदान में बढ़-चढ़कर भागीदार बनने के लिए प्रेरित करें समाज'

## गुरुद्वारा माता कर्मो बाई पार्क में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन, एकत्रित हुआ 60 यूनिट रक्त

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )। रविवार** को गुरुद्वारा माता कर्मो बाई पार्क, 2 जे एनआईटी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। डिवाइन ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित इस रक्तदान शिविर का आयोजन गुरु तेग बहादुर सेवक जत्था फरीदाबाद द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें शहर के कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। रक्तदाताओं के सहयोग से करीब 60 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। वही रक्तदान शिविर को सफल बनाने में रक्तदातों का हौंसला बढ़ाने के लिए बड़खल



विधानसभा के बीजेपी के वरिष्ठ नेता और जिला भाजपा के कोषाध्यक्ष भाई राजन मुथरेजा मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाते हुए उन्हें सर्टिफिकेट प्रदान किया और उनसे हाल-चाल जाना , उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए आयोजकों का तहे दिल से धन्यवाद किया और अपने संबोधन में कहा कि कहा कि रक्तदान महादान होता है। सभी लोगों को रक्तदान करना चाहिए। यह ऐसा दान है कि जिसमें दान करने वाले को भी नहीं मालुम होता है कि उसके अमूल्य रक्त से किसी को जीवनदान मिल रहा है। ऐसे में सही मायने यह दान महादान कहलाता है। रक्तदान करने से व्यक्ति स्वस्थ रहता है।

जल्द ही उसके शरीर में नया बल्ड बनना शुरू हो जाता है। इसलिए सभी लोगों को रक्तदान करना चाहिए। 'रक्तदान महादान' रक्त की कमी से किसी की जान नहीं जाए, इसी को ध्यान में रखते हुए इस तरह के कैम्प लगाना बहुत ही जरुरी है राजन मुथरेजा ने कहा कि युवा वर्ग को यह समझना होगा कि किसी भी खुशी मौके पर फिजूल खर्ची करने की बजाए रक्तदान जैसे समाजहित के कार्य करने चाहिए, जिससे अन्य लोगों का भला हो सके तथा यह सबका कर्तव्य है कि युवा वर्ग को समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदार बनने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है बल्कि साथ ही परिवार को भी बचाता है। इस मौके पर हजभजन सिंह , सतपाल सिंह ,गौरव तनेजा, संजय शर्मा, ओमप्रकाश , वरिंदर सिंह, हरपाल सिंह, मजीत सिंह , अविनाश भाटिया सहित कई लोगों रक्तदान किया।

# आरोपी ने लडकी बनकर इंस्टाग्राम पर युवक से की दोस्ती

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )। पुलिस आयुक्त** राकेश कुमार आर्य के द्वारा साइबर व धोखाधड़ी कर ठगी करने वाले आरोपियो के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई कर गिरफ्तारी के दिए गए आदेश के तहत कार्रवाई करते हुए एसीपी साइबर अभिमन्यु गोयत के मार्गदर्शन में साइबर थाना एनआईटी प्रभारी नवीन कुमार के नेतृत्व में पीएसआई अर्जुन सिंह, एएसआई भूपेन्द्र, मुख्य सिपाही नरवीर सिंह, सिपाही संजय गौतम,युद्धबीर सिंह, महिला सिपाही प्रिती द्वारा सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर लडकी की आईडी बनाकर साइबर ठगी करने वाले आरोपी को सुरजपुर, गौतमबुध्द नगर उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आ?पी दिलशाद हुसैन उर्फ दिल्लू उर्फ कादर बिहार गोपाल गंज जिले के गांव कपुरचिक का रहने वाला है तथा वर्तमान में गांव सुरजपुर गौतमबुद्धनगर में रह रहा है। आरोपी इस तरह के मामले में नेट या व्हाट्सएप कॉलिंग कर ब्लैकमेल करते है। ऐशे आरोपी पुलिस अधिकारी/कस्टम अधिकारी व अन्य जांच एजेंसी के अधिकारी बनकर तथा बैकग्राउंड में पुलिस स्टेशन या अन्य किसी ऑफिस का क्रिएट कर ठगी की वारदात को अंजाम देते है।

**वारदात को कैसे दिया अंजाम-**

22 सितंबर को इंस्टाग्राम पर शिकायतकर्ता कमल के पास अंजली नाम की लड़की की फ्रेंड रिक्वट आई। जिसपर कमल की लड़की बनी आरोपी से चैट होने लगी। करीब 5-7 दिन चैट होने पर आरोपी ने शिकार युवक से मिलने की बात कही और बताया कि वह हॉस्टल में रहती है। आरोपी ने फोन नम्बर मांगा और 21 सितम्बर को मिलने के लिए युवक कमल को बदरपुर बॉर्डर पर बुलाया। लड़की बना आरोपी, कमल से काफी इंतजार करने के बाद भी नही मिली तब कमल ने फोन कर बात की तो लडकी ने कहा की वह वापिस चली गई है आज नही मिल सकती।

# नरेला में 'राजऋषि युगलो का सम्मान' कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन








**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी** ईश्वरीय विश्वविद्यालय पाना उद्यान नरेला शाखा द्वारा राजऋषि युगलो का सम्मान समारोह कार्यक्रम का बड़े ही धूमधाम से आयोजन किया गया। इस दौरान 30 युगल दंपतियों का पटका, मुकुट पहनाकर, माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजयोगिनी शक्ति दीदी, नरेला से पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, नरेला विकास संगठन के प्रधान व प्रसिद्ध समाजसेवी हेमराज बंसल, आर्य समाज नरेला के प्रधान संजय खत्री, नरेला विकास संगठन के महासचिव एनडी अरोड़ा, फेडरेशन आफ नरेला के अध्यक्ष जोगिंदर दहिया मौजूद रहे।

बाहरी दिल्ली के नरेला में सफियाबाद रोड़ स्थित दयानंद कुटीर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नरेला शाखा द्वारा 'राजऋषि युगलो का सम्मान' नामक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अति. विशिष्ट अतिथियों



का बीके भाई बहनों द्वारा तिलक लगाकर, पटका पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात बच्चों ने शुभ दिन आयो रे, यह घर है अपना यहां आना बार-बार आदि स्वागत गान से सभी का स्वागत किया। इस दौरान मुख्य अतिथि राजयोगिनी शक्ति बहन ने पवित्र ग्रहस्थआश्रम बनाने के लिए युगल दंपतियों को प्रेरित किया, और कहा कि फिर से सतयुगी दुनिया इस सृष्टि पर पुनर्स्थापित होगी। उन्होंने आगे कहा कि सभी को कमल पुष्प सामान जीवन बनाना है। कार्यक्रम के अंत में अलौकिक ब्रह्मा बाबा का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में कोस्टेजा बहन (कंबोडिया) बीके गीता बहन, बीके शीशपाल भाई, बीके जय भगवान भाई, बीके निरंजन भाई, बीके मोनिका बहन, बीके प्रिय बहन, बीके वनिता बहन, बीके सविता बहन सहित सैकड़ो की संख्या मे गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# दिल्ली भाजपा की संगठात्मक बैठक हुई सम्पन्न



**टीम एक्शन इंडिया/तीरथ राज**
**दिल्ली भाजपा** की बड़ी संगठात्मक बैठक राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी. एल. संतोष के मार्गदर्शन एवं प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय के विस्तार भवन में सम्पन्न हुई। पार्टी के आमंत्रित वरिष्ठ नेताओं के साथ मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक एवं पार्षद सम्मलित हुए। बैठक को राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी. एल. संतोष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दिल्ली प्रभारी बैजयंत जय पांडा, प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा ने राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अलका गुर्जर एवं सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, विधानसभा मे नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी के उपस्थिती में सम्बोधित किया। बैठक का संचालन महामंत्री हर्ष मल्होत्रा ने किया, महामंत्री कमलजीत सहरावत एवं अन्य पदाधिकारियों ने गणमान्य मंच आसीन नेताओं का अभिनंदन किया और महामंत्री योगेन्द्र चांदोलिया ने अंत में गणमान्य वक्ताओं सहित सभी का धन्यवाद किया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता, विजय गोयल एवं आदेश गुप्ता के साथ सांसद मनोज तिवारी, रमेश बिधूड़ी, हंसराज हंस एवं गौतम गंभीर और राष्ट्रीय सह प्रभारी असम पवन शर्मा एवं जम्मू-कश्मीर आशीष सूद भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक मे पार्टी की ई विस्तारक योजना, समर्पण निधि योजना, सुशासन दिवस एवं वीर बाल दिवस आयोजन के साथ ही अगले माह 1 जनवरी से 15 जनवरी तक श्री राम मंदिर अयोध्या को लेकर जन जागरण अभियान चलाने और 22 जनवरी, 2024 को उत्सव के रूप मे मनाने पर चर्चा हुई। बी. एल. संतोष ने कहा कि 2019 की तुलना में 2024 का लोकसभा चुनाव आसान है लेकिन इसमें लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं है।

# दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा विशाल नगर कीर्तन का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सिक्खों के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के अवसर पर भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर पूर्ण श्रद्धा भावना के साथ नगर कीर्तन के दर्शन किए। यह नगर कीर्तन सुबह गुरुद्वारा सीसगंज साहिब में अरदास के पश्चात पांच प्यारों की अगुवाई में प्रारंभ हुआ जिसमें श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को सम्मानपूर्वक सुंदर पालकी में सुशोभित किया गया था। यह नगर कीर्तन चांदनी चौक से नई सड़क, चावड़ी बाजार, अजमेरी गेट, पुल पहाड़ गंज, देस बंधु गुप्ता रोड, चूना मंडी, मुख्य बाजार पहाड़गंज, बसंत रोड, पंचकुइयां रोड, गुरुद्वारा बंगला साहिब मार्ग, बंगला स्वीट्स, कलेवा स्वीट्स, गुरुद्वारा बंगला साहिब, गोल डाकखाना, पंडित पंत मार्ग होते हुए देर शाम गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब संपन्न हुआ। रास्ते में नगर कीर्तन का श्रद्धालुओं ने जोरदार स्वागत किया। नगर कीर्तन में शामिल संगतों के लिए विभिन्न प्रकार के लंगर की व्यवस्था की गई थी।

# होलंबी मेट्रो विहार: अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने मनाया विजय दिवस






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वर्ष 1971 के** भारत-पाक युद्ध में भारतीय सेना के ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद दिल्ली इकाई की ओर से विजय दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

विजय दिवस समारोह खेड़ा खुर्द स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल व होलंबी मेट्रो विहार स्थित गवर्नमेंट को ऐड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया गया। इस दौरान शहीदों की स्मृतियो को ताजा कर बलिदानों को नमन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सार्जेंट रराजेंद्र, स्थानीय निगम पार्षद नेहा मिश्रा, फ्लाइट लेफ्टिनेंट अजीत सिंह राणा मौजूद रहे। कार्यक्रम में सार्जेंट राजेंद्र ने स्कूली बच्चों को हमेशा देश सेवा में तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत के ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष में 16 दिसंबर विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस युद्ध में 93000 पाकिस्तानी सेना ने आत्मसमर्पण किया था। और भारत ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी। वह युद्ध भारत के लिए ऐतिहासिक और हर देशवासी के लिए गौरवान्वित करने वाला दिन है। कार्यक्रम जेडब्लूओ राजवीर राणा, सूबेदार मेजर गूगन लाल डांगी, नायक बेगराज, नायक सुशील कुमार, विवेकानंद स्कूल की प्रधानाचार्य भावना कौशिक, नरेश कुमार, मुकेश सहित सैकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शालीमार बाग: श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के शालीमार** गांव इलाके में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा से पहले भव्य रूप में कलश यात्रा निकाली गई। उक्त जानकारी शालीमार गांव के समाजसेवी राजकुमार चौधरी ने दी। उन्होंने आगे बताया कि यह कथा 14 दिसंबर से लेकर 21 दिसंबर तक चलेगी। हरि महिला ग्रुप की ओर से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। इस कथा में मुख्य यजमान प्रतिभा तिवारी है। इस अवसर पर पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर, भाजपा नेता वीरेन्द्र सिंह पिंटू, पूर्व निगम प्रत्याशी सुरभि जाजू, सतीश काली रमन, राजकुमार चौधरी, रानी कुमारी, शिवम कुमार, शिवराज कुमार, शिवानी कुमारी, भैरव, अमित जाजू, पूर्वांचल मोर्चा जिला में महामंत्री रोशन सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने कहा कि प्रभु सभी की सुनते है, बस सच्चे मन से प्रभु की आराधना करने की आवश्यकता है।

# ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालु सदस्यता एवं सम्मान समारोह का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बुराड़ी में उत्तराखंड के केदारनाथ धाम की तर्ज पर भव्य मंदिर का निर्माण होने जा रहा है। इस मंदिर के निर्माण को लेकर श्री केदारनाथ धाम दिल्ली ट्रस्ट बनाया गया है। इस ट्रस्ट में 25 संस्थापक सदस्य बनाए गए हैं। जो इस मंदिर निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। इस ट्रस्ट के संरक्षक सदस्य सुरेंद्र सिंह रौतेला ने मंदिर के लिए 510 गज जमीन दी है। सुरेंद्र सिंह रौतेला ने इस मंदिर निर्माण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस मंदिर निर्माण में उत्तराखंड के लोगों के साथ-साथ दिल्ली और अन्य राज्यों के श्रद्धालुओं का भी सहयोग मिल रहा है। उत्तराखंड स्थित केदारनाथ मंदिर में सिर्फ 6 महीने ही श्रद्धालु दर्शन कर पाते हैं, लेकिन यहां वो सालों भर बाबा का दर्शन कर पाएंगे। इस मंदिर निर्माण के लिए केदारनाथ से शिला लाए जाएंगे। ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रद्धालु सदस्यता एवं सम्मान समारोह में स्थानीय लोगों के साथ-साथ बुराड़ी के विधायक संजीव झा, महेश जीना विधायक, सल्ट विधानसभा उतराखंड, गोपाल मनी जी गौ सेवक, परमार्थ महामंडलेश्वर स्वामी कंचन गिरि जी महाराज, हनुमान मंदिर ट्रस्ट दिल्ली राजघाट, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। ट्रस्टियों में मुकेश चंद्र जैन, दिनेश सिंगला, दिनेश मित्तल, अजय बंसल, दिवाकर पांडेय, गुलशन कुमारी, स्वाती रोतेला, हरीश तिवारी, अमित चनना, अनुपम गुप्ता, संजय गोयल, अमित अग्रवाल, शुभम रोतेला, महेश यादव, राजेश गुप्ता, आनंद गोयल, दिव्या रोतेला, जितेंद्र फुलेरा, शशिमोहन, दीपक गुप्ता, योगेंद्र शर्मा, मनीष गुप्ता, दिलीप कुमार सिंह व विश्वजीत उपस्थित रहे।

# विधायक राजेश गुप्ता ने किया जनता प्याऊ का उद्घाटन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के वजीरपुर जेजे कॉलोनी के ब्लॉक स्थित मौहल्ला क्लिनिक के पास बुद्धा फाउंडेशन के द्वारा जनता प्याऊ लगाया गया। इस जनता प्याऊ का उद्घाटन वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश गुप्ता ने किया। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद रिंकू माथुर के अलावा बुद्धा फाउंडेशन के अध्यक्ष कैलाश बाबू, महासचिव एसके कुशवाहा, सचिव आनन्दपुर, बुराड़ी अध्यक्ष देवनारायण प्रसाद, सचिव रामकेश शर्मा, तरूण आर्य, पिन्टू कुमार एवं प्रदीप के अलावा अमर चन्द कोहली, बृजपाल, डा. असद, जावेद अंसारी, बलराम, चांद भाई सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक राजेश गुप्ता ने कहा कि सरकार सभी जगह साफ पानी पहुंचने का कार्य कर रही है। जहां पानी नहीं पहुंच पा रहा है, वहां पर बुद्धा फाउंडेशन जैसी संस्था सरकार के साथ मिलकर लोगों को साफ पानी दे रही है। उन्होंने संस्था के कार्यो की सराहना की और कहा कि सिद्धांत गौतम अच्छा कार्य करके ही बुद्ध बने।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष कैलाश बाबू ने कहा कि साफ जल पर सबका अधिकार है और हमारी संस्था मानव सेवा के ऐसे कार्य करने के लिए सदैव तैयार रहती है। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखे।

# अब श्रद्धालुओं को आए करोड़ों रुपये के चालान रद्द करवाएंगे: जीके



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गुरु तेग बहादर** साहिब जी के शहीदी दिवस के अवसर पर गुरुद्वारा सीसगंज साहिब के पास लगें चालानी कैमरे हटाने का जागो पार्टी का कार्यक्रम फिलहाल प्रशासन द्वारा कैमरों की दिशा बदलने के बाद गुरबाणी शब्द पढ़ने और कृतज्ञता की अरदास करने तक सीमित हो गया। यहां बता दें कि दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने "कार मुक्त जोन" के नाम पर गुरुद्वारा सीसगंज जाने वाले श्रद्धालुओं की गाड़ियों को 'नो एंट्री' के नाम पर 20000/ रुपए प्रति चालान भेजने का बीते लंबे समय से संगतों की तरफ से विरोध किया जा रहा था।